आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
बाजीराव पेशवा पुण्यतिथि

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 102 | उज्जैन, मंगलवार 28 अप्रैल, 2026 | वैशाख शुक्ल 12 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

मध्य प्रदेश विधानसभा का विशेष सत्र चल रहा, सदन में 'नारी शक्ति वंदन' विषय पर चर्चा के बीच हंगामा हुआ

## ट्रैक्टर लेकर विधानसभा पहुंचे एमएलए, पुलिस से झूमाझटकी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल




मध्य प्रदेश विधानसभा का विशेष सत्र सोमवार को चल रहा है। सदन में 'नारी शक्ति वंदन' विषय पर चर्चा के बीच हंगामा हुआ तो कांग्रेस विधायकों ने वॉकआउट कर दिया।

इधर, कांग्रेस विधायक अभिजीत शाह ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर विधानसभा जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने मंत्रालय के आगे बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक लिया। शाह का कहना है कि उन्होंने ट्रैक्टर का पास बनवाया था, जबकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ट्रैक्टर ले जाने की अनुमति नहीं है।

इसी बात को लेकर पुलिस और विधायक के बीच जमकर बहस हुई और धक्का-मुक्की भी हुई। बाद में विधायक सदन में गेंहू का गठ्ठा लेकर चले गए।

सदन पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक राजेंद्र सिंह ने कहा कि यह लोग महिला आरक्षण बिल इसलिए लाए क्योंकि बंगाल में चुनाव थे, लेकिन वे ममता बनर्जी से जीत नहीं पा रहे हैं।

### संसद में बिल गिरने से देश की महिलाओं को बड़ा झटका लगा

मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि संसद में बिल गिरने से देश की महिलाओं को बड़ा झटका लगा है। महिलाओं को उम्मीद थी कि उनकी राजनीतिक आकांक्षाओं को पंख मिलेंगे, लेकिन कांग्रेस और विपक्ष ने उनकी उम्मीदों को तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि विधि शास्त्र का नियम है—जहां अधिकार है, वहीं उपचार है। इसी अधिकार को देने का प्रयास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया, लेकिन कांग्रेस ने करोड़ों महिलाओं का अपमान किया।

प्रदेश के कर्मचारियों के हक में हाई कोर्ट के

## फैसले को सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल



मध्यप्रदेश सरकार ने हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है जिसमें 3 साल के प्रोबेशन पीरियड और इस दौरान मिलने वाले 70-80 और 90 प्रतिशत वेतन के नियम को असंवैधानिक करार दिया गया था। ऐसे में प्रदेश के 40 हजार सरकारी कर्मचारियों के वेतन और एरियर से जुड़ा मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। मप्र में 3 साल के प्रोबेशन पीरियड (परिवीक्षा अवधि) को घटाकर 2 साल करने और 70-80-90 प्रतिशत वेतन नियम को समाप्त करने के लिए सरकार तैयार नहीं है। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि ऐसा करने से सरकार के ऊपर बड़ा वित्तीय भार आ जाएगा।

6 जनवरी को जबलपुर हाई कोर्ट ने एक बड़ा सुनाते हुए 2019 के उस सरकारी आदेश को रद्द कर दिया था जिसमें नए कर्मचारियों के वेतन में कटौती का प्रावधान था। कोर्ट ने समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत को आधार मानते हुए आदेश दिया था कि कर्मचारियों को नियुक्ति के पहले दिन से ही 100 प्रतिशत वेतन और पिछला बकाया (एरियर) दिया जाए। इसके विरोध में प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। राज्य सरकार के द्वारा दायर एसएलपी वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट की 'डिफेक्ट लिस्ट' में हैं। डायरी नंबर 20778/2026 (सीएनआरः एससी आईएइन 010207782026) के तहत दर्ज इस मामले में रजिस्ट्रार ने कुछ तकनीकी कमियां पाई हैं। सरकार के पास इन कमियों को दूर करने के लिए 90 दिनों का समय है। जब तक ये त्रुटियां सुधारी नहीं जातीं, तब तक मामले की औपचारिक सुनवाई शुरू नहीं हो सकेगी।

### बढ़ेगा वित्तीय भार

राज्य सरकार का सुप्रीम कोर्ट जाने का मुख्य कारण वित्तीय भार बताया है। यदि हाई कोर्ट का आदेश लागू होता है, तो सरकार को एरियर के रूप में 400 करोड़ का भुगतान करना होगा। सरकार का तर्क है कि प्रोबेशन व वेतन की शर्तें तय करना उसका नीतिगत अधिकार है। ज्ञातव्य है कि सरकार की इस अपील के खिलाफ कर्मचारियों ने तैयारी पुख्ता कर ली है। हाई कोर्ट में जीत दर्ज करने के बाद वसीम अकरम, अमनदीप सिंह बग्गा, प्रियंका श्रीवास्तव सिद्धिकी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल की गई है।

### कमियां सुधारने के लिए 90 दिन का समय

सुप्रीम कोर्ट के नियमों (एससीआर 2013) के अनुसार याचिकाकर्ता ( राज्य सरकार) को इन कमियों को सुधारने के लिए 90 दिन का समय दिया जाता है। यदि सरकारी वकील इस अवधि में कमियां दूर नहीं करते हैं तो मामले को जज इन चेंबर के सामने लिस्ट किया जाता है, जहां देरी के लिए जुमार्ना लग सकता है याचिका खारिज भी हो सकती है। जब तक ये कमियां दूर नहीं होतीं और रजिस्ट्री केस को सत्यापित नहीं कर देती, तब तक सुनवाई किसी भी बेंच के सामने नहीं होगी। इसका मतलब है कि हाई कोर्ट का 100 प्रतिशत वेतन देने वाले आदेश पर कोई कानूनी रोक नहीं है, पर तकनीकी कारणों से किसी भी कर्मचारी को एरियर का भुगतान नहीं हुआ है।

### ये था हाईकोर्ट का आदेश

6 जनवरी 2026 को जबलपुर हाई कोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाते हुए 2019 के उस सरकारी आदेश को रद्द कर दिया था, जिसमें नए कर्मचारियों के वेतन में कटौती का प्रावधान था। कोर्ट ने समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत को आधार मानते हुए आदेश दिया था कि कर्मचारियों को नियुक्ति के पहले दिन से ही 100 प्रतिशत वेतन और पिछला बकाया (एरियर) दिया जाए। फिलहाल मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित होने के कारण प्रदेश के हजारों शिक्षक, पुलिसकर्मी व कर्मचारियों का एरियर व बढ़ा हुआ वेतन अटक गया है। अब सभी की निगाहें सुप्रीम कोर्ट की पहली सुनवाई पर टिकी हैं, जो सरकार द्वारा कमियां दूर करने के बाद मई में होने की संभावना है।

## दिल्ली के चार स्कूलों को बम की धमकी



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एहतियात के तौर पर तलाशी के दौरान छात्रों और कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है।

दिल्ली में सोमवार को चार स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। इन धमकियों से स्कूलों में दहशत फैल गई। हालांकि, बाद में दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने इसे फर्जी बताया। अधिकारी के अनुसार, अलर्ट मिलते ही तुरंत दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। स्थानीय पुलिस और स्कूल अधिकारियों के साथ मिलकर तलाशी और निकासी अभियान चलाया गया। टीमों ने परिसरों की गहन जांच की। किसी भी स्थान पर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। सभी धमकियों को फर्जी घोषित कर दिया गया है।

## टक्कर में टवेरा के परखच्चे उड़े, 5 मौत, 7 लोग घायल



एजेंसी ▸▸ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाईवे पर आंचलखेड़ा के पास रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे टवेरा और अनाज से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली टकरा गई। हादसे में टवेरा सवार 5 लोगों की मौत हो गई और 7 लोग घायल हैं। सभी मृतक और घायल महेंद्रवाड़ी व माखननगर के रहने वाले थे। वे बुधनी में एक शादी समारोह से लौट रहे थे।

पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उनका इलाज जारी है। शवों का पोस्टमॉर्टम आज नर्मदापुरम में किया जाएगा।

पुलिस के अनुसार, टवेरा में सवार लोग गांव के राघवेंद्र मोरप्पा की शादी में बुधनी गए थे। रात में महेंद्रवाड़ी लौट रहे थे। आंचलखेड़ा के पास क्रॉसिंग के दौरान टवेरा ट्रॉली के साइड से टकरा गई। मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और राहगीरों व ग्रामीणों की मदद से घायलों व मृतकों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद 5 लोगों को मृत घोषित कर दिया। इनमें 16 साल का शुभम मोरप्पा भी है। वह दूल्हे राघवेंद्र का भतीजा था। उसका भाई सुमित मोरप्पा घायल है। हादसे में साहिल यादव और उसके बड़े पापा हरे सिंह यादव की मौत हो गई। साहिल बंसल कॉलेज से बीटेक कर रहा था। उसका भाई अमन यादव सिर में गंभीर चोट के कारण आईसीयू में भर्ती है। मजदूरी करने वाला गांव का विनीत यादव भी इस हादसे में घायल हुआ है।


बहन के प्रेमी ने कुल्हाड़ी से गर्दन काटी, पथराव-आगजनी

## पुलिस के सामने फूंके 30 से ज्यादा घर

एजेंसी ▸▸ बांसवाड़ा

बांसवाड़ा जिले के टामटिया गांव में रविवार रात हुए बवाल के बाद आज भी तनाव रहा। ग्रामीण सोमवार सुबह से ही मोटा गांव थाने में पहुंचने लगे। इसको देखते हुए बांसवाड़ा शहर से रिजर्व फोर्स मंगवाई गई।

वारदात वाली जगह 4 थानों की पुलिस तैनात की गई। बाहर से आने वाले लोगों को गांव में आने से रोका गया। पीड़ित परिजनों ने 5 नामजद और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर 3 लोगों को हिरासत में लिया। दरअसल, रविवार रात टामटिया गांव में प्रेम-प्रसंग के विवाद में एक युवक की कुछ लोगों ने हत्या कर दी थी। वारदात से गुस्साए युवक के परिजनों व ग्रामीणों ने दूसरे पक्ष के लोगों पर हमला कर दिया था। 30 से ज्यादा घरों में आग लगा दी गई, पथराव भी हुआ।



### लड़की के भाई का मर्डर

जानकारी के अनुसार, दोनों पक्ष एक की गांव के अलग-अलग जातियों के हैं। जिस युवक की हत्या हुई है, उसकी बहन और दूसरी पक्ष के युवक के बीच प्रेम-प्रसंग था। भाई ने पहले भी हमला करने वाले युवक को उसकी बहन से दूर रहने की हिदायत दी थी। इसी को लेकर दोनों पक्षों में 1 अप्रैल को भी विवाद हुआ था। दावा किया जा रहा है कि भाई की टोकाटाकी से नाराज आरोपी ने लड़की के भाई की कुल्हाड़ी से गर्दन काट दी। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि हत्या की जानकारी के बाद ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। हालांकि, ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों को गांव में नहीं घुसने दिया।

## राजस्थान में गर्मी के बीच बारिश

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश में भीषण गर्मी जारी है। राजस्थान, यूपी और महाराष्ट्र के 7 शहरों में रविवार को तापमान 46 डिग्री के पार चला गया। महाराष्ट्र का अकोला 46.9 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म रहा। अमरावती 46.8 डिग्री, बांदा 46.6 डिग्री, वर्धा और बाड़मेर 46.4 डिग्री, जैसलमेर और यवतमाल 46 डिग्री तापमान के साथ हीटवेव की चपेट में हैं। इस बीच राजस्थान के बीकानेर और गंगानगर में सोमवार को बारिश के साथ ओले गिरे। यूपी के 60 जिलों में लू का अलर्ट है। मध्य प्रदेश के खजुराहो में पहली बार तापमान 45 डिग्री पहुंचा। इंदौर-भोपाल में भी पारा 43 डिग्री पर बना हुआ है।

## आप के 7 सांसदों को बीजेपी में विलय की मंजूरी

राज्यसभा में भाजपा सांसद 113 हुए, केजरीवाल की पार्टी 3 पर सिमटी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के सात बागी सांसदों के भाजपा में विलय को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद राज्यसभा में आप की संख्या घटकर 3 रह गई है, जबकि बीजेपी सांसदों की संख्या 106 से बढ़कर 113 हो गई है।

जो सात सांसद आप में शामिल हुए हैं, उनमें राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, संदीप पाठक, विक्रमजीत साहनी, स्वाति मालीवाल और राजेंद्र गुप्ता शामिल हैं। राज्यसभा की ऑफिशियल वेबसाइट पर भी इन सांसदों को बीजेपी के सदस्यों के रूप में दिखाया गया है।



- आप ने रविवार को सभापति से सातों सांसदों की सदस्यता खत्म करने की मांग की थी। संजय सिंह ने भी लेटर लिखकर उन्हें दलबदल कानून के उल्लंघन का दोषी बताते हुए अयोग्य घोषित करने की अपील की।
- संजय सिंह के मुताबिक, आप ने एडवोकेट कपिल सिब्बल और लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी अचारी सहित कई संवैधानिक विशेषज्ञों से सलाह ली है। कपिल सिब्बल ने कहा था कि संविधान की 10वीं अनुसूची के मुताबिक सबसे पहले पार्टी को प्रस्ताव पास करके दूसरी पार्टी में विलय करना पड़ेगा। कोई भी सांसद दूसरी पार्टी में विलय नहीं कर सकते।

पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ इलाके में

## मतदान से पहले बंगाल में मिले 79 बम

राष्ट्रीय सुरक्षा को देखते हुए केंद्र सरकार ने इसकी जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंपी

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ इलाके में भारी मात्रा में कच्चे बम मिलने से पूरे राज्य में हड़कंप मच गया है। मामले की गंभीरता और राष्ट्रीय सुरक्षा को देखते हुए केंद्र सरकार ने इसकी जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी है। गृह मंत्रालय का निर्देश मिलते ही एनआईए ने मोर्चा संभाल लिया है और अब इस पूरे मामले की आतंकी एंगल से जांच शुरू कर दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, यह मामला भांगेर डिवीजन के अंतर्गत उत्तर काशीपुर थाना क्षेत्र का है, जहां 25 अप्रैल 2026 को कोलकाता पुलिस ने संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की थी।



### कब्रिस्तान के पास छिपाकर रखे गए थे 79 बम

पुलिस को एक विश्वसनीय सूत्र से गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर इलाके में ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। इस दौरान एक कब्रिस्तान के पास स्थित मकान से जूट की रस्सियों से बंधी 79 गोल आकार की वस्तुएं बरामद हुईं, जो पूरी तरह से कच्चे बम थे। इसके अलावा मौके से बम बनाने में इस्तेमाल होने वाली अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी भारी मात्रा में बरामद की गई है। शुरूआती जांच में यह बात सामने आई है कि अज्ञात अपराधियों ने किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने के मकसद से इन विस्फोटकों को इस सुनसान जगह पर छिपाकर रखा था।

### टीएमसी कार्यकर्ता के घर के पीछे फिर मिले जिंदा बम

इस खौफनाक बरामदगी के बीच भांगड़ विधानसभा क्षेत्र के चेलेगोयलिया इलाके से एक और सनसनीखेज खबर सामने आई है। यहां पुलिस ने एक टीएमसी कार्यकर्ता के घर के पीछे स्थित बगीचे में तलाशी अभियान के दौरान एक बैग से 9 जिंदा बम बरामद किए हैं। इस घटना के बाद से राजनीतिक माहौल भी पूरी तरह गरमा गया है। आईएसएफ ने टीएमसी पर इलाके में अशांति फैलाने के लिए बम जमा करने का गंभीर आरोप लगाया है। वहीं, टीएमसी ने पलटवार करते हुए इसे आईएसएफ की साजिश करार दिया है।

## 10 साल के बच्चे की स्मार्ट वॉच में ब्लास्ट, भाई भी झुलसा

एजेंसी ▸▸ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में रविवार रात 10 साल के बच्चे की कलाई पर बंधी स्मार्ट वॉच में अचानक विस्फोट हो गया। हादसे में वॉच पहनने वाले बालक का हाथ झुलस गया, जबकि पास बैठा उसका भाई भी चपेट में आ गया। घटना शादी समारोह के दौरान हुई।

जानकारी के अनुसार, इटारसी रोड स्थित गार्डन में ग्राम चांदोन निवासी 10 वर्षीय जुड़वां भाई वेदांत चौधरी और सूर्यांश चौधरी शादी में शामिल होने आए थे। रात के समय दोनों भाई एक साथ बैठे हुए थे। वेदांत ने अपने हाथ में स्मार्ट वॉच पहन रखी थी, तभी अचानक विस्फोट हुआ।

### वॉच फटने से हाथ जला, भाई भी झुलसा



स्मार्ट वॉच फटने से वेदांत के हाथ का हिस्सा झुलस गया। हाथ की चमड़ी छिल गई। हादसे के बाद घबराए परिजन तुरंत बच्चों के पास पहुंचे। परिजन दोनों बच्चों को रात करीब 1.30 बजे नर्मदा अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने जांच कर इलाज किया।

## देश विदेश

### जस्टिस स्वर्णकांता से न्याय की उम्मीद खत्म : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को वीडियो जारी कर कहा, शराब नीति घोटाला मामले में मैं हाईकोर्ट में न खुद पेश होऊंगा और न ही कोई मेरी तरफ से दलीलें रखेगा। उन्होंने कहा, हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से न्याय मिलने की उम्मीद नहीं है। पूर्व सीएम ने जस्टिस स्वर्णकांता को लेटर भी लिखा। इसमें कहा, मैंने अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनते हुए महात्मा गांधी के सत्याग्रह का रास्ता अपनाने का फैसला किया है। इसकी वजह है कि जस्टिस स्वर्णकांता के दोनों बच्चे केंद्र सरकार के वकील के पैनल का हिस्सा हैं। इसमें साफ तौर पर हितों का टकराव दिखता है। उन्होंने कहा, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता दोनों बच्चों को केस देते हैं। उनके बेटे को 2023 से 2025 के बीच करीब 5904 केस मिले। अगर जज के बच्चों का भविष्य सॉलिसिटर जनरल तय कर रहे हैं तो क्या जज साहिबा उनके खिलाफ फैसला सुना पाएंगी।

### इजराइल में नेतन्याहू को हटाने एकजुट हुए दो पूर्व प्रधानमंत्री

**तेल अवीव।** इजराइल में दो पूर्व प्रधानमंत्रियों नफ्ताली बेनेट और येर लैपिड ने मौजूदा पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ एक साथ चुनाव लड़ने का फैसला किया है। उनका मकसद लंबे समय से सत्ता में रहे नेतन्याहू को हटाना है। दोनों पहले भी 2021 में साथ आए थे और उन्होंने अलग-अलग विचारधाराओं वाली पार्टियों को जोड़कर 12 साल से चली आ रही नेतन्याहू की सत्ता गिरा दी थी। अब दोनों नेताओं ने फिर से साथ आने और एक नई पार्टी बनाने का फैसला किया है। इस पार्टी का नाम टुगेदर रखा गया है। इसकी अगुवाई बेनेट करेंगे। वे ही पीएम उम्मीदवार भी होंगे। इजराइल में अक्टूबर 2027 में चुनाव होने हैं लेकिन माना जा रहा है कि नेतन्याहू इसी साल अक्टूबर में संसद भंग कर चुनाव करा सकते हैं।

कांतारा मिमिकरी विवाद

### हाईकोर्ट ने रणवीर सिंह का माफीनामा कबूल किया



4 हफ्तों के अंदर चामुंडेश्वरी मंदिर जाकर माफी मांगनी होगी

**मुंबई।** फिल्म कांतारा में दिखाए गए देवता को भूत कहने पर कानूनी पचड़े में फंसे रणवीर सिंह को कर्नाटक हाईकोर्ट से राहत मिल गई है। आज हुई सुनवाई में कोर्ट ने एक्टर का माफीनामा कबूल कर लिया है, हालांकि शर्त रखी है कि एक्टर 4 हफ्तों के अंदर चामुदेश्वरी मंदिर जाकर माफी मांगें। 25 अप्रैल को रणवीर सिंह ने एफिडेविट में माफीनामा शामिल किया था। तब कोर्ट ने इस पर विचार करने के लिए समय मांगा था, जबकि शिकायत कर्ता का कहना है कि एफिडेविड को सही माफीनामा नहीं समझा जा सकता। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, कोर्ट ने मौखिक तौर पर रणवीर का माफीनामा कबूल कर केस को रद्द करने की बात कही है। वहीं दूसरी तरफ एक्टर के सामने शर्त रखी कि वो मैसूर के मंदिर जाकर माफी मांगें। दिसंबर 2025 में विवाद होने के ठीक बाद रणवीर सिंह ने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से माफी मांगी थी। उन्होंने लिखा था, मेरा इरादा फिल्म (कांतारा) में ऋषभ की शानदार परफॉर्मेंस को उजागर करने का था। एक अभिनेता होने के नाते, मैं जानता हूं कि उस खास सीन को जिस तरह से उन्होंने निभाया, उसके लिए कितनी मेहनत लगती है और इसके लिए मैं उनका अत्यधिक सम्मान करता हू। मैंने हमेशा हमारे देश की हर संस्कृति, परंपरा और आस्था का गहरा सम्मान किया है। अगर मेरी किसी बात से किसी की भावनाएं आहत हुई हैं, तो मैं दिल से माफी चाहता हूं। रणवीर सिंह बीते साल आईएफएफआई (इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया) का हिस्सा बने थे। मंच पर एक्टर ने फिल्म कांतारा में दिखाई गईं चावुंडी (चामुंडा) देवी का मजाक बनाया था।


### भारत-न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों में सोमवार को एक नए युग की शुरूआत हुई। दोनों देशों ने एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं, जो व्यापार, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाने वाला है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के उनके समकक्ष टॉड मैक्ले की उपस्थिति में इस महत्वपूर्ण समझौते को आधिकारिक रूप दिया गया। यह समझौता भारतीय अर्थव्यवस्था और निर्यातकों के लिए वैश्विक बाजार में एक बड़ी कूटनीतिक और आर्थिक जीत मानी जा रही है। इस एफटीए की सबसे खास बात इसकी गति रही है। 16 मार्च, 2025 को शुरू हुई बातचीत को रिकॉर्ड नौ महीनों के भीतर संपन्न कर लिया गया।

### माली के रक्षामंत्री सादियो की बम धमाके में मौत

**बमाको।** माली के रक्षा मंत्री सादियो कामारा की बम धमाके में मौत हो गई। राजधानी बमाको से करीब 15 किमी दूर काटी शहर में उनके घर पर आत्मघाती कार से हमला किया गया। हमले में सादियो की दूसरी पत्नी और दो पोते भी मारे गए। यह जानकारी उनके परिवार और अधिकारियों ने दी। एक रिश्तेदार ने रॉयटर्स को उनकी मौत की पुष्टि की, जबकि उनके साले ने फेसबुक पोस्ट में इसकी जानकारी दी। हमले के पीछे अल-कायदा से जुड़ा जिहादी संगठन जेएनआईएम और तुआरेग विद्रोही समूह एफएलए का गठजोड़ बताया जा रहा है। दोनों संगठनों ने मिलकर यह हमला किया। इस हमले के साथ ही देश के कई हिस्सों में भी हिंसा भड़क गई। बमाको, गाओ, किदाल और सेवरे समेत कई शहरों में गोलीबारी और धमाकों की खबरें सामने आई हैं।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## न्यूज कॉलम

### गुरु रविदास विश्वमहापीठ में नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**उज्जैन।** श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ जिला इंदौर की नवीन कार्यकारिणी का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके दायित्व सौंपे गए और गुरु रविदास महाराज के समता, समरसता और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेशचंद्र सूर्यवंशी ने बताया कि समारोह में अतिथियों ने नवीन कार्यकारिणी से समाजहित में निस्वार्थ भाव से कार्य करने का आह्वान किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को जब नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए, तब उपस्थित समाजजनों ने तालियों के साथ उनका स्वागत कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार उपस्थित रहे। वहीं, श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ भारत के प्रदेश अध्यक्ष व अजा मोर्चा इंदौर संभाग प्रभारी ओमप्रकाश मोहने, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल वर्मा, जाटव समाज के अध्यक्ष पृथ्वीराज उस्ताद और अहिरवार 11 पंच कमेटी के अध्यक्ष करण गोलिया ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

### स्वस्थ पर्यावरण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी: पद्मश्री डॉ. जनक पलटा

**उज्जैन।** स्वस्थ पर्यावरण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। यह बात प्रख्यात पर्यावरणविद् और पद्मश्री से सम्मानित डॉ. जनक पलटा ने कही। वे लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2 के श्री वल्लभ आनंद क्लब और सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के पर्यावरण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय 'पर्यावरणीय जागरूकता' कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। यह आयोजन पर्यावरण सेवा सप्ताह के समापन अवसर पर किया गया। डॉ. पलटा ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे पिछले 40 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण, सौर ऊर्जा और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही हैं। बचपन में एक लंबी बीमारी के बाद उन्होंने अपना जीवन परोपकार के लिए समर्पित कर दिया। विगत 15 वर्षों से वे 'शून्य-अपशिष्ट' जीवन शैली अपना रही हैं। इंदौर के समीप सनावड़िया स्थित उनका निवास पूरी तरह सौर ऊर्जा और पवनचक्की से संचालित होता है, जो सतत विकास का बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने हजारों आदिवासी व ग्रामीण महिलाओं को सौर कुकर, जैविक खेती और आत्मनिर्भरता का प्रशिक्षण देकर सशक्त बनाया है।

### जैन समाज ने ऋषभदेव छगनीराम पेढ़ी पर शासन स्थापना दिवस मनाया



**उज्जैन।** शासन स्थापना दिवस के अवसर पर ऋषभदेव छगनीराम पेढ़ी, खाराकुआं पर उज्जैन श्री संघ द्वारा ध्वजारोहण कर उत्साहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री सिद्धचक्र आराधना स्थली केसरियानाथ तीर्थ स्थित पेढ़ी पर परम पूज्य आचार्य श्री नवरत्न सागर सूरीश्वर जी के आशीर्वाद एवं परम पूज्य आचार्य श्री विश्व रत्न सागर सूरीश्वर की प्रेरणा से, आचार्य मुक्ति सागर सूरीश्वर एवं साध्वी चारुधर्मा श्रीजी की पावन निश्रा में यह आयोजन संपन्न हुआ। प्रातः 8 बजे चतुर्वेदी संघ के साथ भक्ति गीत एवं नृत्य के साथ ध्वज यात्रा निकाली गई, जो श्री अजीतनाथ मंदिर से प्रारंभ होकर ऋषभदेव छगनीराम पेढ़ी, खाराकुआं पहुंची। यहां आचार्य श्री मुक्ति सागर सूरीश्वर जी ने शासन स्थापना दिवस का महत्व समझाया। नवरत्न महिला मंडल अध्यक्ष पदमा जैन ने बताया कि जिस प्रकार देश में 15 अगस्त एवं 26 जनवरी को ध्वजारोहण किया जाता है, उसी प्रकार जैन समाज वैशाख सुदी ग्यारस के दिन ध्वजारोहण कर इस पर्व को मनाता है। लगभग 2600 वर्ष पूर्व भगवान महावीर स्वामी ने इसी दिन चतुर्वेदी संघ के समक्ष जिन शासन की स्थापना की थी। कार्यक्रम का संचालन संजय खली वाले ने किया। कार्यक्रम पश्चात लड्डू की प्रभावना विभिन्न समाजजनों द्वारा की गई, जिसमें संजय अपूर्व (स्वस्तिक टाइल्स), सोराब महेन्द्र सिरोलिया परिवार, कोमल बेन सागरमल, अभिषेक डग परिवार एवं विशाल कुमार का विशेष सहयोग रहा। नवरत्न परिवार के संयोजन में वैशाख सुदी ग्यारस पर देशभर में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिसके किट के लाभार्थी नवरत्न परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण फुलेरा (पिपलोन) रहे। इस मौके पर ट्रस्ट मंडल, नवरत्न महिला मंडल, नवरत्न भक्तामर मंडल, नवरत्न बालिका मंडल एवं अन्य जैन संगठनों की सहभागिता रही।

### चिकित्सकों ने दी ऑल टाइम हिट गीतों की प्रस्तुति

**उज्जैन।** कालिदास अकादमी संकुल हॉल में शनिवार शाम संगीतमय कार्यक्रम डॉक्टर्स गॉट टैलेंट हुआ।सप्त सुर परिवार म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में आईएमए उज्जैन से जुड़े चिकित्सकों ने ऑल टाइम हिट्स गीतों पर प्रस्तुतियां देकर माहौल सुरीला बना दिया।सप्त सुर परिवार के संस्थापक, संयोजक, आयोजक डॉ. पिंकेश डफरिया के अनुसार डॉ. सुशील गुप्ता, डॉ. रूपेश खत्री, डॉ. पराग शर्मा, डॉ. सम्राट घोष, डॉ. अनिल दुबे, डॉ. सुनील समरवाल, डॉ. दिनेश सिसौदिया, डॉ. चिन्मय, डॉ. मयंक गुप्ता, डॉ. प्रतीक तिवारी, डॉ. अनिल प्लोड़, डॉ. नन्नोरे, डॉ. मनीष सिद्धा, डॉ. अनुराधा पंचोली, डॉ. कीर्ति देशपांडे, डॉ. ऋचा शर्मा आदि ने स्वर-लहरियां बिखेरीं।

संघ शताब्दी वर्ष में प्रमुखजन संवाद कार्यक्रम आयोजित

# पांच नगरों में पंच परिवर्तन विषय पर हुई चर्चा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

संघ शताब्दी वर्ष के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा रविवार को शहर के पांच प्रमुख नगर क्षेत्रों में पंच परिवर्तन प्रमुखजन संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नागरिक अनुशासन, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण और स्व का बोध पर व्यापक कार्य करने का संकल्प लिया है। इन आयोजनों में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े व्यवसायी, उद्योगपति, चिकित्सक, चार्टर्ड अकाउंटेंट, अधिवक्ता, प्रबुद्धजन, धार्मिक प्रतिनिधि, कला एवं खेल जगत के लोगों को आमंत्रित कर संवाद



स्थापित किया गया। कार्यक्रमों में संघ के विभिन्न दायित्ववान कार्यकर्ताओं ने समाज जीवन से जुड़े मुद्दों पर विचार साझा किए। इस अवसर पर संघ द्वारा आगामी वर्षों के लिए निर्धारित पंच परिवर्तन विषयों पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए समाज में व्यापक जनजागरण का आह्वान किया गया।

### आगामी कार्य पंच परिवर्तन पर

- संघ ने अपने 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आने वाले 15 से 20 वर्षों के लिए पांच प्रमुख विषयों नागरिक अनुशासन, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण और स्व का बोध पर व्यापक कार्य करने का संकल्प लिया है।
- इन विषयों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और राष्ट्र को समृद्ध एवं वैभवशाली बनाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। वक्ताओं ने कहा कि इन पांच आयामों पर समाज की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

### अलग-अलग हुए संवाद कार्यक्रम

राजेंद्र नगर, माधव नगर, कालिदास नगर, मधुकर नगर और सुदर्शन नगर क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर संवाद कार्यक्रम आयोजित हुए। प्रत्येक कार्यक्रम में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मार्गदर्शन दिया और स्थानीय स्तर पर समाज के प्रभावशाली लोगों से चर्चा की। इन संवादों का उद्देश्य विभिन्न वर्गों के बीच समन्वय स्थापित कर समाज के समग्र विकास की दिशा में सामूहिक प्रयासों को गति देना रहा।

### गृह संपर्क अभियान जारी


शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ द्वारा देशभर में व्यापक गृह संपर्क अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से करोड़ों परिवारों तक पहुंच बनाई जा चुकी है। इसके साथ ही प्रबुद्ध नागरिकों, शिक्षाविदों, प्रशासनिक अधिकारियों, न्यायविदों और उद्योग जगत से जुड़े लोगों से भी संवाद स्थापित किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को जोड़ते हुए राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

भीषण गर्मी में नानाखेड़ा क्षेत्र में बार-बार बिजली गुल ने

# लोगों की हालत और मुश्किल कर दी

## लगातार कटौती और वोल्टेज की समस्या, जल संकट भी गहराया

**शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं**



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भीषण गर्मी के बीच शहर के नानाखेड़ा क्षेत्र में बार-बार बिजली गुल होने से रहवासियों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। एक तरफ तेज गर्मी से लोग पहले ही बेहाल हैं, वहीं दूसरी ओर लगातार हो रही बिजली कटौती ने हालात और मुश्किल कर दिए हैं।

नानाखेड़ा क्षेत्र की अर्पिता कॉलोनी, गंगानगर, अभिषेक नगर, मित्र नगर, वृंदावन धाम, दीप्ति परिसर, अथर्व कॉलोनी, विद्यापति नगर सहित महामृत्युंजय द्वार के आसपास की कॉलोनियों में रविवार को सुबह से ही बिजली का आना-जाना लगा रहा। सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक कई बार बिजली गुल रही, वहीं शाम को भी यही स्थिति बनी रही। शनिवार को भी दिनभर रुक-रुक कर बिजली कटौती होती रही। लगातार बिजली गुल होने से जहां लोग गर्मी से पसीने-पसीने हो रहे हैं, वहीं जल संकट भी गहराने लगा है, क्योंकि पानी सप्लाई भी बिजली पर निर्भर है। हालात ऐसे बन गए हैं कि लोग घरों से बाहर निकलने को मजबूर हो रहे हैं। रात के समय भी बिजली की समस्या बरकरार रहने से लोग न ठीक से सो पा रहे हैं और न ही दैनिक कामकाज पर ध्यान दे पा रहे हैं।

### वोल्टेज की समस्या से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण हो रहे खराब

क्षेत्र की अर्पिता कॉलोनी निवासी सीमा जोशी ने बताया कि बार-बार बिजली जाने के साथ वोल्टेज भी लगातार कम-ज्यादा हो रहा है। इससे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब होने का खतरा बढ़ गया है। कई बार फ्यूज उड़ने और उपकरण खराब होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने बताया कि शिकायत के लिए 1912 नंबर पर कॉल करने पर लाइन व्यस्त रहती है, जबकि संबंधित जोन के नंबर भी कई बार बंद मिलते हैं। दिन में भीषण गर्मी के समय केवल 10-10 मिनट के लिए बिजली आती है और फिर चली जाती है, जिससे समस्या और बढ़ जाती है।



### शहर के अन्य इलाकों में भी यही हाल

नानाखेड़ा ही नहीं, बल्कि शहर के अन्य क्षेत्रों, खासकर इंदौर रोड, देवास रोड, आगर रोड से जुड़ी कॉलोनियों में भी बिजली कटौती की यही स्थिति बनी हुई है। लगातार हो रही इस समस्या से आमजन परेशान हैं, लेकिन अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर समाधान कब मिलेगा।

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को गति

# मार्ग चौड़ीकरण कार्य तेज

## निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 महापर्व को ध्यान में रखते हुए शहर में विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर नगर निगम द्वारा शहर के आंतरिक मार्गों का चौड़ीकरण कार्य प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है।

इसी क्रम में सोमवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने विभिन्न निर्माणाधीन चौड़ीकरण मार्गों का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं।

आयुक्त मिश्रा ने कंठाल चौराहे से सती गेट तक प्रचलित चौड़ीकरण मार्ग का निरीक्षण किया और स्थानीय नागरिकों से संवाद करते हुए कहा कि निगम टीम नागरिकों के सहयोग के लिए पूरी तरह तत्पर है। उन्होंने बताया कि कई प्रभावित भवन मालिक स्वयं आगे आकर अपने भवन हटाकर कार्य में सहयोग कर रहे हैं, वहीं निगम भी अपने संसाधनों से सहयोग उपलब्ध करा रहा है।

निरीक्षण के दौरान कंठाल से कोयला फाटक मार्ग पर नाली निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही छत्रीचौक से सत्यनारायण मंदिर तक के मार्ग का भी अवलोकन किया गया। ढाबा रोड पर चल रहे चौड़ीकरण कार्य में निर्माण एजेंसी को सख्त निर्देश दिए गए कि 100 मीटर तक नाली निर्माण कार्य 24 घंटे के भीतर पीसीसी के तहत पूरा किया जाए। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नाली निर्माण कार्य एक ओर से पूरा करते हुए एलाइनमेंट और लेवल का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही अधिकारियों को प्रतिदिन मॉनिटरिंग कर प्रगति रिपोर्ट लेने के निर्देश दिए गए।

## सामूहिक सम्मेलन में नौ जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नागर ब्राह्मण समाज द्वारा 26 अप्रैल को समाजहित के तहत आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। हाटकेश्वर धाम ट्रस्ट और जीवन प्रबंधन गुरु पं. विजयशंकर मेहता के विशेष सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन में नौ जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। समारोह में उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए अपनी ओर से सभी नौ जोड़ों को एक-एक टीवी देने की घोषणा की।

नागर ब्राह्मण परिषद, नागर महिला मंडल, नागर युवक मंडल उज्जैन और दोनों न्यासों के तत्वावधान में हुए इस आयोजन में ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग चार हजार स्वजातीय बंधुओं ने उपस्थिति दर्ज कराई। परिषद अध्यक्ष विजय शर्मा, महासचिव संजय जोशी, महिला मंडल अध्यक्ष नेहा प्रतिमा मेहता, महासचिव सीमा नागर, युवा मंडल अध्यक्ष अमित नागर और मनीष मेहता ने बताया कि प्रमुख आचार्य पंडित कैलाश शुक्ल और पं. संतोष नागर के साथ नौ अन्य युवा आचार्यों ने विधि-विधान से विवाह की रस्में संपन्न कराईं। समिति और समाज के दानदाताओं द्वारा नवदंपतियों को पांच आभूषणों के साथ गृहस्थी का संपूर्ण सामान उपहार स्वरूप भेंट किया गया। इसमें मुख्य रूप से डबल बेड पलंग, गोदरेज अलमारी, ओवन, मिक्सर ग्राइंडर, इडली कुकर, प्रेशर कुकर, ट्रॉली बैग, ठंडे पानी की बॉटल से लेकर बिस्तर तक शामिल रहे। आयोजन में हाटकेश्वर धाम हरसिद्धि ट्रस्ट की ओर से 1 लाख 51 हजार रुपए तथा पं. विजय शंकर मेहता व श्रीमती आभा मेहता की ओर से 1 लाख रुपए की सहयोग राशि दी गई। वहीं युवा डॉक्टर राहुल जी.डी. नागर ने एक निर्धन कन्या के लिए 25 हजार रुपए की राशि प्रदान की, जबकि पं. विजयप्रकाश मेहता ने सभी के लिए संपूर्ण बर्तन सेट दिए।

टीएल बैठक में शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पर सख्त रुख

# अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश

## निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश, हर सोमवार होगी समीक्षा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम कार्यालय शिवाजी भवन में सोमवार को आयोजित टीएल बैठक में निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने समयावधि पत्रों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों- शिल्पज्ञ विभाग, कॉलोनी सेल, स्वास्थ्य, पीएचई, अमृत, भवन अनुज्ञा और अन्यकर-से संबंधित लंबित प्रकरणों पर चर्चा की।

निगम आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा





जाए। टीएल में प्राप्त शिकायतों और प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों के साथ वन-टू-वन चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि समय पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक सोमवार को समयावधि पत्रों की नियमित समीक्षा की जाएगी।

बैठक में यह भी पाया गया कि कुछ शिकायतों का निराकरण समय पर नहीं किया गया है। इस पर सख्त रुख अपनाते हुए निगम आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि नोटशीट एवं विभागीय कार्यों का ई-ऑफिस पर शत-प्रतिशत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में अपर आयुक्त संतोष टैगोर, पवन कुमार सिंह, संदीप शिवा, पुनीत शुक्ला, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, मनोज मौर्य, सहायक आयुक्त प्रफुल्ल गठरे, राघवेंद्र सिंह पालिया, कार्यपालन यंत्री वैभव भावसार, आरके जैन एवं दीपक शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

शनि साढ़ेसाती और ढैय्या में नहीं करना चाहिए ऐसे 5 काम

# शनि की तिरछी नजर और कर देते हैं कंगाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ज्योतिष में शनिदेव को न्याय और कर्म का कारक माना जाता है। शनि अच्छे कर्म करने पर शुभ फल जबकि बुरे कर्म करने पर बुरे फल जातकों देते हैं।

वैदिक ज्योतिष शास्त्र में शनि ग्रह का विशेष महत्व होता है क्योंकि ये सभी ग्रहों में सबसे मंद गति से चलने वाले ग्रह होते हैं। इसके अलावा शनि एकमात्र ऐसे ग्रह हैं जो जिन्हें न्यायाधीश और कर्म के आधार पर फल प्रदान करने की शक्ति है। जिन जातकों की कुंडली में शनि कमजोर होते हैं उनको कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है, वहीं जिन लोगों की कुंडली में शनि मजबूत होते हैं उनको हर एक तरह का सुख सुविधाओं की प्राप्ति होती है।



29 मार्च 2025 से शनि मीन राशि में गोचर हैं जिसके कारण कुछ राशि वालों पर शनि की साढ़ेसाती और ढैय्या जारी है। इसमें कई तरह की सावधानी बरतनी होती है। शनि के मीन राशि में गोचर होने से मेष राशि पर शनि की साढ़ेसाती का पहला चरण शुरू हो चुका है, वहीं कुंभ राशि वालों पर शनि की साढ़ेसाती का अंतिम चरण और मीन राशि पर दूसरा चरण जारी है। इसके अलावा सिंह और धनु राशि के जातकों पर शनि की ढैय्या आरंभ हो गई है। ऐसे में जिन पांच राशि वालों पर शनि भारी है, उन्हें कुछ खास बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है।

### शनि की साढ़ेसाती और ढैय्या में क्या ना करें

- जिन लोगों पर शनि की साढ़ेसाती या फिर ढैय्या जारा है उनको सादा जीवन व्यतीत करना चाहिए। ऐसे लोगों को मांस मदिरा से दूर रहना चाहिए। अगर ऐसी स्थिति में मांस-मदिरा का सेवन करेंगे तो शनिदेव का प्रकोप आपको सहना होगा।
- शनि के अशुभ प्रभावों से बचने के लिए कभी भी असहाय जीव जंतुओं को परेशान नहीं करना चाहिए।
- जो लोग अक्सर झूठ बोलते हैं और लोगों के बीच वाद-विवाद करते हैं शनिदेव नाराज हो जाते है।
- जिन लोगों के ऊपर शनि की साढ़ेसाती और ढैय्या चल रही हो उनको शनिवार और मंगलवार के दिन काले कपड़े या चमड़े का समान नहीं खरीदना चाहिए। बल्कि इस दिन तेल, गुड़, लोहा और काले तिल का दान करना अच्छा और उत्तम माना जाता है।
- कभी भी मजदूर, गरीब और सफाई कर्मचारी को अपशब्द नहीं कहना चाहिए। जो लोग मजदूरों को अपशब्द या अपमानित करते हैं शनिदेव उनको दंड जरूर देते हैं।
- जिन लोगों के ऊपर शनि की साढ़ेसाती या फिर ढैय्या चलती है उनको अपनी सेहत का खास ध्यान देना चाहिए। अगर ऐसी परिस्थिति में आप शांत, संयम और सेवा भाव रखेंगे शनिदेव आपको जरूर आशीर्वाद देंगे।

## ऋषभ महाराज दंडवत यात्रा करते हुए उज्जैन पहुंचे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वृंदावन के 23 वर्षीय ऋषभ महाराज दंडवत यात्रा करते हुए उज्जैन पहुंचे हैं। उन्होंने यह यात्रा आगर के नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी धाम से शुरू की है। ऋषभ महाराज ने बताया कि मैंने 7 साल की उम्र में घर छोड़ दिया था और अपना जीवन भगवान लड्डू गोपाल को समर्पित कर दिया। मैंने 11 साल तक नंगे पैर पैदल यात्रा की, जिसमें वे लड्डू गोपाल को अपने साथ लेकर चले। इस 11 वर्षीय यात्रा के दौरान मैंने 5 लाख 58 हजार 742 किलोमीटर की दूरी तय की है। इसमें नेपाल, भूटान, चीन सहित पांच देशों की पैदल यात्रा शामिल थी, जहां उन्होंने बाल गोपाल के साथ भ्रमण किया। ऋषभ महाराज ने अपनी वर्तमान दंडवत यात्रा 6 मार्च 2026 को नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर से शुरू की। उन्होंने बताया कि उन्हें मां बगलामुखी ने सपने में दर्शन दिए थे, जिसके बाद उन्होंने यह यात्रा प्रारंभ की।

**CHANGE OF NAME**

I, DEVKISHAN KRIPLANI S/O MOOLCHAND KRIPLANI, Residing at House No. 6, Gali No. 3, Santram Sindhi Colony, UJJAIN (M.P), have changed my name from DEV KISHAN to DEVKISHAN KRIPLANI. I will be known as DEVKISHAN KRIPLANI for all future purposes.

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | मंगलवार 28 मार्च, 2026 | www.awantika.com



# आईडीए में नियुक्ति को लेकर घमासान, नहीं मान रहे इंदौरी पहलवान

## यादव के समर्थन के लिए भी बना ली टीम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश के निगम-मंडल-प्राधिकरण-आयोग में नियुक्तियों का सिलसिला जारी है, लेकिन इंदौर विकास प्राधिकरण के पदों पर नाम तय नहीं हो पा रहे। इसका कारण इंदौर के भाजपा नेताओं की आपसी खींचतान बताई जा रही है। इन नियुक्तियों में सबसे बड़ा रोड़ा मंत्री कैलाश विजयवर्गीय बन रहे हैं।



उल्लेखनीय है कि मंत्रीजी शुरू से ही अपने खास समर्थक हरिनारायण यादव को आईडीए अध्यक्ष बनवाने की इच्छा रखते हैं। इसके लिए लगातार कोशिश भी जारी है और कई तरह की रणनीति भी बनाई जाती रही है। बीच में हरिनारायण यादव की आईडीए में नियुक्ति हुई भी, लेकिन उपाध्यक्ष पद ही मिल पाया। इससे यादव काफी नाराज हुए थे और फिर मंत्रीजी पर नियुक्ति के लिए दबाव बनाया था। मंत्रीजी ने हरिनारायण यादव को सीएम के करीब लाने की रणनीति भी बनाई। इसी का नतीजा निकला कि कुछ समय पहले हरिनारायण यादव के सीएम डॉ.मोहन यादव के रिश्तेदार होने की खबरें भी आईं। अब मंत्रीजी ने यादव सहित अपने अन्य समर्थकों के सपोर्ट के लिए महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला और नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा की टीम बना ली है।

### कांग्रेस से भाजपा में आए समर्थक पर भी जोर

मंत्रीजी ने अपने समर्थन में एक टीम खड़ा करने के बाद उपाध्यक्ष के दोनों पदों के साथ ही संचालक के पद पर भी अपने समर्थक को लाने की कोशिश में जुट गए। सूत्र बताते हैं कि मंत्रीजी के कहने से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को उम्मीदवार विहीन करने वाले अक्षय कांति बम से उपाध्यक्ष पद का वादा किया गया है। पिछले दिनों मंत्रीजी ने बम के लिए दिल्ली में बड़ी जमावट भी लगाई थी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मिलवा दिया और बम के कार्यक्रम में ओम बिरला को भी बुलवा लिया।

### अन्य पदों पर कब्जे की कोशिश

मंत्रीजी चाहते हैं कि अध्यक्ष के अलावा दोनों उपाध्यक्ष के पदों पर भी उनके समर्थक ही आएं। एक नाम तो अक्षय कांति बम का हो गया, अब दूसरा नाम दीपक जैन टीनू का तय किया गया है। टीनू जैन को पहले भाजपा नगर अध्यक्ष बनाने की कोशिश भी हुई थी। इसके साथ ही संचालक के एक पद पर मंत्रीजी अपने समर्थक चिंटू वर्मा की नियुक्ति कराना चाहते हैं, जिन्हें वे जिला अध्यक्ष का पद नहीं दिला पाए।

**बाकी नेताओं ने अटकाया रोड़ा-** इंदौर के बाकी नेताओं को जब मंत्रीजी की रणनीति का पता चला तो उन्होंने भी रोड़ा अटकाना शुरू कर दिया। भाजपा के नेताओं का कहना है कि क्या इसके अलावा इंदौर में और कोई विधायक या नेता नहीं है जो सारे पद एक ही गुट को दिए जा रहे हैं। बताया जाता है कि मधु वर्मा, महेंद्र हार्डिया, मालिनी गौड़ से लेकर भाजपा की नई बनी चौकड़ी भी विरोध में उतर आई। सबका कहना है कि एक तो लंबे समय बाद नियुक्ति हो रही है, उस पर अगर सभी विधानसभा क्षेत्रों और नेताओं का ध्यान नहीं रखा गया तो इस नियुक्ति का क्या फायदा?

**सीएम ऐसा होने नहीं देंगे-** भाजपा नेताओं का कहना है कि सीएम डॉ.मोहन यादव इंदौर सहित पूरे प्रदेश में भाजपा में संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं, ऐसे में अगर मंत्रीजी की मंशा पूरी हो गई तो पूरा इंदौर ही असंतुलित हो जाएगा। नेताओं का कहना है कि अब तक प्रदेश में जहां भी ऐसी कोशिश हुई है, सीएम ने हस्तक्षेप किया है और संतुलन बनाया है। इस मामले में भी सीएम हस्तक्षेप करेंगे और ऐसी कोशिश सफल नहीं होगी।

## निगमायुक्त बोले-भविष्य के लिए अभी से बचाना होगा पानी, महापौर ने स्वच्छता पर जोर दिया

# उज्जैन में होटल-होमस्टे में रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य

### निगम आयुक्त ने होटल संचालकों के साथ की बैठक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में अब होटल और होमस्टे संचालकों के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य होगा। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने जल संरक्षण और स्वच्छता को लेकर सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। साथ ही महापौर मुकेश टटवाल ने शहर के वार्डों में ₹स्वच्छता में शक्ति, उज्जैन की भक्ति₹ नामक विशेष अभियान का शुभारंभ किया है।

धार्मिक नगरी उज्जैन में प्रशासन ने स्वच्छता और जल संरक्षण के लिए दोहरी रणनीति अपनाई है। एक ओर जहां सभी होटल और होमस्टे में वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित करने पर जोर दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर शहर के विभिन्न वार्डों में बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने शहर के प्रमुख होटल संचालकों के साथ एक बैठक की, जिसमें लगभग 25 व्यवसायी शामिल हुए। आयुक्त ने भविष्य में संभावित जल संकट को देखते हुए प्रत्येक होटल और होमस्टे में अनिवार्य रूप से रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने पर बात की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बारिश का पानी भूजल स्तर को बनाए रखने का सबसे प्रभावी तरीका है।



### होटल संचालक बोले-10 दिन में लगाएंगे सिस्टम

बैठक में उपस्थित सभी संचालकों ने 10 दिनों के भीतर यह प्रणाली स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की। उज्जैन में लगभग 700 होटल और होमस्टे हैं और इन सभी को इस नियम का पालन करना होगा। आयुक्त ने उन्हें अपने प्रतिष्ठानों में स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त रखने, नालियों की नियमित सफाई करने, डस्टबिन रखने और कचरे का समय पर निस्तारण करने के निर्देश भी दिए। साथ ही, शहर आने वाले श्रद्धालुओं को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने को कहा गया।

## इंदौर जिले में किसानों के लिए संवेदनशील पहल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा किसानों के हित में लगातार अनेक निर्णय लिए जा रहे हैं। किसानों के हितों के निर्णयों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के लिए इंदौर जिले में किसानों की सुविधा और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा एक सराहनीय और संवेदनशील पहल की गई है। इस पहल के तहत अब विशेष परिस्थितियों वाले किसानों को गेहूं उपज विक्रय में प्राथमिकता दी जाएगी। जिन किसानों के घर में आगामी दिनों में शादी है, वे अपनी शादी की पत्रिका दिखाकर खरीदी केंद्र पर तत्काल स्लॉट बुकिंग करा सकेंगे। जिन किसानों के परिवार में दुःखद घटना (गमी) हुई है, वे शोक पत्रिका के आधार पर भी प्राथमिकता से स्लॉट बुक कर सकेंगे। ऐसे किसानों की उपज का तत्काल और प्राथमिकता से तौल किया जाएगा। उपज विक्रय के बाद शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। सभी खरीदी केंद्रों के संस्था प्रबंधक, ऑपरेटर और नोडल अधिकारियों को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

#### बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक

## सिंहस्थ-2028 के कार्यों की समयबद्ध मॉनिटरिंग करें-तिवारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने कंपनी की बैठक में सिंहस्थ-2028 से संबंधित विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने उज्जैन क्षेत्र के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य पी.ई.आर.टी चार्ट के अनुसार चरणबद्ध एवं समयबद्ध ढंग से मॉनिटर किए जाएं। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ-2028 जैसा विशाल आयोजन प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, इसलिए इसकी तैयारियों में समयबद्धता और विभागों के बीच बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक कार्य की चरणबद्ध प्रगति, निर्धारित समय-सीमा तथा उत्तरदायित्वों का स्पष्ट निर्धारण किया जाए, ताकि सभी कार्य आयोजन से एक वर्ष पूर्व पूर्ण किए जा सकें। प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं की नियमित समीक्षा की जाए तथा संभावित बाधाओं की पूर्व पहचान कर समय रहते उनका समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कार्यों में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन पर भी विशेष जोर दिया। बैठक में अधिकारियों द्वारा विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की गई, जिस पर प्रबंध संचालक ने निर्धारित लक्ष्यों से पूर्व कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।



# लोक अदालत में कुल 57 प्रकरणों का निराकरण

### इंदौर ने विशेष जेल लोक अदालत में विभिन्न श्रेणियां में प्रकरणों का निराकरण कर प्रदेश में अव्वल स्थान प्राप्त किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा, मुख्य न्यायाधीश, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं संरक्षक-प्रमुख के दूरदर्शी नेतृत्व में तथा न्यायमूर्ति विवेक रूसिया, न्यायाधीश, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं कार्यकारी अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल मार्गदर्शन में, जेल बंदियों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। 26 अप्रैल मध्यप्रदेश राज्य में अपनी तरह की प्रथम पहल के रूप में, विशेष जेल लोक अदालत का उद्घाटन संपूर्ण राज्य के लिए केंद्रीय जेल, ग्वालियर से न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा, मुख्य न्यायाधीश, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा किया गया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति आनंद पाठक, प्रशासनिक न्यायाधीश, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, खंडपीठ ग्वालियर एवं अध्यक्ष, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, ग्वालियर, तथा मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के अन्य माननीय न्यायाधीशगण उपस्थित रहे। न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि कोई व्यक्ति जन्म से अपराधी नहीं होता; परिस्थितियाँ, चुनाव और कभी-कभी भाग्य उसे उस राह पर ले जाते हैं।





### विवादों के मूल कारणों की पहचान करना जरूरी

श्री न्यायमूर्ति आनंद पाठक ने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की इस पहल ने जेल परिसर के भीतर विशेष लोक अदालत आयोजित करके बंदियों को एक मूल्यवान अवसर प्रदान किया है, जिससे सुलभ न्याय सभी तक पहुँच सके। उन्होंने आगे बल दिया कि लोक अदालतों का प्राथमिक उद्देश्य केवल अपराधों या विवादों का निपटारा करना नहीं है, बल्कि ऐसे विवादों के मूल कारणों की पहचान करना और उन्हें जड़ से सुलझाने का प्रयास करना है। उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी को वर्ष 2047 तक एक विवाद-मुक्त समाज की स्थापना का प्रयास करना चाहिए और इस लक्ष्य में हमारा व्यक्तिगत योगदान राष्ट्र की एक महान सेवा होगी। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर न्यायमूर्ति जी.एस. अहलूवालिया, न्यायमूर्ति मिलिंद रमेश फड़के, न्यायमूर्ति आशीष श्रोती, न्यायमूर्ति अमित सेठ, न्यायमूर्ति आनंद सिंह बहरावत एवं न्यायमूर्ति राजेश कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

### एक सराहनीय प्रदर्शन

प्रशासनिक दक्षता एवं न्याय के प्रति प्रतिबद्धता के एक सराहनीय प्रदर्शन में, जिला इंदौर ने इस विशेष जेल लोक अदालत में विभिन्न श्रेणियों में कुल 57 प्रकरणों का निपटारा कर राज्य में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि पुलिस कमिश्नरेट, इंदौर ने मुख्य न्यायाधीश के प्रेरणादायी उद्गारों को आत्मसात करते हुए एक अधिक उदार एवं मानवीय दृष्टिकोण अपनाया तथा निवारक उपायों के अंतर्गत गिरफ्तार एवं बंदी बनाए गए व्यक्तियों द्वारा की गई क्षमा-याचना पर अनुकूल विचार करते हुए उनकी समयबद्ध रिहाई एवं समाज में पुनर्एकीकरण को सुगम बनाया। विभिन्न श्रेणियों के प्रकरण, जिनमें दोष स्वीकृति (प्ली बार्गेनिंग) के प्रकरण, आपराधिक शमनीय प्रकरण, लघु अपराध प्रकरण, संक्षिप्त प्रकरण, दीवानी एवं वैवाहिक मामले तथा संबंधित सांविधिक प्रावधानों के अंतर्गत प्रकरण सम्मिलित थे, लिए गए, जिससे बड़ी संख्या में प्रकरणों का निपटारा हुआ और अनेक बंदियों की रिहाई सुनिश्चित हुई।

#### निगम कर्मचारी वेंडरों से ले रहा था 200 महीना

# निगम कर्मचारी वेंडरों से ले रहा था 200 रुपए महीना

### विरोध करने पर कर दी सप्लाई बंद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम के एक आउटसोर्स कर्मचारी द्वारा अवैध वसूली का मामला सामने आया है। जिस स्ट्रीट लाइट का बिल निगम भर रहा था, उसे चालू रखने के बदले कर्मचारी स्ट्रीट वेंडरों से 200 रुपए प्रति माह वसूल रहा था। मामला तब उजागर हुआ, जब सब्जी मंडी में लाइट बंद होने की शिकायत सामने आई। शिकायत मिलने पर महापौर मुकेश टटवाल फ्रीगंज सब्जी मंडी पहुंचे। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पाया गया कि निगम का आउटसोर्स कर्मचारी धीरज स्ट्रीट लाइट के पोल से सब्जी विक्रेताओं को अलग से कनेक्शन देकर उनसे 200 रुपए मासिक



### सभी व्यापारियों की लाइट जल्द चालू कराने के निर्देश दिए

सब्जी विक्रेता बाबू रायकवार ने बताया कि वे दो-तीन दिन से शिकायत कर रहे थे, लेकिन कर्मचारी पैसे देने पर ही लाइट चालू करने की बात कहता था। उसने गणेशपुरा तक कई लोगों को इस तरह कनेक्शन दे रखे थे। मामले की जानकारी मिलते ही महापौर ने नगर निगम आयुक्त को अवगत कराते हुए मंडी के सभी व्यापारियों की लाइट जल्द चालू कराने के निर्देश दिए और दोषी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की बात कही। उन्होंने कहा कि जिस लाइट का बिल निगम भर रहा है, उसी से अवैध वसूली करना गंभीर मामला है। जांच के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### नालों की सफाई का कार्य जारी

नगर निगम उज्जैन द्वारा प्रतिवर्ष बारिश के पूर्व शहर के चिन्हित बड़े नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य किया जाता है जिससे वार्डो में जल भराव की स्थिति निर्मित नहीं होती है इसी क्रम में निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया की वर्षा काल से पूर्व शहर के समस्त वार्ड अंतर्गत प्रमुख बड़े एवं चिन्हित नाले नालियों की सफाई का कार्य प्रारंभ किया जाए उक्त सफाई कार्य निरंतर जारी है। नाला सफाई के क्रम में नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा जेसीबी मशीन, पोकलेन मशीन, छोटी बॉबकेट मशीन एवं नाला गैंग के कर्मचारियों द्वारा सफाई कार्य किया जा रहा है जिसके क्रम में मंछामन मल्टी के पीछे का नाला, नीलगंगा चौराहे के नाले की सफाई का कार्य किया गया।

## तालाबों की नैनो एरेटर तकनीक से सुधर रही पानी की गुणवत्ता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर के तालाबों की बिगड़ती स्थिति को सुधारने के लिए नगर निगम ने नैनो डिफ्यूजर सॉफ्ट एरेटर तकनीक का प्रयोग शुरू किया है। इसकी शुरूआत क्षीरसागर तालाब से की गई है, जहां 10 दिनों से यह तकनीक काम कर रही है। अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और शुरूआती निरीक्षण में पानी की गुणवत्ता में सुधार देखा गया है।

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने हाल ही में स्थल निरीक्षण किया, जिसमें पानी पहले की तुलना में साफ नजर आया। शहर में शिप्रा नदी के साथ-साथ सप्त सागर का धार्मिक और पर्यावरणीय महत्व है, लेकिन जल प्रवाह नहीं होने से तालाबों का पानी अक्सर दूषित हो जाता है। इससे मछलियों और अन्य जलीय जीवों की मृत्यु होती है। गर्मी में बदबू के कारण आसपास रहना भी मुश्किल हो जाता है। क्षीरसागर में बड़ी संख्या में मछलियां हैं, लेकिन ऑक्सीजन की कमी के कारण उनकी मौत की घटनाएं सामने आती रही हैं। इस समस्या के समाधान के लिए निगम ने यह तकनीक शुरू की है।

## न्यूज ब्रीफ

### गौमाता को 'राष्ट्रमाता' का दर्जा देने की मांग

**इंदौर।** देश की सांस्कृतिक आत्मा और कृषि का आधार मानी जाने वाली गौ माता को राष्ट्रमाता का संवैधानिक दर्जा दिलाने के लिए संत समाज और गौरक्षकों ने निर्णायक हुंकार भरी है। गो सम्मान आवाहन अभियान के तहत सोमवार को इंदौर में संतों और गौ-भक्तों के बड़े समूह ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इससे पहले बड़ी संख्या में संत और गौ-रक्षक धोबीघाट मैदान में एकत्र हुए। यहां से रैली निकाली गई, जो कलेक्टर कार्यालय तक पहुंची। रैली में शामिल लोगों के हाथों में तख्तियां थीं। कलेक्टर कार्यालय के बाहर पुलिस ने बैरिकेडिंग की थी और सीमित लोगों को ही अंदर जाने की अनुमति दी गई, जहां प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा।

### श्री सत्य साईं बाबा आराधना दिवस पर भजन संध्या आयोजित

**उज्जैन।** श्री सत्य साईं सेवा समिति उज्जैन के तत्वावधान में राजेंद्र जैन सभागृह, क्षीरसागर में श्री सत्य साईं बाबा का आराधना दिवस श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण रहीं सिवनी की प्रसिद्ध भजन गायिका श्रीमती श्रद्धा साहू। उन्होंने अपनी सुमधुर वाणी में सत्य साईं नाम सदा सुखदाई और मानव सेवा ही माधव सेवा जैसे आराधनांजलि भजनों की प्रस्तुति देकर सभागृह में उपस्थित सैकड़ों भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम में तबला वादन पं. शैलेंद्र भट्ट ने एवं हारमोनियम पर अजय मेहता ने संगत दी।

### मंत्री सिलावट ने नागालैंड के राज्यपाल से की सौजन्य भेंट

**इंदौर।** नागालैंड राज्य के राज्यपाल नंद किशोर यादव के इंदौर प्रवास के दौरान प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने आज रेसीडेंसी कोठी में उनसे सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मंत्री श्री सिलावट ने राज्यपाल श्री यादव का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। भेंट के दौरान विभिन्न समसामयिक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। मंत्री श्री सिलावट ने राज्यपाल श्री यादव को इंदौर एवं मध्यप्रदेश में हो रहे विकास कार्यों, विशेषकर जल संसाधन प्रबंधन, सिंचाई परियोजनाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

### बारिश के बाद रात का तापमान 3 डिग्री गिरा

**इंदौर।** इंदौर में रविवार को भीषण गर्मी और हीट वेव के बाद शाम को हुई बारिश से कुछ राहत मिली है। रात के तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस गिरावट आई है। हालांकि इस दौरान भी गर्मी का असर रहा। सोमवार सुबह बादल छाए और फिर धूप चढ़ने लगी है। दिन बढ़ने के साथ ही गर्मी का अहसास बढ़ने लगा है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक सोमवार को भी दिन और रात गर्म रहेंगे। दो दिन बाद तापमान में गिरावट आएगी और पारा 3 से 4 डिग्री गिर सकता है। रविवार को इस सीजन का सबसे गर्म दिन था जिसने लोगों को हलाकान कर दिया था। इस दौरान इस सीजन का सबसे ज्यादा तापमान 43.0 (+2) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था।


### सीएम अहीर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुए शामिल

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चंबल मैया का आशीर्वाद मध्यप्रदेश और राजस्थान दोनों प्रांतों को मिल रहा है। हमारा प्रदेश अनेक नदियों के उद्गम के कारण नदियों का मायका है। मध्यप्रदेश और राजस्थान जोड़ीदार प्रदेश हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद से स्वीकृत पार्वती- काली सिंध -चंबल अंतर्राज्यीय परियोजना से मध्यप्रदेश और राजस्थान लाभान्वित होंगे। पीकेसी प्रोजेक्ट मध्यप्रदेश और राजस्थान के लिए आर्थिक समृद्धि के द्वार खोलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कोटा जिले में श्रीकृष्ण यदुवंशी अहीर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 16 संस्कारों में पाणिग्रहण संस्कार शामिल है। विवाह ही कुल और गोत्र को आगे बढ़ाते हुए अमरता देते हैं। विवाह से जीवन साथी के साथ बेटियों को नए माता- पिता मिलते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामूहिक विवाह समारोह में नव दंपतियों को आशीर्वाद और मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान में सामूहिक विवाह काफी उपयोगी हैं। मेरे अपने बेटे का विवाह सादगी पूर्वक किया था। परिवारों को खर्चीले विवाहों के कारण आर्थिक कष्ट उठाने होते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने समाज का मार्गदर्शन किया।

### डॉ. प्रभु चौधरी ने शिक्षक संचेतना को दिया राष्ट्रव्यापी स्वरूप

**उज्जैन।** राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के 23 वर्ष पूर्ण होने पर 375वीं राष्ट्रीय आभासी गोष्ठी का आयोजन किया गया। 'राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना की व्याप्ति और डॉ. प्रभु चौधरी की भूमिका' विषय पर आयोजित इस गोष्ठी में वक्ताओं ने डॉ. चौधरी के योगदान पर विस्तार से चर्चा की। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलानुशासक, हिंदी विभागाध्यक्ष एवं संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शैलेंद्रकुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि डॉ. प्रभु चौधरी का व्यक्तित्व दूरदर्शिता, अनुकूलशीलता, स्पष्टवादिता, त्वरित निर्णय क्षमता और संवेदनशीलता जैसे गुणों से संपन्न था। उन्होंने ही राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना को राष्ट्रव्यापी स्वरूप प्रदान किया। नागरी लिपि परिषद् के महामंत्री डॉ. हरि सिंह पाल ने डॉ. प्रभु चौधरी के नाम पर एक पुरस्कार शुरू करने और उनके कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही।

## न्यूज कालम



### कलेक्टर ने व्यायामशाला का निरीक्षण, किया,नियमित रखरखाव के दिए निर्देश

**आलीराजपुर।** कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने कलेक्टर कार्यालय परिसर में खेल विभाग के तत्वाधान में स्थापित व्यायामशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यायामशाला में उपलब्ध उपकरणों एवं सामग्री की स्थिति का जायजा लिया।कलेक्टर श्रीमती माथुर ने जिला खेल अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी उपकरणों का समय-समय पर सुचारू प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने व्यायामशाला की नियमित साफ-सफाई बनाए रखने तथा निर्धारित समय पर इसे खोलने के निर्देश भी दिए।उन्होंने कहा कि आज की व्यस्त जीवनशैली में स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी को प्रतिदिन योग और व्यायाम अपनाने की सलाह दी।इस दौरान जिला खेल अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया



**मनावर।** धार जिला गौ सेवक मैत्री संघ के तत्वाधान में आज गौ सम्मान अभियान के अंतर्गत गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग को लेकर गंधवानी तहसीलदार को भारत के माननीय प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, प्रदेश के माननीय राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन दिया गया। कार्यक्रम में अनेक समाजसेवी संगठन तथा गौ भक्तों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में सेवानिवृत पूर्व संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं इंदौर उज्जैन संभाग डॉक्टर गुलाब सिंह डावर,जिला अध्यक्ष सीताराम सोलंकी, गंधवानी ब्लॉक अध्यक्ष भारत सिंह मंडलोई तथा अन्य गांव के पटेल, सरपंच, पत्रकार, समाज सेवी आदि उपस्थित थे। अंत में कार्यक्रम का आभार राजाराम पटेल पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत सोयला ने व्यक्त किया।

### ऑल इज वेल हॉस्पिटल में नि :शुल्क महिला रोग स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**बुरहानपुर।** ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा 26 अप्रैल रविवार को आल इज वेल हॉस्पिटल में निःशुल्क महिला रोग स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 100 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के डॉ. मोनिश गुप्ता (स्त्री रोग विशेषज्ञ) एवं डॉ. किमाया शाली (स्त्री रोग विशेषज्ञ) के द्वारा महिलाओं को होने वाली स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का परामर्श किया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रहने की सलाह दी गई। शिविर में सभी मरीजों की निःशुल्क सोनोग्राफी, कॉल्पोस्कोपी, ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच की गई।

### सुरक्षा में लापरवाही बरतने वाले सीमेंट फैक्ट्री के दो कर्मचारियों को सजा

**नीमच।** श्रीमती शुभा रिछारिया दीक्षित, न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जावद, जिला-नीमच द्वारा थाना जावद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खोर स्थित सीमेण्ट फैक्ट्री में परस्थ फैक्ट्री के सिविल इंजीनीयर एवं एक अन्य कर्मचारी की लापरवाही के कारण कलर का कार्य कर रहे मजदूर की मृत्यु हो जाने से आरोपी सिविल इंजीनीयर शशिकांत पिता रामनाथ तिवारी, उम्र-41 वर्ष, निवासी-विक्रम सीमेंट फैक्ट्री, ग्राम-खोर, जिला-नीमच एवं एक अन्य कर्मचारी मदनलाल पिता गोपालराम सैनी, वर्ष, निवासी-गुडगांव (हरियाणा) को धारा 304ए भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 6-6 माह के सश्रम कारावास एवं 500-500 रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ रितेश कुमार सोमपुरा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 8 वर्ष पूर्व दिनांक 27,02,.2018 की दिन के लगभग 11 बजे थाना जावद क्षैत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खोर में स्थित जिप्सन कनवेयर बेल्ट सीमेंट मील (विक्रम सीमेंट फैक्ट्री) की हैं। घटना दिनांक को फैक्ट्री में अन्य मजदूरों के साथ हुकमसिंह भी कलर करने हेतु ऊपर साईट की तरफ गया था, जहाँ कार्य के दौरान कलर करते समय प्लेट टूट जाने से वह प्लेट सहित नीचे जमीन पर गिर गया, जिससे आई चोटों के कारण उसकी मृत्यु हो गई थी।

### गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत जनआंदोलन देखने को मिला

**नीमच।** देशभर सहित नीमच जिले में भी गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत सोमवार को व्यापक जनआंदोलन देखने को मिला। गौभक्तों, गौसेवकों, संत समाज और आम नागरिकों ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। नीमच में संयुक्त तहसील भवन पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को दिया गया।इस दौरान शहर में रोटरी भवन से संयुक्त तहसील भवन तक भव्य पैदल मार्च निकाला गया। हाथों में तख्तियां और बैनर लिए लोगों ने गोवंश संरक्षण के समर्थन में नारे लगाए और गौमाता के सम्मान में अपनी एकजुटता प्रदर्शित की। अभियान के तहत जिले की सभी तहसीलों में भी इसी प्रकार कार्यक्रम आयोजित किए गए।ज्ञापन में प्रमुख रूप से देशी गोवंश को च्च्राष्ट्रमाताज्ज एवं च्च्राष्ट्र आराध्याज्ज का संवैधानिक दर्जा देने की मांग की गई है। साथ ही केंद्र स्तर पर च्च्गोसेवा मंत्रालयज्ज की स्थापना, पूरे देश में एकीकृत गो संरक्षण कानून लागू करने तथा गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की बात भी प्रमुखता से उठाई गई। अभियान से जुड़े प्रतिनिधियों का कहना है कि तस्करी, सड़क दुर्घटनाओं और उचित संरक्षण के अभाव में देशी गायों की संख्या लगातार घट रही है।

## गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत

# सैकड़ों गौभक्तों ने रैली निकालकर गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत जिले के सैकड़ों गौभक्तों ने तहसील कार्यालय, बहादरपुर रोड तक शांतिपूर्ण एवं अनुशासित सांकेतिक रैली निकाली। रैली के उपरांत गौभक्तों ने तहसीलदार को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम गोवंश संरक्षण, संवर्धन एवं सम्मान से संबंधित विस्तृत संवैधानिक मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस दौरान च्गौ माता को बनाएं राष्ट्र माताज के नारे लगे।

अभियान के जिला संरक्षक ठाकुर प्रियांक सिंह ने कहा कि यह अभियान किसी राजनीतिक दल या संस्था का नहीं बल्कि वेदलक्षणा गोमाता एवं नंदी बाबा की प्रेरणा से राष्ट्रप्रेमी भारतवासियों द्वारा स्वस्फूर्त रूप से संचालित है।



जिला संयोजक देवा मराठे, महेश चौहान, प्रीतम महाजन ने बताया कि अभियान पूर्णतः निस्वार्थ, अहिंसक एवं राष्ट्रहित में है। जिला प्रभारी प्रकाश पालीवाल व सत्यनारायण लड्ढा ने कहा कि गोवंश हमारी सांस्कृतिक धरोहर, ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है। इसे बचाना हर भारतवासी का संवैधानिक एवं नैतिक कर्तव्य है।

दिनेश सुगंधी, आशीष शर्मा, गायत्री मोरे ने सभी गोभक्तों, संतों एवं जागरूक नागरिकों से अपने-अपने क्षेत्रों में इस अभियान को मजबूती प्रदान करने की अपील की। राजेश बजाज, मुकेश डालमिया, हेमंत दलाल, दिनेश राठौर, नारायण चंदेल, सागर कोली सहित सैकड़ों गौभक्त, संत समाज के प्रतिनिधि एवं जागरूक नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। गौभक्तों ने गोमाता के प्रति अटूट श्रद्धा और राष्ट्रहित की भावना से कार्यक्रम में भाग लिया।

**ज्ञापन के मुख्य बिंद**

ज्ञापन में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 48 एवं अनुच्छेद 51(द्द) की मूल भावना का हवाला देते हुए निम्नलिखित प्रमुख मांगें की गई हैं:

अखिल भारतीय वेदलक्षणा गोवंश को "राष्ट्रमाता / राष्ट्र आराध्या" का संवैधानिक दर्जा प्रदान किया जाए तथा इसे विधिक व्यक्तित्व के रूप में मान्यता दी जाए। गोवंश की तस्करी, क्रूर वध एवं किसी भी प्रकार की शारीरिक क्षति को संज्ञेय एवं गैर-जमानती अपराध घोषित कर राष्ट्रव्यापी कठोर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

केंद्रीय गोसेवा मंत्रालय की स्थापना की जाए तथा विभिन्न राज्यों में प्रचलित असंगत गोसंरक्षण कानूनों को निरस्त कर एक एकीकृत केंद्रीय गोसेवा एवं संरक्षण अधिनियम बनाया जाए, जिसमें आजीवन कारावास जैसे कठोर दंडात्मक प्रावधान एवं संपत्ति राजसात के प्रावधान शामिल हों।

## नेशनल लोक अदालत की सफलता के लिए अधिवक्ता गण के साथ बैठक




**सनावद।** न्यायाधीश श्री मो असलम दहलवी साहब एवं आकांक्षा गर्ग न्यायाधीश महोदय ने कहा कि ने कहा कि लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों में राजीनामे करे लोक अदालत को सफल बनाए आप सभी के प्रयास से आगामी नेशनल लोक अदालत में लोक अदालत में प्रकरण के निपटारे किए जा सके अभिभाषक संघ अध्यक्ष महोदय द्वारा श्री गणेश मालवीय जी ने कहा की राजीनामा योग्य प्रकरणों में राजिनामे कराने हेतु अधिक से अधिक प्रयास किया जाएगा समस्त सम्मानिय अधिवक्ता गण ने भी कहा कि राजीनामे प्रकरणों में भरचक प्रयास करेंगे जिससे लोक अदालत सफल बने लोक अदालत में प्रकरण निपटाने के प्रयास जिससे प्रकरण में अधिक से अधिक निपटारा हो न्यायाधीष गण द्वारा कहा की लोक अदालत सफल बनाए एवं प्रकरणों का निपटारा कराए और लोक अदालत को सफल बनाएं इस बीच सम्माननीय अधिवक्ता गण कृष्णराव सोनाने , नोमान शादाब ,जेके यादव, जयेश यादव, एजीपी गोपाल चौहान, करोले ,सतबीर खनूजा, त्रिवेदी, श्वेता माहेश्वरी, भारत पटेल एवं समस्त सम्माननीय अधिवक्ता गण न्यायालय खंड पीठ सदस्य रविन्द्र अम्बिया मौजूद थे

## कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत लंबित मामलों पर संबंधित के विरुद्ध अर्थदंड लगाने के दिए निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली आगामी बैठक के बिंदुओं पर विभागवार विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही नामांतरण, बटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए।

लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत लंबित मामलों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि समय सीमा से बाहर होने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों पर अर्थदंड लगाया जाए।साथ ही नवीन शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए हॉस्टल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए।

जनगणना कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती माथुर ने इसे राष्ट्र का महत्वपूर्ण कार्य बताते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गंभीरता से इसे पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपने-अपने विभागों के कर्मचारियों को स्व-गणना के लिए प्रेरित करने और स्व-गणना करवाने के निर्देश दिए।

## गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध और गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

भारत में गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध और गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग को लेकर नगर में सोमवार को विशाल गौ सम्मान आह्वान अभियान यात्रा निकाली गई। यात्रा सब्जी मंडी से प्रारंभ हुई और नगर के प्रमुख मार्गों और चौराहों से होते हुए माता चौक बस स्टैंड पहुंची।यात्रा में नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के गौसेवक,गौपालक,

कृषक,बजरंग दल,विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ता एवं सकल हिंदू समाज के नागरिक उपस्थित थे।यात्रा के दौरान गौसेवक गौहत्या रोकने के नारे लगा रहे थे।बस स्टैंड पर गौसेवकों ने राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री एवं राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।

ज्ञापन में भूख,बीमारी,दुर्घटनाओं,तस्करी और क्रूर हत्याओं के कारण देश में निरंतर कम हो रहे गौवंश पर चिंता व्यक्त की गई।ज्ञापन में भारतीय संविधान के 'राज्य के नीति निदेशक तत्व' के अनुच्छेद 48 के अंतर्गत आधुनिक और वैज्ञानिक आधार पर कृषि और गौपालन को संगठित करने की मांग की गई है। गोवंश की तस्करी और वध को संज्ञेय एवं गैर-जमानती अपराध की श्रेणी में रखा जाए। गोवंश भारतीय सभ्यता की सांस्कृतिक और आर्थिक धुरी है।इसलिए भारतीय गोवंश को "राष्ट्र आराध्या" अथवा "राष्ट्रमाता" के रूप में आधिकारिक संवैधानिक मान्यता प्रदान की जाए।

## मंदसौर में 30 अप्रैल को जिला स्तरीय रोजगार मेला, 500 से अधिक पदों पर होगी भर्ती

**मंदसौर।** जिला प्रशासन और जिला रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में 30 अप्रैल को शासकीय आईटीआई परिसर मंदसौर में एक वृहद जिला स्तरीय युवा संगम एवं रोजगार मेले का आयोजन होने जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। यह मेला प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। इस मेले में तकनीकी और गैर-तकनीकी क्षेत्रों की लगभग 10 प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल होंगी, जो करीब 500 से अधिक रिक्त पदों पर चयन करेंगी। इसमें केस स्किल्स डेवलपमेंट सेंटर, गेल इंस्टीट्यूशन ऑफ स्किल, मदरसन कंपनी, ग्लोबल मैनपावर, एसआईएस लिमिटेड और राजस्थान टेक्सटाइल मिल्स जैसी संस्थाएं मशीन ऑपरेटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, सुरक्षा गार्ड और प्रोडक्शन जैसे पदों के लिए भर्ती करेंगी। वहीं स्थानीय स्तर पर टाटा डीलरशिप, एचडीएफसी लाइफ और एलआईसी द्वारा सुपरवाइजर, असिस्टेंट ऑपरेटर और इंश्योरेंस एजेंट के पदों पर अवसर दिए जाएंगे। भर्ती के लिए शैक्षणिक योग्यता 5वीं उत्तीर्ण से लेकर स्नातक और आईटीआई निर्धारित है। चयनित युवाओं को उनकी कार्यकुशलता के आधार पर मंदसौर, नीमच, इंदौर, देवास, अहमदाबाद और गांधीधाम जैसे शहरों में नियुक्ति दी जाएगी।

## बाइक सवार महिला का दुपट्टा टायर में फंसने से गिरकर हुई मौत

**नीमच।** जिले के जीरन मार्ग पर रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 30 वर्षीय महिला की दुखद मौत हो गई। मिली जानकार अनुसार रविवार को बाइक पर सवार बाजार की महिला सीमा पत्नी कृष्णपाल सिंह, निवासी ग्राम फोपलिया, अपने भाई करूलाल के साथ बाइक से उपचार के लिए जीरन जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में चलते समय सीमा के गले में डला हुआ दुपट्टा अचानक बाइक के पिछले टायर में फंस गया। दुपट्टा फंसते ही बाइक का संतुलन बिगड़ गया और सीमा सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई।घटना के तुरंत बाद परिजन और राहगीरों की मदद से उसे जीरन चिकित्सालय ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। हालत में सुधार नहीं होने पर डॉक्टरों ने उसे उदयपुर के लिए रेफर किया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।सोमवार सुबह नीमच जिला अस्पतल में पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जा रहा है कि सीमा हाल ही में अपने ससुराल ग्राम सोनपुर, प्रतापगढ़ से अपने मायके फोपलिया आई थी।वाहन सवारी करते समय और असावधानी के चलते हुई आकस्मिक दुर्घटना से असमय मौत से परिवार में शोक व्याप्त हो गया है द्य

## महिला स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित, 127 महिलाओं ने लिया लाभ

**रतलाम।** वार्ड क्रमांक 17 ईश्वर नगर में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जय कैला माता शैक्षणिक एवं सामाजिक कल्याण समिति रतलाम द्वारा संचालित निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन लायंस क्लब रतलाम समर्पण के संयुक्त प्रयासों से किया गया। शिविर का आयोजन महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती अर्चना माहोर के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आंगनबाड़ी सुपरवाइजर शोभना कसेरा एवं क्षेत्रीय पार्षद अनीता कटारा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर में डॉ. अपूर्वा दवे (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, काशिव वर्धा नागपुर), डॉ. कामिनी वर्मा (दंत विशेषज्ञ) एवं डॉ. चन्द्रकान्ता राव (दंत चिकित्सक) ने निस्वार्थ भाव से निःशुल्क सेवाएं प्रदान कीं। इस दौरान महिलाओं की हाइट, वजन, ब्लड प्रेशर (बीपी), शुगर आदि की जांच की गई। साथ ही उपस्थित महिलाओं को विधिक सहायता संबंधी जागरूकता एवं नेत्रदान से संबंधित पेम्फलेट्स का वितरण भी किया गया। शिविर में मनीषा प्रजापत, किरण बहादर, प्रेमलता कछावा, शिवकन्या वाघेला (कार्यकर्ता), किरण सालवी, दीपिका बिलावत, कृष्णा सालवी एवं जया यादव (सहायिका) सहित अन्य जन उपस्थित रहे।

# बंगरेड गांव में दूल्हे पक्ष ने दहेज लेने से इंकार कर करीब 50 लाख रुपए की पेशकश लौटा दी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

उज्जैन जिले में सगाई समारोह में दहेज प्रथा के खिलाफ मिसाल देखने को मिली। बड़नगर तहसील के बंगरेड गांव में दूल्हे पक्ष ने दहेज लेने से इनकार कर करीब 50 लाख रुपए की पेशकश लौटा दी। फैसले की पूरे इलाके में चर्चा हो रही है।

रविवार को बंगरेड के लोटस रिसॉर्ट में तिलक समारोह हुआ। लोटस ग्रुप के मालिक जितेंद्र सिंह राजावत के बेटे आदर्श दीप राजावत की शादी देपालपुर क्षेत्र (इंदौर) के तामलपुर निवासी किसान महेंद्र सिंह पंवार की बेटी बिंदिया कुमारी से तय हुई।

समारोह में वधु पक्ष ने 25 लाख रुपए नकद और करीब 15 तोला सोना सगाई में देने की पेशकश की। दूल्हे आदर्श और उनके पिता जितेंद्र सिंह राजावत ने इसे लेने से मना कर दिया।

दूल्हे के पिता का कहना था कि हमें दहेज नहीं चाहिए। हमें बहू के रूप में बेटी चाहिए। उनके इस फैसले से समारोह में मौजूद लोग चौंक गए। जहां तिलक में दहेज को सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़ा जाता है, वहीं इस तरह का फैसला मिसाल है। राजावत परिवार ने नकदी और सोना लेने से मना कर दिया। वे विवाह को लेन-देन नहीं मानते। प्रतीकात्मक रूप से केवल एक सोने की अंगूठी स्वीकार की गई, जबकि नकद और बाकी आभूषण लौटा दिए गए।

क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह राजावत ने कहा- विवाह कोई सौदा नहीं है। हमें बहू के रूप में बेटी चाहिए, दहेज का पैसा नहीं। दहेज प्रथा गरीब परिवारों के लिए अभिशाप है और इसे खत्म करने के लिए प्रभावशाली लोगों को आगे आना चाहिए।

समारोह में मौजूद ग्रामीणों और रिश्तेदारों ने फैसले का समर्थन किया। कई लोगों ने इसे समाज के लिए आईना बताया, जहां दहेज के कारण परिवार आर्थिक दबाव में आते हैं। फैसले को सामाजिक पहल के रूप में देखा जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में दहेज की परंपरा गहराई से जमी हुई है, ऐसे में यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आदर्श दीप राजावत और बिंदिया कुमारी का विवाह नवंबर 2026 में होगा।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहर के मध्य डिवाइडरों पर हुआ पौधारोपण

**खरगोन ।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर को हराभरा एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। अभियान के तहत शहर के मध्य स्थित डिवाइडरों पर पौधारोपण किया गया, जिससे नगर की सुंदरता के साथ-साथ हरित वातावरण को भी बढ़ावा मिले।पौधारोपण कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, नगर पालिका सीएमओ सुश्री कमला कौल, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री भोलू कर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी श्री प्रकाश चित्ते सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने सहभागिता निभाते हुए पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन तथा स्वच्छ एवं हरित नगर के महत्व का संदेश दिया गया। जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से अधिकाधिक पौधारोपण करने एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण में सहयोग करने की अपील की, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण मिल सके।



## मंदसौर पुलिस का नशा तस्करों पर बड़ा प्रहार- 22 करोड़ 8 लाख 4 हजार की चल-अचल संपत्ति को फ्रीज

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

नशा तस्करों और उनके परिजनों द्वारा अवैध काली कमाई से खड़ी की गई संपत्तियों पर मंदसौर पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी और प्रभावी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस मुख्यालय भोपाल और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देशन में चलाए गए विशेष अभियान के तहत, जिले के तीन अलग-अलग थानों में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के 4 मामलों में तस्करों की कुल 22 करोड़ 8 लाख 4 हजार रुपये की चल-अचल संपत्ति को फ्रीज (कुर्क) करने के आदेश सक्षम अधिकारी सफेमा न्यायालय मुंबई द्वारा जारी किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित टीम और संबंधित थाना प्रभारियों द्वारा किए गए गहन वित्तीय अनुसंधान में यह सामने आया कि आरोपियों ने तस्करी के माध्यम से अकूत संपत्ति अर्जित की थी। पुलिस ने साक्ष्य जुटाकर वित्तीय जांच रिपोर्ट मुंबई स्थित सफेमा न्यायालय में पेश की, जहां सुनवाई के बाद कोर्ट ने इन संपत्तियों को फ्रीज करने के आदेशों पर मुहर लगा दी है।

इस बड़ी कार्रवाई में करीब 21 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति और 1 करोड़ 7 लाख रुपये से अधिक की चल संपत्ति शामिल है। प्राप्त विवरण के अनुसार, थाना भावगढ़ के आरोपी रामविलास पाटीदार निवासी रिंडा की 9 करोड़ 40 लाख रुपये की संपत्ति और इसी थाने के दूसरे आरोपी लक्ष्मीनारायण कुमावत निवासी कटलार की 4 करोड़ 92 लाख रुपये की अवैध संपत्ति कुर्क की गई है। इसके अलावा, थाना गरोठ के आरोपी कुशाल सिंह निवासी बरखेड़ी मिठ्ठु की 6 करोड़ 84 लाख रुपये की संपत्ति और थाना पिपलियामंडी के आरोपी उमराव सिंह निवासी तलाव पिपलिया की 9 करोड़ 6 लाख रुपये की अवैध चल-अचल संपत्ति को फ्रीज किया गया है।

## मरीज की मौत के बाद एमपी अस्पताल पहुंची जांच टीम:उज्जैन में एक्सीडेंट के बाद कराया था भर्ती

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के फ्रीगंज स्थित एमपी हॉस्पिटल में २२ अप्रैल को मरीज की मौत के बाद हंगामा हो गया था। परिजनो ने अस्पताल प्रबंधन की शिकायत की थी। इस मामले में सोमवार को सीएमएचओ उज्जैन के निर्देश पर डॉक्टरों का एक दल एमपी अस्पताल में पहुंचा और यहां दोनों पक्षों को सुना गया।

अब आगे की कार्रवाई के लिए सीएमचओ को जांच रिपोर्ट सौंपी जाएगी। दरअसल, बुधवार रात को बाइक सवार प्रताप आंजना को महामृत्युंजय द्वार के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिसके बाद कुछ लोगों ने उनकी मदद की और उन्हें एमपी अस्पताल में भर्ती कराया था।

सुबह प्रताप की मौत की खबर सुनने के बाद उसके परिजन अस्पताल पहुंचे और उन्होंने हंगामा कर दिया। आरोप लगाया कि हाथ और पैर में फ्रैक्चर था। सुबह चार बजे भी प्रताप ने बात की, इसके बाद सुबह अचानक डॉक्टरों ने बताया कि उसकी मौत हो चुकी है। परिवार वालों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाकर कार्यवाही के लिए सीएमएचओ को शिकायत दर्ज कराई थी।

घटना के बाद सोमवार को डॉ. विक्रम रघुवंशी, डॉ. प्रदीप सोमेश, डॉ. अजय दंडोतिया, डॉ. आदित्य रावल सहित विकास राजपूत फ्री गंज स्थित एमपी अस्पताल पहुंचे, जांच दल ने मरीज की फाइल देखी तो गड़बड़ी उसमें मिली।

डॉक्टरों की टीम ने अस्पताल प्रबंधन से पूछा कि 6 बजे डेथ डिक्लियर कर दी तो 6.30 बजे मरीज को क्यों चेक कर रहे थे। मरीज की मौत होने के बाद भी ड्यूटी डॉक्टर के साइन नहीं है। हालांकि, मामले में अस्पताल प्रबंधन ने जांच टीम को कोई जवाब नहीं दिया।

## न्यूज -कॉलम

### जिलाबदर बदमाश पकड़ाया, रासुका में भेजा जेल

**उज्जैन।** अपराधिक गतिविधियों में लगातार शामिल रहने वाले बदमाश मयूर पिता शरद व्यास 35 साल निवासी अभिलाषा कालोनी को नीलगंगा थाना पुलिस ने फरवरी माह में 6 माह के लिये जिलाधीश के आदेश पर जिले के साथ राजस्व सीमा से जिलाबदर कर दिया था। रविवार-सोमवार रात पुलिस गश्त के दौरान जिलाबदर बदमाश छुमछुम बाबा की दरगाह के पास घूमता दिखाई दिया। प्रधान आरक्षक सुनील रावत ने बताया कि आदेश का उल्लंघन कर शहरी सीमा में घूम रहे जिलाबदर बदमाश को घेराबंदी कर पकड़ा गया और उसके खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा कानून की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया। सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### स्पीड ब्रेकर से उलझी लोडिंग पिकअप, चार घायल

**उज्जैन।** झारड़ा के पास ग्राम ठिकरिया में रहने वाला परिवार पुत्र का रिश्ता तय होने पर टिका करने समीप के ग्राम रावणखेड़ी गया था। सोमवार शाम परिवार के 7-8 सदस्य लोडिंग पिकअप में सवार होकर वापस लौट रहे थे। झारड़ा के पास अचानक स्पीड ब्रेकर आने पर पिकअप उलझ गई। पीछे डाला खुलने पर परिवार में शामिल शेरू पिता मानसिंह बोडाना, विकास पिता उदयसिंह, रेखा पति ईश्वर और एक अन्य गिर गये। शेरू, रेखा और विकास को गंभीर चोंट आने पर उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया। शेरू और विकास का भर्ती किया गया है। रेखाबाई को उपचार के लिये निजी अस्पताल ले जाया गया है। एक घायल का उपचार झारड़ा अस्पताल में चल रहा है।

### बदमाश के पास से मिला 15 इंच लम्बा चाकू



**उज्जैन।** गोपालपुरा ब्रिज के पास बदमाश चाकू दिखाकर लोगों को धमकाकर भय पैदा कर रहा था। रात्रि गश्त पर निकले माधवनगर थाना एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम को लोगों ने सूचना दी तो वह गश्त टीम के साथ गोपालपुरा ब्रिज के पास पहुंचे। बदमाश ने पुलिस वाहन देख भागने का प्रयास किया। जिसे पीछा कर पकडा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 15 इंच से अधिक लम्बा चाकू बरामद हो गया। एएसआई गौतम ने बताया कि बदमाश से पूछताछ में उसका नाम अमान पिता इलियास खान 20 साल निवासी गांधीनगर पता चला। जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश किया। चाकू के साथ नीलगंगा थाना प्रधान आरक्षक विरेन्द्र दुबे ने रात में सूचना मिलने पर राजीव रत्न कालोनी से आनंदीलल पिता रामचंद्र खत्री निवासी आबूखाना कोलूखेडी भैरवगढ़ को गिरफ्तार किया। जिसके पास से खटेकदार चाकू बरामद हुआ है। बदमाश किसी संगीन वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। मामले में आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। चिमनगंज थाना पुलिस ने भी सर्कल भ्रमण के दौरान संदिग्धों की तलाशी के दौरान जस्सू का ढाबा के पास से सचिन मालवीय निवासी बापूनगर और औद्योगिक क्षेत्र झुग्गी बस्ती से चेतन कुशवाह निवासी भैरू महाराज की गली के पास से चाकू बरामद किया है।

### बाइक सवार वृद्ध दंपती को ट्रेक्टर चालक ने कुचला

**उज्जैन।** भाटपचलाना थाना क्षेत्र में देवरुंडी मार्ग खरसौदकला में देर शाम बाइक सवार वृद्ध दंपती मूलचंद पिता शंकरलाल परमार 65 साल और उनकी पत्नी कलाबाई परमार 60 साल निवासी ग्राम सलवा को तेजगति से दौडते ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 13 झेड एक्स 9146 के चालक ने कुचल दिया। गंभीर घायल वृद्ध घायल दंपती को लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर भाटपचलाना पुलिस ने अस्पताल पहुंच घायल पति-पत्नी के बयान दर्ज कर ट्रेक्टर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर लिया। चालक दुर्घटना के बाद मौके से भाग निकला था।

### साईड देने की बात पर 2 वाहन चालकों में विवाद

**उज्जैन।** तराना थाना क्षेत्र के तलाब की पाल के पास राज पिता किशोर परमार निवासी मालीपुरा तराना ट्रेक्टर लेकर गुजर रहा था। वहीं निगम कालोनी तराना में रहने वाला नितिन पिता रामचंद्र पाटीदार कार लेकर आ गया। दोनों के बीच पहले साईड देने की बात पर विवाद हो गया। कार में सवार नितिन ने ट्रेक्टर चालक के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। ट्रेक्टर चालक राज ने अपने साथियों को बुला लिया और नितिन के साथ मारपीट की। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 179-7 | 135-9 |
| मेन बाजार | 388-9 | |
| कल्याण नाइट | 339-5 | 370-0 |
| मिलन डे | 359-1 | 569-0 |
| मिलन नाइट | 448-6 | 119-1 |
| मधुर डे | 299-0 | 146-1 |
| मधुर नाइट | 226-0 | 389-0 |
| शुभांक | 1 5 | 1 |

2 माह की जांच में उजागर हुई दंपति की करतूत....

# रिश्ता कराने के नाम 410 लोगों को लगाया था चूना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रिश्ता कराने के नाम पर हजारों की धोखाधड़ी करने वाले दंपति के खिलाफ 2 माह से जारी जांच में बडा खुलासा हुआ है। दंपति ने 410 लोगों से रजिस्ट्रेशन शुल्क के नाम पर हजारों रूपये जमा कराये थे, लेकिन रिश्ता नहीं कराया था, ना ही जमा कराई राशि वापस लौटाई थी।

माधवनगर थाना क्षेत्र के मिनी चौपाटी पर श्री शुभारंभ नाम से संस्था खोल गोपाल उमठ और उसकी पत्नी शबाना उर्फ सानवी ने रिश्ता तय कराने का काम शुरू किया था। उन्होने अपनी संस्था के पम्पप्लेट प्रदेश के साथ ही अन्य राज्यों में वितरित कराये थे। 25 फरवरी को ग्राम सतबडा तहसील जावर जिला सिहोर के रहने वाले विष्णुदास पिता चरणदास बैरागी ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि उसने पर्चा मिलने पर श्री शुभारंभ संस्था से संपर्क किया था। संस्था के ऑफिस आने पर उससे रजिस्ट्रेशन शुल्क के नाम पर 16 हजार रूपये जमा कराये गये और 12 रिश्ते दिखाने की बात कहीं। सालभर गुजर जाने के बाद भी रिश्ता नहीं कराया, ना ही रूपये वापस किये जा रहे है। पुलिस ने श्री शुभारंभ संस्था पर दबिश मारी। इस दौरान पता चला कि रिश्ता कराने के नाम पर लोगों के साथ धोखाधडी की जा रही है। पुलिस ने संस्था के ऑफिस से दस्तावेज जप्त किये और गोपाल के साथ उसकी पत्नी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। गोपाल उमठ की गिरफ्तारी कर ली गई थी। जबकि उसकी फरार पत्नी ने अग्रिम जमानत प्राप्त कर ली। इस दौरान मामले की जांच जारी थी। एसआई सालगराम चौहान ने बताया कि मामला उजागर होने के बाद रिश्ता कराने के नाम पर धोखाधडी का शिकर लोगों ने थाने आकर शिकायत दर्ज कराना शुरू कर दिया। 2 माह में 410 लोग सामने आ चुके है। जिनके अनुसार किसी से 11 हजार, कुछ से 21 हजार और कुछ लोगों से 16 हजार रूपये लिये गये। लेकिन किसी का भी रिश्ता नहीं कराया गया। जांच के दौरान पता चला है कि आफिस में कुछ युवतियां भी काम करती थी, जिनके बयान दर्ज किये है। फिलहाल जांच जारी है, गोपाल उमठ और उसकी पत्नी के साथ काम करने वालों की धोखाधडी में संलिप्त पाई गई तो उन्हे भी आरोपी बनाया जायेगा।

### लडकियों को दिये जाते थे 200 रूपये रोज

पुलिस जांच में पता चला कि रिश्ता कराने के नाम पर जिन लडकियों को दिखाया जाता था और उनके साथ माता-पिता दिखाई जाते थे। उन्हे 200-200 रूपये रोज दिये जाते थे। लडकी दिखाने के दौरान उन्हे चुप रहने को कहा जाता था। पुलिस ने ऐसी कुछ लडकियों के बयान भी जांच के दौरान दर्ज किये है। यहीं नहीं संस्था द्वारा उज्जैन के लोगों का रिश्ता नहीं कराया जाता था। वह दूसरे राज्यों और जिलों से आने वालों को अपने जाल में फंसाते थे। उन्हे रिश्ता नहीं होने पर 25 प्रतिशत राशि वापस करने की बात कहीं जाती थी और आकाउंट नम्बर लिया जाता था, लेकिन आकाउंट में राशि नहीं भेजी जाती थी।

### लडकी दिखाते थे, बाद में कर देते थे मना

एसआई सालगराम चौहान के अनुसार रिश्ता तय कराने के नाम पर गोपाल उमठ और उसकी पत्नी द्वारा 12 रिश्ते दिखाने की बात कहीं जाती थी। एक-दो दिन बाद लडकी दिखाई जाती थी, जिसके साथ उसकी मां भी शामिल होती थी। लडके द्वारा लडकी को पसंद किया जाता था तो उससे कहा जाता था कि लडकी और उसके परिजन तुम्हारे घर आयेगें। लेकिन कुछ दिन बाद लडके और उसके परिवार को बताया जाता था कि लडकी ने शादी करने से मना कर दिया है। उसके बाद महिनों तक उसे दूसरा रिश्ता दिखाने का झांसा दिया जाता था। कुछ परिवार को 3-4 लडकियां दिखाई जाती थी लेकिन उन्हे भी बाद में लडकी या उसके परिवार द्वारा लडका पसंद नहीं आने की बात पर रिश्ता नहीं कराया जाता था।

# मिशन कम्पाउंड में बदमाशों ने फोड़े कार के कांच

## रात 1.57 बजे पर कैमरे में कैद हुआ घटनाक्रम





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

घरों के बाहर खड़े वाहनो के कांच फोडने का मामला एक बार फिर सामने आया है। इस बार बदमाशों ने मिशन कम्पाउंड में खडी कार के कांच फोडे। कैमरे में 2 बदमाश दिखाई दिये है। पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू की है।

माधवनगर थाना क्षेत्र के मिशन कम्पाउंड में रहने वाले संदीप कुमार मीणा फार्मा कंपनी में सुपरवाइजर है। रात में उन्होने अपनी कार क्रमांक एमपी 13 सीबी 6504 घर के बाहर कम्पाउंड में खडी की थी। सोमवार सुबह जब वह कंपनी जाने के लिये कार के पास पहुंचे तो आगे और पीछे दोनों साईड के कांच फूटे हुये थे। रात में अज्ञात बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया था।

मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई। इस दौरान कम्पाउंड में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। जिसमें रात 1 बजकर 57 मिनट पर 2 बदमाश आते दिखाई दिये। जिन्होने अपनी बाइक कुछ दूर खडी की और कार के पास आये। दोनों ने पत्थरों से कार के कांच पर वार किये और भाग निकले। फुटेज समाने आने के बाद पुलिस ने दोनों की तलाश शुरू की है। कार के कांच फोडने का यह पहला मामला नही है। पूर्व में कई थाना क्षेत्रों में घरों के बाहर खडे वाहनों के कांच फोडने के मामले सामने आ चुके है। कुछ वारदातों में नाबालिग होना सामने आये है। जिनके हिरासत में आने पर उनके परिजनों द्वारा नुकसान की भरवाई कर पुलिस और वाहन मालिकों से अपने बच्चों की करतूत पर क्षमा मांगी थी।

# हिरासत में आये आगजनी में शामिल 2 नाबालिग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ढांचा भवन में 11 अप्रैल की रात मकान पर पेट्रोल डालकर आग लगाने और हवाई फायर कर दहशत फैलाने वाले बदमाशों में शामिल 2 नाबालिग सोमवार को पुलिस की हिरासत में आ गये। दोनों को न्यायालय में पेश कर बाल संप्रेक्षणगृह भेजा गया है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के ढांचा भवन में रहने वाले बदमाश रौनक गुर्जर के मकान में 11 अप्रैल की रात पांच बाइक पर सवार होकर आये एक दर्जन से अधिक बदमाशों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। बदमाशों ने क्षेत्र में हवाई फायर भी किया था। आगजनी का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने संज्ञान लिया था। वही रौनक गुर्जर के पिता मनोहर गुर्जर की शिकायत पर आगजनी का प्रकरण दर्ज किया था। वीडियो फुटेज के आधार पर 13 बदमाशों को चिन्हित किया गया था। आगजनी में शामिल 2 नाबालिग सोमवार को पुलिस हिरासत में आ गये। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि दोनों नाबालिग बापूनगर और बजरंग नगर के रहने वाले है। जिन्हे दोपहर में कोर्ट पेश किया गया था। जहां से बाल संप्रेक्षणगृह भेजा गया है। विदित हो कि 3 दिन पहले पुलिस ने मामले से जुडे किशोर पटेल निवासी चिंतामण और कुख्यात बदमाश छिंगू बुंदेला के रिश्तेदार रितेश उर्फ राजा शर्मा को गिरफ्तार किया था। जिनके पास से देशी कट्टा और 2 जिंदा कारतूत बरामद किये गये थे। इससे पहले 14 अप्रैल को संतोष परमार पुलिस की गिरफ्त में आ गया था। अब तक पांच आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। 8 अब भी फरार है, जिनकी तलाश जारी है। सभी बदमाश बुंदेला गैंग से जुडे होना सामने आये है। जिनकी बदमाश रौनक गुर्जर के साथ सालों पुरानी रंजीश चली आ रही है।

# लापता मासूम बालिका को 25 मिनट में तलाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



लापता हुई मासूम बालिका के लापता होने की खबर पुलिस को मिली तो खोजबीन शुरू की गई। 25 मिनट की तलाश के बाद बालिका को खोज लिया गया। बालिका के सकुशल मिलने पर परिजनों की आंखों से खुशी के आंसू फूट पडे।

माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि नागझिरी स्थित क्षिप्रा विहार में रहने वाला विरेन्द्र सेन अपनी पत्नी के साथ फ्रीगंज शॉपिंग के लिये आया था। उसके साथ साडू की 3 वर्षीय बेटी भी थी। शॉपिंग के दौरान अचानक मासूम बालिका लापता हो गई। बालिका के नहीं मिलने पर खबर फैली की कोई उठाकर ले गया है। मामले की खबर मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये और लोगों से पूछताछ शुरू की गई। करीब 25 मिनट बाद बालिका कुछ दूरी पर वी मार्ट शोरूम से सकुशल मिल गई। बालिका परिजनों के खरीददारी करते समय टहलते हुए पास के शोरूम में चली गई थी। थाना प्रभारी के अनुसार विरेन्द्र मूलरूप से सतना का रहने वाला है। उज्जैन एयरटेल में जॉब होने पर क्षिप्रा विहार कालोनी में निवास कर रहा है। बालिका के सकुशल मिलने पर उनकी आंखों से खुशी के आंसू निकल आये थे। उन्होने पुलिस की तत्परता का आभार माना।

### बिजली के तार जोड रहे युवक की करंट लगने से मौत

**उज्जैन।** घर में बिजली बोर्ड में फाल्ट होने तार जोड़ रहे युवक को करंट लगा गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। खबर मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव अस्पताल लाया गया। चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम असलाना से सोमवार दोपहर विजय पिता रामचंदर केवट 20 साल को मृत अवस्था में चरक अस्पताल लाया गया। जहां पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि परिवार मजदूरी करता है। सुबह माता-पिता और भाई मजदूरी पर चले गये थे। विजय घर पर अकेला था, उसी दौरान बिजली बोर्ड में फाल्ट हो गया। विजय ने तार जोडने का प्रयास किया उसी दौरान करंट लगने से उसकी मौत हुई है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। परिजनों के बयान और घटनास्थल की जांच के बाद विवेचना शुरू की जायेगी।

### परिवार सुंदरकांड में गया था घर में लग गई आग



**उज्जैन।** सुंदरकांड में शामिल होने गये परिवार के मकान में रविवार-सोमवार रात आग लग गई। आगजनी में पूरे घर का सामान जल गया। घटना का पता चलने पर परिवार लौटकर आया।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के इंदिरानगर 90 क्वार्टर क्षेत्र में रहने वाले मनोज कुमार तेजवानी रविवार रात रिश्तेदार द्वारा रखे गये सुंदरकांड में शामिल होने गया था। इसी बीच आधी रात को मकान में अचानक आग लग गई। रात का समय होने पर देरी से घटनाक्रम का पता चला। आसपास के लोगों ने धुआं निकलता देख तेजवानी परिवार को सूचना दी। रात में ही परिवार लौटा और मेनगेट खोला तो घर में रखा इलेक्ट्रिानिक और घूरेल सामान पूरी तरह से जल चुका था। मनोज कुमार ने बताया कि आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल पाया है। संभवत‑ बंद मकान में शार्ट सर्किट हुआ होगा। आगजनी में लाखों का नुकसान हुआ है।


### क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उज्जैन लोक सुनवाई की आम सूचना

सर्वसबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 के प्रावधानों के अन्तर्गत M/s Shri Balwant Singh S/o Shri Arjun Singh, Kanakhedi Eklaspur Stone (Gitti & M-Sand) Quarry, Mining of Minerals, Production Capacity: 10,000 M $^3$/year Stone (Gitti) & 10,000 M$^3$ /year M-Sand, Area: 2.0 Hect. Khasra No. 165 Village Kanakhedi Eklasp[ur, Tehsil Mahidpur District Ujjain (M.P.) के लिए भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रस्तावित परियोजना से संबंधित परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर उज्जैन (2) कार्यालय जिला पंचायत, उज्जैन (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र उज्जैन (4) ग्राम पंचायत कानाखेडी एकलासपुर तहसील महिदपुर जिला उज्जैन (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक-3, राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 17, भरतपुरी उज्जैन में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की वेबसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) के कार्यालय मे लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस प्रस्तावित परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 10.06.2026 को समय दोपहर 03:00 बजे से स्थान आवेदित स्थल, ग्राम कानाखेडी एकलासपुर तहसील महिदपुर जिला उज्जैन में आयोजित की जायेगी, जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

**( क्षेत्रीय अधिकारी )**
**उज्जैन**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भुमि स्वामी हाफिज पिता रेहमत खां जी निवासी ग्राम नजरपुर व कृषक ग्राम लखाहेडा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन की स्वामित्व अधिपत्य कि कृषि भूगि सर्वे सर्वे क्रमांक 387/2/1/2 रकबा 0.20 हेक्टर सर्वे नम्बर 387/3/2 का रकबा 0.80 आरे कुल कित्ता 2 कुल रकबा 1.00 हेक्टर स्थित ग्राम- लखाहेडा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित होकर मेरे पक्षकार ने उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा कर लिया गया है। जिसकी बयाना राशि मेरे पक्षकार केता ने विक्रेता को अदा कर अपने नाम की सोदा चिटठी तैयार करवा लि गई है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसाइटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 05 (पांच) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका विधिवत निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में विक्रय पत्र का सम्पादन करवा लिया जावेगा। बाद गुजरने अवधि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होकर शून्यवत होगी। सो सूचित हो। इति: दिनांक- 27/04/2026 स्थान-घट्टिया

**शादाब मन्सुरी सर्विस प्रोवाईडर एण्ड स्टाम्प वेन्डर**
**कार्यालय तहसील परिसर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन**
**मो. 8878601187-8770092900**

### जाहिर सूचना

जगदीश यादव पिता नानूराम जी यादव, रानी पति जगदीश यादव निवासीगण-बजरंग कॉलोनी मक्सी रोड थाना पवासा उज्जैन म.प्र को पृथक करने बाबत सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जगदीश यादव पिता नानूराम जी यादव, रानी पति जगदीश यादव निवासीगण बजरंग कॉलोनी मक्सी रोड थाना पवासा उज्जैन म.प्र का निवासी हूँ मेरा पुत्र शरद उर्फ बादल यादव विगत 03 वर्षो से गलत लोगों के संगत मे पड गया है एवं अज्ञात औरत के संपर्क में रह रहा है और मेरे पुत्र शरद उर्फ बादल यादव का मेरे व मेरे परिवार से कोई सम्पर्क नही है। जिस कारण से मेरे पुत्र शरद उर्फ बादल यादव से हमने रिश्ता तौड दिया है व मेरे पुत्र शरद उर्फ बादल यादव को मेरे घर से व जायदात से भी बेदखल कर दिया है जिस कारण से मेरे पुत्र शरद उर्फ बादल यादव से हमारा कोई लेना देना नहीं है मेरे पुत्र शरद उर्फ बादल यादव के व्यवहार से समाज के किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी व कोई क्षत्ति होती है तो उसकी समस्त जवाबदारी मेरे पुत्र शरद उर्फ बादल यादव की रहेगी। इसमें हमारा कोई हस्तक्षेप नही रहेगा।

**शैलेन्द्र प्रजापत ( एडवोकेट )**
**कार्यालय ऑफिस न. 163 सी 21 मॉल**
**प्रथम मंजील नानाखेडा उज्जैन म.प्र.**
**मो.न. 9713540193**

# होर्मुज और समोसा




आज से दो महीने पहले तक होर्मुज का नाम किसको पता था? हां, ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध अवश्य हो रहा था, लेकिन उससे हमें क्या? ये लोग तो लड़ते रहते हैं। हम अपनी दुनिया में मस्त थे, लेकिन जब ईरान ने होर्मुज को बंद कर दिया और उस मार्ग से गुजरने वाले तेल के जहाजों के आवागमन बंद हो गए, तब लोग अचानक जाग गए। युद्ध की आग हमारे किचन तक पहुंच गई, गैस के सिलेंडर की किल्लत होने लगी, तब होर्मुज का नाम हर जुबान पर चढ़ गया। यह नाम इतना अजीब सा था कि इसे याद करने में मुझे तीन दिन लग गए। पहले तो लोग इस युद्ध को एक फिल्म की तरह देख रहे थे, लेकिन अब रोज सुबह लोग एक-दूसरे से बात करने लगे, ईरान की क्या स्थिति है? ट्रंप क्या कह रहे हैं? मैंने भी पहली बार मध्य-पूर्व का पूरा भूगोल देख लिया, उनका इतिहास पढ़ डाला। मैं तो ओशो मेडिटेशन रिजॉर्ट में रहती हूं, हमें तो सब कुछ बना-बनाया मिलता है, तब मैं क्यों होर्मुज को लेकर परेशान हुई? हुआ यह कि एक दिन अचानक हमारे मेन्यू से समोसा गायब हो गया! वह काउंटर, जहां खस्ता समोसों का पिरामिड रचा हुआ रहता था, बिल्कुल खाली था। उसके साथ उसकी संगिनी, तली हुई हरी मिर्चें होती थीं, वे भी मातम मनाने चली गईं। जिन लोगों ने ओशो वाला समोसा नहीं खाया है, वे नहीं जानेंगे कि यह कितना बड़ा सदमा हो सकता है। आप दुनिया भर में घूमे होंगे, लेकिन यहां जो समोसा बनता है उसका जायका ही अलग है। न जाने इसने ओशो का आशीर्वाद ले रखा है या और कोई राज है। ऐसा रूहानी समोसा न मिले, तो कैसी उदासी छा जाती है, आप सोच भी नहीं सकते। समूचे परिसर पर उदासी का साया मंडराने लगा। समोसा-विहीन नाश्ते से ध्यान की गहराई पर भी असर पड़ने लगा। अब लोग समोसे के बजाय रोज होर्मुज की बातें करने लगे, खुल गया कि बंद है? किस देश के लिए खुला? जिनका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था, ऐसे लोग भी भारत और ईरान के संबंधों को लेकर चिंतित होने लगे। और कल अचानक समोसा वापस लौटा! उसके साथ सदा सुहागन हरी मिर्चें भी थीं। समोसा क्या आया, होठों पर मुस्कराहट लौट आई। यह सब क्या था? एक अदना समोसे ने हमारी ऋतु क्यों बदल दी? यह डोपामीन नामक एक रसायन का खेल था। जब आपको कुछ बहुत अच्छा लगता है, तो दिमाग से एक रसायन पैदा होता है, जिसे ह्यहैप्पी हार्मोनह्व भी कहा जाता है। यह आपके खून में बहने लगता है और वह चीज आपको सम्मोहित कर देती है। पूरा कमाल उसका है। वह न मिले, तो हैप्पी हार्मोन को अनहैप्पी होते देर नहीं लगती।



सम्पादकीय

## अमेरिका में असुरक्षा

अमेरिकी राष्ट्रपति की मौजूदगी में आयोजित रात्रिभोज-कार्यक्रम के दौरान एक व्यक्ति द्वारा की गई गोलीबारी बहुत चिंता का विषय है। यहां एक बड़ा सवाल यह पैदा हुआ है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर सीधे हमले का इरादा था या विरोध जताने की आपराधिक कोशिश? दोनों ही स्थितियों में यह हमला निंदनीय और अफसोसजनक है। इससे अमेरिकी सुरक्षा व्यवस्था की साख पर सवाल पैदा होते हैं कि एक बंदूकधारी व्हाइट हाउस के कार्यक्रम में कैसे प्रवेश कर गया? क्या व्हाइट हाउस के निकट ही स्थित उस होटल की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त नहीं थी? यह अमेरिकी एजेंसियों के लिए जांच का विषय होगा कि इस हमले के पीछे केवल वैचारिक विरोध है या जेहादी मानसिकता या किसी दुश्मन देश की साजिश या ड्रग माफिया की कारस्तानी? ध्यान रहे, अमेरिका की सबसे बड़ी प्रतिष्ठा यही है कि वह तुलनात्मक रूप से अन्य देशों से ज्यादा सुरक्षित माना जाता है। उसने अपनी सुरक्षा के लिए पैसा पानी की तरह बहाया है और इसके बावजूद ऐसी कोताही गंभीर बात है। ईरान या अन्य देशों के लोगों को सुरक्षा देने का दावा करने वाले अमेरिका की अपनी उच्चस्तरीय सुरक्षा में लगी यह सेंध सबक है।

जिस वक्त गोलियां चलीं, उस समय वहां अमेरिकी राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति, रक्षा और विदेश मंत्री सहित अनेक संवाददाता भी मौजूद थे। डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर हमलावर की तस्वीरें खुद जारी की हैं। उन्होंने बताया है कि संदिग्ध कैलिफोर्निया का रहने वाला है और घटना के समय उसके पास कई हथियार थे। हमलावर के पास अनेक हथियार का होना तो और भी चिंता की बात है। यह बात भी गौर करने की है कि ईरान पर हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने रक्षा और खुफिया कार्यों में लगे अनेक अधिकारियों को पद से हटाया है। क्या उनकी नई रक्षा टीम पर्याप्त सशक्त और सचेत नहीं है? कोई शक नहीं कि इस हमले के बाद कम से कम व्हाइट हाउस के कार्यक्रमों की सुरक्षा को चाक-चौबंद कर दिया जाएगा। इससे आगे बढ़कर ट्रंप को अपनी रणनीतियों की भी समीक्षा करनी चाहिए। विश्व में ही नहीं, देश के स्तर पर भी ट्रंप की नीतियों के आलोचक बढ़ रहे हैं। जो बुद्धिजीवी ट्रंप के धुर समर्थक थे, वे भी ट्रंप के प्रति खुलकर असंतोष जताने लगे हैं। अपने प्रति बढ़ रही नाराजगी के बारे में भी ट्रंप को ईमानदारी से विचार करना चाहिए। यह कहना ही चाहिए कि अपने दूसरे कार्यकाल में ट्रंप दुनिया में समाधानों को नहीं, समस्याओं को बढ़ा रहे हैं।

जलगंगा संवर्धन अभियान

## संरक्षित जल, सुरक्षित कल : जल गंगा संवर्धन अभियान


संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

जलगंगा संवर्धन अभियान चल रहा है `जल गंगा संवर्धन अभियान में महत्वपूर्ण जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए प्रयास कर इस अभियान में नदियों के उद्गम स्थलों के संरक्षण के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। नर्मदा नदी के दोनों ओर दो किलोमीटर के क्षेत्र में किसानों को ऑर्गेनिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक है। कुओं, तालाबों, बावड़ियों आदि जल स्त्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण के लिए स्थानीय जनता के सहयोग की भी दरकार है। प्रदेश में जल एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण की दिशा में संरक्षित जल, सुरक्षित कल की महत्वपूर्ण पहल प्रशंसनीय है। देखा जाए तो कई क्षेत्रों में पानी की कमी दिखाई देती है जैसे बेंगलुरु में जलस्तर घट गया है। सुझाव है कि जल व्यर्थ ना बहावे। बल्कि जल को बचाया जा सके ऐसा उपाय करें । जल की कमी से सारे कार्य रुक जाते है।देश भर में राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2022 मध्य प्रदेश को प्रथम स्थान मिला था।जल संसाधनों के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रयास, पानी की नीति, सिंचाई के लिए माइक्रो इरीगेशन तकनीकी का प्रयोग,नई माइक्रो इरीगेशन परियोजनाओं का क्रियान्वयन, जल उपयोग की दक्षता,जल-संरचनाओं का पुनरुद्धार, सीवेज एवं औद्योगिक अपशिष्ट पानी को उपचारित कर पुनः उपयोग आदि क्षेत्रों में किए प्रयासों व उपलब्धियों के लिए मिला था।नदियो व अन्य जल संरचना यथा तालाब, झील, कुआ, बावड़ी आदि हमारी संस्कृति व परंपरा मे पूजा के स्थल रहे है, इनकी अनुपलब्धता या दूषित होने पर हेंड पम्प व नलकूप की पूजा करके भी परंपरा का निर्वाह किया जाता रहा है लेकिन प्राकृतिक जल संसाधनों के रख-रखाव के प्रति समुचित जिम्मेदारी का अभाव सा ही रहा है।जल संरक्षण के जरिये हम पूरी तरह स्थानीय स्तर पर आत्मनिर्भर बन सकते है। उल्लेखनीय है कि माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने इस संबंध में जनप्रतिनिधियों से भी अपील की है। उन्होंने कहा कि जन सामान्य के लिए ग्रीष्म ऋतु में प्याऊ लगवाने की परंपरा प्राचीन काल से रही है। जल संरक्षण के साथ-साथ जल की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने मीडिया को दिए संदेश के माध्यम से प्रदेशवासियों से जल गंगा अभियान के अंतर्गत बूंद- बूंद जल बचाने के लिए संचालित होने वाली गतिविधियों में सहभागिता करने का भी आह्वान किया।जो की प्रशंसनीय पहल है।

दूसरे पहलू की और तनिक झांके तो दम तोड़ते झरनों को बचाने में जुटी सरकार,1931 झरने हुए पुनर्जीवित जल संरक्षण के अंतर्गत हिमालयी क्षेत्र के आधे से अधिक बारहमासी झरनों के सूखने पर नीति आयोग ने जताई चिंता जताई थी। इससे चिंतनीय प्रश्न खड़े हुए। उल्लेखनीय है कि देश में पहली बार होगी झरनों की गिनती की खबर सुर्खियों में आई थी।जल स्त्रोतों की गणना में झरनों की गणना से एक नई दिशा कलकल के स्वर के साथ प्राप्त होगी।जो जल के अभाव में सूखे पड़े हुए थे।वर्तमान में जीवित झरने एवं मृत झरने भी गणना से आकड़े को देखे तो देश में कुल चिन्हित झरने 4327 है जिनमें से1931 झरनों को पुनर्जीवित किया गया। जो अनुपात के हिसाब से कम ही है। मध्यप्रदेश में भी कई पर्वत मालाएं है।जिनमे भी बरसात में झरने दिखाई देते है। उनके दर्शन हेतु लोग जाकर झरनों का आनन्द लेते है। राज्यों की सूची में मप्र के नाम भी जोड़ा जाना चाहिए। ताकि जो मृत झरने है उन्हें भी पुनर्जीवित किया जा सकें। पहाड़ी झरनों के ऊपर कही कही जो नदी,नाले के प्रवाह है उसमें रुकावट नही होनी चाहिऐतभी झरने बारिश के मौसम के अलावा अन्य मौसम में भी दर्शनीय होंगे क्योकि नदियां यदि प्रवाहमान है तो पहाड़ क्षेत्रों में बहने वाले झरनों की वजह से।झरने देखने लायक होते हैं। चाहे वे कम ऊंचाई वाले होंझरनों में कुछ ऐसा आकर्षण होता है जो ध्यान अपनी ओर खींच लेता हैजब झरने का पानी का सीधे नीचे गिरता हुआ पानी के पीछे की चट्टान की सतह से संपर्क बनाता है जो जीवित होने का प्रतीक होता है।झरना नदी या नाले में कोई भी बिंदु होता है जहाँ पानी एक ऊर्ध्वाधर बूंद या खड़ी बूंदों की एक श्रृंखला के ऊपर से बहता है।खैर ,म प्र शासन नदियों के जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से , 2026 संग झरनों की कायाकल्प कर उन्हें पुनर्जीवित करें तो ये भागीरथी प्रयास से मप्र एक सौगात के रूप में पर्यटकों को प्राप्त होगो

देखा जाए तो मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में यूं तो कई वृहद ,मध्यम जल परियोजनाएं निर्मित हैएवं लघु तालाब भी निर्मित है` पक्षीयों का ज्यादा संख्या में एक साथ आना और बड़ी जल परियोजनाओं के तटों पर जल,एवं आहार मिल जाता है`किंतु जब सूखा या अल्प वर्षा की स्थिति निर्मित हो तो अभ्यारणों में कृत्रिम जल संरचनाएं जगह- जगह ज्यादा संख्या में निर्मित किया जाना चाहिए। ताकि उनमे जल बाहर से लाकर भरकर गर्मी में पक्षियों और वन्य जीवों को सुलभता से प्राप्त हो सके और प्यास के कारण उनको मरने से बचाया जा सके`क्योकि पृथ्वी रहने का जितना अधिकार इंसानों का है उतना अधिकार पशु - पक्षियों का भी है । एक जानकारी के मुताबिक यदि 100 क्यूबिक से.मी. जल में एक कोलीफार्म बैक्टीरिया हो तो जल दूषित माना जाता है। जल बोर्ड को भी चाहिए की इस प्रदूषण को रोकने में अपना दायित्व निभाए`राज्य में बहने वाली कुछ नदियों को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा गया था। सभी राज्य अपने क्षेत्र मे बहने वाली नदियों के शुद्धिकरण का प्रयास करे तो देश की मुख्य पवित्र नदियों स्वच्छ हो कर देश के लोगों को स्वस्थता प्रदान अवश्य करेगी।स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ जल का होना आवश्यक होता है ,अस्वच्छ जल से कई बीमारिया उत्पन्न होती है जिनसे उभरने हेतु इन्सान आर्थिक रूप से कमजोर हो जाता है। जिस तरह से आबादी बढ़ रही है उसका प्रभाव हमारे जल प्राप्ति के संसाधनों पर पड़ता देखा जा सकता है`फलस्वरूप पेयजल मे प्रतिवर्ष कमी होती दिखाई देने लगी है इसका प्रमाण बाजारों मे बंद बोतलों पानी बिकता है।यह भी सच है की जल की मात्रा का आकलन जनसंख्या मे बांटने से पेयजल - घरेलु वापरने,औद्योगिक अन्य उपयोग (सिंचाई को छोड़कर )असंतुलित हुआ है।हालांकि योजना बनाते समय तकनीकी गणना के आधार पर पानी की मात्रा का आकलन किया जाता है किन्तु नई योजना बनने की गति धीमी और जनसंख्या बढ़ने की गति ज्यादा होने से ये असंतुलन पनपता है। जीवन के लिए स्वच्छ जल का होना आवश्यक होता है ,अस्वच्छ जल से कई बीमारिया उत्पन्न होती है जिनसे उभरने हेतु इन्सान आर्थिक रूप से कमजोर हो जाता है`

## संस्कारों की नीलामी और सोफे का दर्शन

मिश्रा जी ने अपनी मेहनत की कमाई से एक बहुत बड़ा बंगला बनवाया। बैठक में दो लाख का इटालियन सोफा रखा गया, जिस पर बैठते ही इंसान धंस जाता था। मिश्रा जी की पत्नी ने सख्त हिदायत दी थी– इस सोफे पर कोई बच्चा नहीं चढ़ेगा और कोई मेहमान चाय नहीं पिएगा। घर का 'संस्कार' अब सोफे की हिफाजत बन गया था। मिश्रा जी के बूढ़े पिता, जो गांव से आए थे, उस सोफे पर बैठने से डरते थे। वे घर के कोने में एक पुरानी लकड़ी की कुर्सी पर बैठे रहते। एक दिन घर में एक बड़ा 'किटी पार्टी' का आयोजन हुआ। मिश्रा जी की पत्नी ने सबको अपने 'संस्कार और संस्कृति' पर लेक्चर दिया, जबकि बूढ़े पिता को पिछवाड़े के कमरे में छिपा दिया गया ताकि वे 'एस्थेटिक्स' न बिगाड़ें। पार्टी में सबने 'वेस्टर्न म्यूजिक' पर 'संस्कारी डांस' किया और विदेशी वाइन के साथ 'भारतीय मूल्यों' पर चर्चा की। अचानक बूढ़े पिता बाहर आ गए और उन्होंने एक मेहमान से पानी मांग लिया। मिश्रा जी की पत्नी का चेहरा उतर गया। पार्टी खत्म होने के बाद उन्होंने मिश्रा जी से कहा, इन्हें वापस गांव छोड़ आइए, ये हमारे 'स्टैंडर्ड' को सूट नहीं करते। मिश्रा जी ने चुपचाप सिर झुका लिया। कुछ सालों बाद, मिश्रा जी का बेटा बड़ा हुआ। उसने मिश्रा जी और उनकी पत्नी को एक 'ओल्ड एज होम' में भर्ती करवा दिया। जब मिश्रा जी ने विरोध किया, तो बेटे ने शांति से कहा, पापा, आप नए सोफे के साथ मैच नहीं कर रहे थे। और हाँ, मैंने सोफा 'ओएलएक्स' पर बेच दिया है, अब वहां मेरा 'गेमिंग कंसोल' रखा जाएगा। मिश्रा जी को उस दिन समझ आया कि उन्होंने घर की दीवारों को तो मजबूत किया, पर उन रिश्तों की नींव को 'डिजाइनर फर्नीचर' के नीचे दबा दिया था। अब वहां केवल सोफे की गंध थी, अपनों की गर्माहट नहीं।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 28 अप्रैल 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 06:00 सूर्यास्त 18:49
वैशाख मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - द्वादशी 18:51 उपरांत त्रयोदशी
नक्षत्र - उत्तराफाल्गुनी 22:36 उपरांत हस्त
योग - व्याघात 21:04 उपरांत हर्षण
करण - बालव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कन्या में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्काद मास 10 तारिख

**मेष-** धन प्राप्ति में अवरोध दूर होंगे। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है।

**वृषभ-** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। कुसंगति से बचें। चिंता रहेगी।

**मिथुन-** नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**कर्क-** विवाद को बढ़ावा न दें। प्रमाद से बचें। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**सिंह-** यात्रा मनोरंजक रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में बुद्धिबल से उन्नति होगी। आय में निश्चितता रहेगी।

**कन्या-** दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय बढ़ेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**तुला-** जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में सहकर्मियों का साथ रहेगा। थकान रहेगी।

**वृश्चिक-** आय में वृद्धि होगी। कारोबार लाभप्रद रहेगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

**धनु-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। अधिकार प्राप्ति के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।

**मकर-** नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें। विवाद से बचें। लाभ होगा।

**कुंभ-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। मानसिक बेचैनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मीन-** प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। सोच-समझकर निर्णय लें। पुराना रोग उभर सकता है। अनहोनी की आशंका रहेगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

व्यंग्य

## पड़ोसी कुछ भी बोले ...!


कमलेश कंवल
(दैनिक अवन्तिका)

एक पुराना गाना है। यूं तो उसको सुनना मनभावन होता है लेकिन व्यक्ति और स्थान गलत हो जाए तो उस गीत को सुनना आ बैल मुझे मार से कम नहीं होता है। वो गीत है जोशी पड़ोसी कुछ भी बोले.....। मेरे दुर्भाग्य से मेरा पड़ोसी भी जोशी है। बस समझ लो मेरे कान तरस गए है इस गाने को सुनने के लिए। छिप छिपा कर सुनता हूं। लेकिन आज सुबह चूक हो ही गई। फिर क्या था कई दिनों से मौका ताड़े बैठा जोशी पड़ोसी आस्तिने मोड़ते हुए मुझ पर राशन पानी लेकर चढ़ बैठा था।अच्छा मैं पागल हूं। मुझे तो समझ ही नहीं है कुछ भी। क्या बोलना चाहिए क्या नहीं बोलना चाहिए। अच्छा मैं कुछ भी बोलता हूं! मूर्ख समझा है क्या ? मै कुछ बोल पाता उसके पहले ही उसके मुंह से छूटा फव्वारा सीधे मेरे चेहरे पर आ कर लगा था।वो वही नहीं रुका। आगे बढ़ते हुए बोला मैं कुछ भी बोलता रहूं और तुम कुछ भी नहीं बोलोगे क्यों? ज्यादा समझदार हो या मैं कोई डॉन वान हूं जिसके मारे डर के तुम्हारे मुंह में दही जम जाता है... चीखता चिल्लाता जैसे वो आया था वैसे ही चला भी गया। ये देखकर एक पुरानी खटारा बस पे लिखा हुआ अमृत कथन बरबस ही याद आ गया था आया रे दाऊ। गया रे दाऊ।

इस संस्मरण का मतलब ये नहीं है कि पड़ोसी खराब होते है, पड़ोसी इससे ज्यादा खराब भी हो सकते है। अब चीन को ही देखो उसकी लाल आंखे देखकर तो हमारा सारा फेसबुकिया राष्ट्रप्रेम हवा हो जाता है लेकिन पाकिस्तान का हरापन हमको दिखाई भर दे जाए फिर तो हमारा व्हाट्सएपिया राष्ट्रीय गौरव हिरन की तरह कुलांचे मारने लगता है और हमारी व्हाट्सअप्पी बुद्धि तत्काल जागृत हो कर चिल्ला चोट करने लगती है कि जरूर पैर में चक्की बांध कर हिरणा कूदा होय । हमारे देखते देखते ही हमारा पैदा किया हुआ टटपुंजिया देश हरे रंग में रंगा जा रहा है और हम सोशल मिडिया पर रात दिन लगे हुए है उसको नेस्तनाबूद करने में। गांधारी का मायका हो या बुद्ध का भूतपूर्व वर्मा या लंकेश की लंका हो जिसमें अब श्री भी जुड़ गया है सभी ने हमको दिन में ही तारे दिखाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी है और तो और क्या पिद्दी क्या पिद्दी का शोरबा जैसा द्वीप जहां माल ही माल है वो भी चाइनीज डोर से हमारा गला काटने पे आमादा है। खैर जाने दो। ये बड़े लोगो के मामले है बड़े लोग.. बड़े लोग।

हम तो अपने पड़ोसी की सोचते है जो किचन से आती हुई अदरक कुटने की आवाज भी सहन नहीं कर पाते है उन्हें भी पड़ोसी धर्म याद आ ही आता है जब उनका कोई पार्सल आया हो और वो घर पर न हो। फिर देखो उनकी चिरौरी करने की अदा। अच्छे अच्छे नेता भी उनसे पनाह मांगते दिखाई पड़ते है।अब तो पड़ोसी के चूल्हे से अपना चूल्हा जलाने के लिए आग उधार लेकर आने की जरुरत भी नहीं पड़ती है क्योंकि पड़ोसी चूल्हा तो क्या हमारे घर में ही आग लगाने के लिए एक पांव पे खड़ा रहता है। ऐसे अग्निवर्षक पड़ोसियों से घिरी हुई वर्तमान पीढ़ी भला कैसे विश्वाश करे कि किसी युग में पूरे मोहल्ले में एक शटर वाला टी वी हुआ करता था और सभी उसपर रामायण , चित्रहार देखा करते थे या शक्कर खत्म हो जाने पर पड़ोसी से एक कटोरी शक्कर उधार ले आया करते थे। वो दिन तो अब हवा हो गए है जब हम अपने दोस्तों रिश्तेदारों को पी पी यानि पास पड़ोस का फोन नंबर दिया करते थे और अच्छी बुरी सभी खबरें वही से आती जाती थी। बापड़ा पड़ोसी फोन आने पर बुलाने भी आता था और चाय भी पिलाता था। क्या दिन थे वो....! अब तारक मेहता को ही लो बापड़े को तो ये मालूम ही नहीं है कि उसने चश्मा उल्टा लगा रखा है और वो जो भी देख रहा है, हो रहा है सब कुछ उसका उल्टा। सोढ़ी को देखते ही जेठानंदों के मन में आतंक वादी वाली फिलिंग आने लगती है और अब्दुल को तो कॉलोनी में घर खरीदने तक नहीं देते है पड़ोसी ।

## बढ़ती गर्मी के प्रकोप से लू लगने की संभावना एवं समाधान


डॉ. बी.आर. नलवाया,
(दैनिक अवन्तिका)

मध्यप्रदेश में गर्मी के तेवर तेज हो गये है। गर्मी के तेवर और बढ़ेंगे अब यह तापमान 44 डिग्री पार करने वाला है। इस तरह अगले सप्ताह लू की चपेट पूरे देश में पाई जाएगी। इसके साथ ही देश के अनेक भागों में अधिक तापमान बढ़ता जा रहा है। पिछले वर्षों से लू का आलम बढ़ता हुआ देखा है । 2024 में औसतन 20 दिन लू चली। भारत जल्द ही उन देशों में होगा, जहां हिटवेव मानवीय सहनशक्ति की सीमा को पार कर जाएगी इससे डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक तो होगा ही अधिक तापमान से वायरस, बैक्टीरिया और मच्छर मक्खी जैसे वेक्टर तेजी से पनपेंगे जो भविष्य में नई महामारी को न्योता दे सकते हैं । ऐसी स्थिति में इससे बचना बहुत आवश्यक है। गर्मी की तेज धूप और झुलसा देने वाली गरम हवाओं को लू कहा जाता है। लू लगना ग्रीष्मकाल की बीमारी है। लू गर्मी के प्रकोप के कारण फैलती है ,जब हवाएँ और गर्म हो जाती है। ये हवाएँ तेज और शुष्क होने के कारण वातावरण की नमी सोख लेती है। इसके कारण मनुष्य के शरीर में नमक और पानी का बड़ा हिस्सा शरीर से निकलता तो खून की गरमी बढ़ने लगती है। इसके कारण प्यास बहुत अधिक लगती और सिर में भारीपन मालूम होने लगता है। गर्मी बढ़ने से तन शिथिल हो जाता है व त्वचा झुलस जाती है। शारीरिक गर्मी बढ़ने से मनुष्य लू की चपेट में आ जाता हैं लू लगने के कई कारण है। इसमें अधिक देर तक गर्म तेज हवा में घूमने-फिरने से, घूप में नंगे पावं चलने, शारीरिक रूप से कमजोरी, पोष्टिक आहार न लेना। लू लगने की अवस्था में शरीर के अंदर तापमान को नियंत्रण में रखने वाली प्रणालियाँ काम करना बंद कर देती है, जिससे शरीर के तापमान में वृद्धि होती और यह तापमान बढ़कर 106 से 108 डिग्री सेल्सियस हो जाता है। इससे ज्वर की तीव्रता से सिर में दर्द, बैचेनी, चक्कर आना, आँखों में जलन, अचानक बेहोशी, नाड़ी की गति में तेजी, खून की गति में तेजी और शरीर में ऐंठन लगती है, कभी-कभी उल्टियाँ भी होती तथा हाथ और पैर के तलुओं में जलन भी होती है।

### लू के घरेलू उपचार

- लू लगने पर तत्काल चिकित्सा उपलब्ध नहीं होने पर निम्न उपचार करना चाहिए
- डाक्टर के आने तक रोगी को तौलिया या चादर को पानी में भिगोंकर ओढ़ा देना, पहने हुए वस्त्र को हल्के वस्त्र में बदल देना और थोड़ी-थोड़ी देर में चादर को बदलना चाहिए।
- यदि बुखार 104 डिग्री से अधिक होने पर बर्फ की पट्टी सीर पर रखना चाहिए। इसको बार-बार बदलते रहने से बुखार जल्दी से उतारने का प्रयास करना चाहिए।
- लू लगे रोगी को प्याज का रस में शहद देकर चटाने के साथ प्याज का रस को पैरों के तले पर बार-बार रगड़ना चाहिए।
- रोगी को कुछ खिलाएँ नहीं इससे उल्टी हो सकती है।
- जौं का आटा व पीसा प्याज मिलाकर शरीर पर लेप करने से लू से तुरन्त आराम मिलता है। क्योंकि जो शीतलता प्रदान करता है व गर्मी दूर भगाता है।
- कैरी का पना विशेष लाभदायक होता है। कच्ची कैरी गरम राख पर मंद आँच वाले अंगार में भुनकर उसे गुदा को पानी में मसलकर उसमें जीरा, धनियां, शक्कर,काली मिर्च डालकर पना रोगी को पिलाना चाहिए।

धर्म-आस्था

## भीतर की सुप्त ऊर्जा का रहस्य : कैसे पाएँ जीवन में परम शांति

क्या आपकी भावनाओं के पीछे कोई अदृश्य ऊर्जा काम कर रही है? आखिर क्या है उस सूक्ष्म ऊर्जा का रहस्य, जो सही दिशा में बहकर आनंद, नृत्य और ध्यान में बदल जाती है—और गलत दिशा में वही क्रोध, तनाव और अवसाद का रूप ले लेती है? संदेश बिल्कुल स्पष्ट है—ऊर्जा नहीं, बल्कि उसकी दिशा आपके जीवन का गंतव्य तय करती है। जब आप इस सत्य को समझ लेते हैं, तो अपने भीतर शांति, संतुलन और सच्ची खुशी को जागृत करना संभव हो जाता है।

मनुष्य का जीवन केवल शरीर और विचारों से नहीं चलता, बल्कि उसके भीतर एक सूक्ष्म ऊर्जा भी निरंतर प्रवाहित होती रहती है। यही ऊर्जा हमारे व्यवहार, भावनाओं और मानसिक स्थिति को प्रभावित करती है। जब यह ऊर्जा सकारात्मक और जागरूक दिशा में बढ़ती है, तो उसका प्रभाव आनंद, सृजन और शांति के रूप में दिखाई देता है। वहीं, जब यही ऊर्जा नकारात्मक दिशा में बहती है, तो उसका परिणाम क्रोध, तनाव और अंततः अवसाद के रूप में सामने आता है।आध्यात्मिक परंपराओं में कहा गया है कि जब मनुष्य



के भीतर सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है, तो उसका स्वाभाविक रूप नृत्य के रूप में प्रकट हो सकता है। यह नृत्य केवल शारीरिक गतिविधि नहीं होता, बल्कि भीतर की प्रसन्नता और जीवंतता की अभिव्यक्ति होता है। जैसे-जैसे चेतना जागृत होती है, मन हल्का और मुक्त महसूस करता है। उस अवस्था में व्यक्ति सहज ही गुनगुनाने, मुस्कुराने या नृत्य करने लगता है। यह ऊर्जा का उफान है।

जब यही ऊर्जा और अधिक परिपक्व होकर स्थिर होने लगती है, तब वह ध्यान में परिवर्तित हो जाती है। ध्यान का अर्थ है भीतर की शांति और जागरूकता। इस अवस्था में व्यक्ति बाहरी हलचल से हटकर अपने भीतर उ तार नो लगता है। नृत्य ऊर्जा का उत्सव है, जबकि ध्यान उसी ऊर्जा का शांत और गहरा रूप है।

इसके विपरीत, जब मनुष्य के भीतर नकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है, तो उसका पहला रूप क्रोध के रूप में दिखाई देता है। क्रोध, दरअसल, भीतर की असंतुलित ऊर्जा का विस्फोट है। जब मन में असंतोष, भय या अहंकार बढ़ता है, तो ऊर्जा अशांत हो जाती है और क्रोध के रूप में बाहर आती है।

यदि यह नकारात्मक ऊर्जा बाहर प्रकट नहीं हो पाती या लंबे समय तक भीतर ही दबकर रहती है, तो वह धीरे-धीरे डिप्रेशन (अवसाद) का रूप ले सकती है। अवसाद वह स्थिति है, जहाँ ऊर्जा ठहर जाती है और व्यक्ति निराशा, उदासी और खालीपन महसूस करने लगता है।

इस प्रकार, देखा जाए तो ऊर्जा स्वयं न तो अच्छी होती है, न बुरी; उसका स्वरूप इस बात पर निर्भर करता है कि वह किस दिशा में प्रवाहित हो रही है। यदि हम जागरूकता, प्रेम और ध्यान के माध्यम से अपनी ऊर्जा को सही दिशा दें, तो वही ऊर्जा आनंद और शांति का स्रोत बन सकती है।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,53,700 रवा- 1,53,500 चांदी- टंच- 2,44,000 पाट- 2,43,000।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**
**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर विशेष शिविरों का आयोजन

## पशु चिकित्सक भोजन और स्वास्थ्य के संरक्षक थीम पर हुआ व्यापक कार्यक्रम

**सारंगपुर।** विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर पशुपालन विभाग द्वारा सारंगपुर क्षेत्र में विभिन्ना स्थानों पर व्यापक पशु चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रमुख सचिव पशुपालन विभाग मध्य प्रदेश उमाकांत उमराव के निदेर्शानुसार एवं जिला कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्ना हुआ। कार्यक्रम का संचालन उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, जिला राजगढ के निर्देशन में किया गया। विकासखंड सारंगपुर के चयनित क्षीर धारा एवं वृंदावन ग्रामों में विशेष रूप से बांझपन निवारण शिविर, उपचार शिविर, औषधि वितरण, बधियाकरण, टीकाकरण, कृत्रिम गभार्धान एवं गर्भ परीक्षण जैसी महत्वपूर्ण पशु चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर के दौरान पशुपालकों को पशुओं के संतुलित आहार, रोगों की रोकथाम, डेयरी प्रबंधन एवं आधुनिक पशुपालन तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ग्राम पाटाडिया धाकड में आयोजित कार्यक्रम में एवीएफओ रामबाबू वर्मा साथ में ग्राम पंचायत पाटाडिया धाकड के सरपंच सुगन बाई जसमत सिंह राजपूत, कर्मचारी मोहनलाल के साथ साथ एवं ग्राम के अन्य पशुपालक उपस्थित रहे। इस अवसर पर पशुपालन विभाग की विभिन्ना योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया, जिसमें पशुपालकों को अनुदान, बीमा, टीकाकरण कार्यक्रम, दुग्ध उत्पादन बढाने की योजनाएं तथा पशुधन विकास से संबंधित सुविधाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को इन योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। विशेष रूप से क्षीर धारा ग्राम की अवधारणा एवं उसके मुख्य उद्देश्य पर भी प्रकाश डाला गया। बताया गया कि क्षीर धारा ग्राम का उद्देश्य दुग्ध उत्पादन को बढावा देना, उन्नात नस्ल के पशुओं का संवर्धन, पशुपालकों की आय में वृद्धि करना तथा संगठित डेयरी गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है। इस पहल के माध्यम से गांवों को डेयरी आधारित आत्मनिर्भर इकाइयों के रूप में विकसित किया जा रहा है।

## जैन समाज ने ध्वज फहरा कर मनाया स्थापना दिवस अहो जय जिन शासन के लगे जयकारे



**महिदपुर रोड।** नगर के जैन समाज द्वारा सोमवार वैशा ख सुदी ग्यारस को सुविधि नाथ जैन मंदिर परिसर में सक ल जैन श्री संघ एवं परिषद परिवार की उपस्थिति में शासन ध्वज का विधिवत पूजन किया गया एवं श्री संघ के वरिष्ठ महानुभावों द्वारा ध्वज फहराया गया साथ ही उपस्थित समाज जनों द्वारा उच्च स्वर के साथ शासन ध्वज गीत गाया गया। सभी समाज जनों ने एक स्वर में जय जय जिन शासन के मंगल कारी जयकारे लगाए ,जैन धर्म में शासन स्थापना दिवस का बड़ा महत्व है यह दिवस स्वर्ण के समान है।भगवान महावीर स्वामी ने केवल ज्ञान प्राप्त करने के अगले दिन पावापुरी में गौतम स्वामी जी को प्रथम गणधर बनाकर वैशाख सुदी ग्यारस के दिन चतुर्विध संघ साधु,साध्वी,श्रावक श्राविका की स्थापना की थी संपूर्ण भारत में जैन समाज जन इस दिन शासन ध्वज फहरा कर सामूहिक आराधना करते हैं अवसर पर जैन श्री संघ अध्य क्ष अजय चौरडिया समाज के साथ वरिष्ठ समा ज जनों के अलावा नव युवक महिला , बहू ,तरुण, बालि का परिषद ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया उक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

## सेरनखेड़ी में पंच दिवसीय धार्मिक आयोजन का भंडारे के साथ हुआ समापन



**महिदपुर रोड।** ग्राम सेरन खेडी में पंच दिवसीय महा मारुति यज्ञ तथा मंदिर में नवीन मूर्तियों की स्थापना का धार्मिक आयोजन रविवार को पूणार्हुति महा आरती तथा भंडारे के साथ संपन्न हुआ। महा मारुति यज्ञ नारायणी आलोट के आचार्य राधेश्याम ठाकुर ने अपने सहयोगी ब्राह्मणों के साथ विधि विधान से संपन्न कराया धार्मिक आयोजन के दौरान आयोजित यज्ञ हवन में यजमान के रूप में ग्राम के 31 जोड़ों ने सपत्निक हवन पूजन में बैठकर धार्मिक कार्य पूर्ण किये इस दौरान मंदिर में विभिन्न देवी देवताओं की नवीन मूर्तियां कोई प्राण प्रतिष्ठा भी की गई।

दैनिक अवन्तिका

अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।


सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

अखिल भारतीय सोंधिया राजपूत समाज द्वारा आयोजित

# द्वितीय आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न, 14 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ कानड़



नवदम्पत्ति को उपहार भेंट करते अतिथिगण।

अखिल भारतीय सोंधिया राजपूत समाज द्वारा आयोजित द्वितीय आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन शनिवार को गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में 14 जोड़े वैदिक विधि-विधान के साथ परिणय सूत्र में बंधे। विवाह संस्कार पंडित काशीराम आर्य अनल द्वारा वैदिक पद्धति से संपन्न कराए गए।सम्मेलन से पूर्व आयोजन स्थल पर समाजजनों द्वारा ध्वजारोहण किया गया, जिससे कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात समाज के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में समाजजन और परिजन उपस्थित रहे तथा नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया।

आयोजन की शुरूआत सुबह मेहमानों एवं वर-वधु के आगमन के साथ हुई, जिसके बाद निर्धारित समय पर वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। आगर रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया के सामने आयोजित सम्मेलन के लिए समाज द्वारा पूर्व से ही व्यापक तैयारियां की गई थीं। आयोजन स्थल पर व्यवस्थाएं सुचारू एवं व्यवस्थित रहीं, जिससे कार्यक्रम भव्यता और सादगी के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सुसनेर विधायक भेरू सिंह परिहार बापू, कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तंवर एवं आगर विधायक मधु गेहलोत ने उपस्थित होकर वर-वधु को शुभाशीष दिया। विधायक भेरू सिंह परिहार बापू एवं विजयलक्ष्मी तंवर ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए समिति के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की।कार्यक्रम के दौरान समाज के भगवान सिंह सूरजनी द्वारा ओवन, सत्यनारायण पडिहार पायल डिटर्जन गुरुखेड़ी से मिक्सर मशीन, विधायक भेरू सिंह परिहार द्वारा कुकर एवं विजयलक्ष्मी तंवर द्वारा वर-वधु को उपहार भेंट किए गए। साथ ही सभी जोड़ों को समिति की ओर से दहेज स्वरूप आवश्यक गृह उपयोगी सामग्री प्रदान की गई।

सम्मेलन के संरक्षक रामलाल सिंह सिसोदिया एवं अध्यक्ष जगदीश सिंह चौहान के नेतृत्व में आयोजन सफल रहा। समाज के जिला अध्यक्ष बलवंत सिंह बोडाना ने बताया कि ऐसे सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज में एकता, सहयोग और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के साथ ही फिजूलखर्ची पर रोक लगाने का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। इस अवसर पर सोंधीया राजपूत समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर सिंह इंजीनियर, प्रेम सिंह चौहान,युवा जिला अध्यक्ष राज तवर,जिला महामंत्री मयंक बना, समाज के जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह बीजानगरी, सुसनेर से समाज के लक्ष्मण सिंह कावल, जिला पंचायत सदस्य सुसनेर कालू सिंह गणेशपुरा, प्रदेश कोषाध्यक्ष चेन सिंह सिसोदिय नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी, शिव सिंह चौहान भी आयोजन में उपस्थित हुए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के देवी सिंह,बिजनाखेड़ी, नारायण सिंह , रामलाल सिंह, बालू सिंह जनपद सदस्य,ईश्वर सिंह सूरजनी, बालूसिंह गेहलोत, राकेश सिंह, श्याम तंवर, रामप्रदास सोंधिया, तूफान सिंह सोंधिया, धीरफ सिंह, जितेंद्र सिंह इकलेरा, लखन सिंह का विशेष योगदान रहा। वहीं भोजन व्यवस्था में विनोद सिंह बोडाना, सरदार सिंह , बलवंत सिंह, अर्जुन सिंह एवं संदीप सिंह आर्य ने जिम्मेदारी निभाई। कार्यक्रम का संचालन समिति सदस्य दरबार सिंह आर्य द्वारा किया गया। समाजजनों ने ऐसे आयोजनों को आगे भी जारी रखने की बात कही, जिससे सामाजिक एकता और सामाजिक समरसता को और अधिक मजबूती मिल सके। जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी दारा सिंह आर्य ने दी।



## स्वर्णा जैन ने AIU जू-जित्सु में जीते दो कांस्य पदक

**सुसनेर।** ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गेम (AIU) के अंतर्गत 20 से 24 अप्रैल तक भोपाल में आयोजित जू-जित्सु प्रतियोगिता में देशभर के 50 से अधिक विश्वविद्यालयों के लगभग 400 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में आगर जिले की प्रतिभाशाली खिलाड़ी स्वर्णा जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो कांस्य पदक हासिल कर जिले एवं प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया। स्वर्णा जैन, पिता जंबू जैन, ने नेवाजा इवेंट के -57 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दो अलग-अलग इवेंट में कांस्य पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता के दौरान उन्होंने अपने तकनीकी कौशल, संतुलन और आत्मविश्वास का बेहतरीन परिचय दिया। कड़े मुकाबलों के बीच स्वर्णा ने विरोधियों को कड़ी टक्कर देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। इस प्रतियोगिता में उनके कोच सेंसाई कपिल खरे की भूमिका भी सराहनीय रही। उन्होंने खिलाड़ी को बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ ही राष्ट्रीय निर्णायक (रेफरी) के रूप में अपनी सेवाएं देकर जिले का मान बढ़ाया। स्वर्णा जैन की इस उपलब्धि पर जिला जू-जित्सु संघ, खेल प्रेमियों एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है। सभी ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है और उम्मीद जताई है कि वे आगे भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करती रहेंगी

बदनावर में नहाने के दौरान हादसा

# चामला नदी में डूबे दो चचेरे भाइयों की मौत, एक लड़के का जन्मदिन था

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बदनावर





ग्राम पंचायत दिवानिया के बड़ोदिया गांव में रविवार दोपहर चामला नदी में डूबने से दो चचेरे भाइयों की मृत्यु हो गई। मृतकों की पहचान यशराजसिंह (16) पिता गजराजसिंह और कृष्णपालसिंह (16) पिता कमलसिंह के रूप में हुई है।

दोनों चचेरे भाई अन्य बच्चों के साथ गांव से करीब 500 मीटर दूर चामला नदी की झरी में नहाने गए थे। पानी की गहराई का अंदाजा न होने के कारण वे डूब गए। उनके साथ मौजूद अन्य बच्चों ने जब उन्हें काफी देर तक पानी से बाहर आते नहीं देखा, तो वे दौड़कर गांव गए और परिजनों को सूचना दी।

सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने लोहे की हेकड़ी बनाकर दोनों बच्चों को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। डायल 112 और थाने के सहायक उप निरीक्षक बालकृष्ण मिश्रा भी मौके पर पहुंचे।

पंचनामा बनाने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल बदनावर लाया गया, जहां पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। घटना की जानकारी मिलने पर तहसीलदार सुरेश नागर भी अस्पताल पहुंचे और परिजनों से जानकारी ली।

परिजनों ने बताया कि गत दिनों को ही कृष्णपालसिंह का जन्मदिन था। वह अपने चचेरे भाई यशराजसिंह के साथ घर से खेत पर जाने की बात कहकर निकला था। यशराज अपने पिता का इकलौता पुत्र था। देर शाम दोनों बच्चों का अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चे के प्रदेशाध्यक्ष बदनावर पहुंचे

# "पार्टी बूथ कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय नेतृत्व तक पहुंचता है- पाटीदार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बदनावर



भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चे के प्रदेशाध्यक्ष पवन पाटीदार रविवार को बदनावर क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। पाटीदार का रतलाम रोड स्थित दत्तीगांव पेट्रोल पंप पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चे के प्रदेशाध्यक्ष पवन पाटीदार रविवार को बदनावर क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। पाटीदार का रतलाम रोड स्थित दत्तीगांव पेट्रोल पंप पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

इसके बाद वे काफिले के साथ उज्जैन रोड पर भाजपा नेता नजमुद्दीन बोहरा के पोल्ट्री फार्म पहुंचे। यहां पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव की उपस्थिति में उनका साफा बांधकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री नरेंद्र राठौड़ सहित अन्य पदाधिकारियों का भी स्वागत हुआ। कार्यक्रम में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गोविंद रघुवंशी, कानवन मंडल अध्यक्ष दिलीपसिंह सोलंकी और उमेश पाटीदार उपस्थित रहे। इनके साथ पार्षद जितेंद्र शर्मा, संतोष चौहान, दीपक जाधव, राधेश्याम हारोड़, राहुल डोडिया, सुनील परमार, अमित गांधी, मोहित पाँचाल, केके पाटीदार सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष पवन पाटीदार ने कहा कि पार्टी का काम सक्रियता से करना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि संगठन उन कार्यकर्ताओं की चिंता करता है जो निष्ठा से काम करते हैं। हमारे संगठन में बूथ स्तर का कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय नेतृत्व तक पहुंच जाता है।

हमने बूथ पर काम करने वाले व्यक्ति को विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बनते हुए भी देखा है।

## मेहनत लगन और नियमित अध्ययन से ही बेहतर परिणाम संभव-मिश्रा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

परीक्षा परिणाम हमेशा बच्चों के मन में जिज्ञासा पैदा करता है और वे इसे लेकर उत्साहित रहते हैं। बच्चों को मन लगाकर पढाई करनी चाहिए तथा नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहना चाहिए। जिले में ऐसे शिक्षक हैं, जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम दिए हैं, जो सराहनीय है और प्रबंधन के लगातार प्रयासों से संभव हुआ है।

उक्त बात सारंगपुर माडल स्कूल प्राचार्य बबीता मिश्रा को जिला स्तर पर सम्मानित करते हुए राजगढ़ कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा ने व्यक्त की। जिला मुख्यालय पर प्राचार्य बबीता मिश्रा को श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कलेक्टर मिश्रा ने प्राचार्य और स्कूल के शिक्षकों को बधाई दी। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों की पढाई, परिवार का सहयोग, योग्य शिक्षक और नियमित उपस्थिति ये सभी कारक मिलकर अच्छे परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा कि कक्षा 10 वीं और 12वीं का परीक्षा फल जीवन में महत्वपूर्ण होती है और यह भविष्य की दिशा तय करने की शुरूआत है। प्राचार्य बबीता मिश्रा ने बताया कि अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए पढाई अत्यंत आवश्यक है। चाहे कोई शिक्षक, अधिकारी या अन्य क्षेत्र में आगे बढना चाहता हो, उसे संबंधित विषयों का अध्ययन करना जरूरी है।

In The Court Of I Additional District Judge, District Court, Ujjain Tehsil Badnagar Presiding Officer:
**श्री राम बिलास गुप्ता**
**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक** (MCA/0000007/2026)
**श्रीमती शबाना.............आवेदक**
**Vs**
**सर्व साधारण................अनावेदक**
Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 19/06/2026**

**प्रेषिती**
(1) सर्व साधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती शबाना पता ने मृतक स्व. अरब अली S/O अजगर निवासी ग्राम बड़गारा तह बड़नगर जिला उज्जैन की 15,00,000/- राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 19 जून 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 19 जून 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 22 अप्रैल 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**रामबिलास गुप्ता**
**जिला न्यायाधीश बड़नगर**
**जिला उज्जैन**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

In The Court Of IV Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain Presiding Officer:
**श्री अनुराग शर्मा**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**
(RCS A/0000147/2026)
**संदीप कुलश्रेष्ठ----वादी**
**Vs**
**कृष्णादेवी कुलश्रेष्ठ---- प्रतिवादी**
Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 05/05/2026**

**प्रेषिती**
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण

यह कि प्रार्थी संदीप कुलश्रेष्ठ पिता स्वर्गीय श्री कृष्णमंगल सिंह कुलश्रेष्ठ, उम्र-61 वर्ष, निवासी-सी-296 विवेकानंद कालोनी उज्जैन मप्र ने आपके विरुद्ध एक वाद वास्ते घोषणात्मक सहायता हेतु प्रार्थी एवं प्रतिवादी क्रं. 2 युधिष्ठर कुलश्रेष्ठ पिता स्व. श्री कृष्णमंगल सिंह कुलश्रेष्ठ, उम्र-66 वर्ष, निवासी-14 ऋषिनगर कॉलोनी उज्जैन म प्र का छोटा भाई एवं प्रतिवादी क्रं. 1 श्रीमती कृष्णा देवी कुलश्रेष्ठ पति स्व. श्री कृष्णमंगल सिंह कुलश्रेष्ठ, उम्र-83 वर्ष, निवासी-सी 296 विवेकानंद कालोनी उज्जैन म प्र का पुत्र स्व. श्री संजीव कुलश्रेष्ठ पिता स्व. श्री कृष्णमंगल सिंह कुलश्रेष्ठ अविवाहित होकर उनके द्वारा किसी को गोद नहीं लिया गया था एवं व्यापार करते थे जिनका स्वर्गवास दिनांक 29/04/2021 को कोरानाकाल में एवं उनके पिता स्व. श्री कृष्णमंगल सिंह कुलश्रेष्ठ का स्वर्गवास दिनांक दिनांक 09/05/2023 को हो चुका है। प्रार्थी एवं अनावेदक क्रं. 1 व 2 के अलावा परिवार में अन्य कोई नहीं है। स्व.श्री संजीव कुलश्रेष्ठ ने अपने जीवनकाल में एक मकान क्रं. 1/12 श्रेणी एम आय जी नानाखेडा विस्तार क्रं. 2 योजना उज्जैन में एवं भवन क्रं. 04 ज्योतिनगर नगर निगम कालोनी उज्जैन में क्रय किया था एवं प्रतिवादी क्रं.3 शाखा प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया शाखा महानंदा नगर सेक्टर सी 25/3 एच आई जी श्री महाकाल वाणिज्य केन्द्र उज्जैन में लॉकर सुविधा भी प्राप्त कर रखी थी, किन्तु उक्त लॉकर की चाबी कही गुम हो गई है जो कि काफी खोजने के बाद भी मिल नहीं रही है, लाक को खोले बिना यह पता नहीं लगाया जा सकता कि उक्त लॉकर में किन दस्तावेजों व सामान को रखा गया है। स्व. संजीव कुलश्रेष्ठ द्वारा प्रतिवादी क्रं.3 के यहां से प्राप्त ऋण की किश्त को वादी द्वारा जमा किया जा रहा है किन्तु प्रतिवादी क्रं.3 द्वारा लॉकर खोलने तथा ऋण राशि जमा करने एवं उज्जैन नगर पालिक निगम में उक्त भवन की लीज को रिन्व्यू कराने हेतु उत्तराधिकार घोषित किये जाने के संबंध में सिविल सूट ए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर बाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें

यह आज तारीख 15 अप्रैल 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(अनुराग शर्मा)**
**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश, उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

In The Court Of IV Civil Judge Class-II, District Court, Ujjain Presiding Officer:
**सुश्री सृष्टि पटेल**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**
(RCS A/0000191/2026)
**विनोद गोडकिया----वादी**
**Vs**
**सर्व साधारण ---- प्रतिवादी**
Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 19/06/2026**

**प्रेषिती**
(1) सर्वसाधारण पत्ता- सर्वसाधारण

यह कि प्रार्थी विनोद गोडकिया पिता ग्यारसीलाल गोडकिया, आयु-45 वर्ष, व्यवसाय-व्यापार, निवासी-5/101 ईडब्ल्यूएस जवाहर नगर शितलामाता मंदिर के पास नानाखेडा उज्जैन ने आपके विरूद्ध एक वाद पत्र अंतर्गत आदेश 7 नियम 1 सीपीसी वास्ते घोषणात्मक सहायता हेतु प्रार्थी की पत्नी सुमित्रा पति विनोद गोडकिया दिनांक 28/04/2018 को घर से चले जाने के कारण व पुनः मिलने पर दिनांक 12/08/2018 को वापस वादी व उनके रिश्तेदार तथा अपने माता-पिता को बिना बताये कहीं चले जाने पर दिनांक 17/08/2018 को गुमशुदगी बाबत आवेदन थाना प्रभारी नानाखेड़ा के समक्ष प्रस्तुत करने से आज दिनांक तक सुमित्रा का कोई पता नहीं चलने पर व सुमित्रा के जीवित होने के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई जानकारी नहीं होने के कारण सुमित्रा पति विनोद गोडकिया की सिविल मृत्यु प्रमाण पत्र वादी नगर निगम उज्जैन से प्राप्त करने के संबंध में सिविल सूट ए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

तारीख 24 अप्रैल 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है

**(सृष्टि पटेल)**
**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, उज्जैन**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## नियमित कक्षा में मनाई गई आदि गुरु शंकराचार्य जयंती

**शुजालपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत संचालित स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रम सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास की नियमित कक्षा में आदि गुरु आदि गुरु शंकराचार्य का जन्म उत्सव श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शंकराचार्य के चित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में धर्म जागरण नगर संयोजक हरबान सिंह मालवीय उपस्थित रहे। ब्लॉक समन्वयक सीमा बैंडवाल ने बताया कि जन अभियान परिषद वर्षभर विभिन्न महापुरुषों की जयंती मनाकर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करता है। इसी क्रम में आदि गुरु शंकराचार्य जयंती को भी जिला स्तर पर भव्य रूप से मनाया जाएगा। मुख्य वक्ता हरबान सिंह मालवीय ने शंकराचार्य के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे महान भारतीय दार्शनिक एवं सनातन धर्म के पुनरुत्थानकर्ता थे। उन्होंने अद्वैत वेदांत का प्रचारप्रसार कर देश को आध्यात्मिक एकता के सूत्र में बांधा तथा भारत के चारों दिशाओं में मठों की स्थापना कर सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ किया। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके जीवन एवं कार्यों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता हरिओम जौहर व आभार परामर्शदाता राजकुमार परमार ने माना। इस दौरान सहयोगी परामर्शदाता अरुणा परमार, अरविंद गुजराती, राहुल सिंह परमार सहित विद्यार्थी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय में जनगणना 2027 के तहत सेल्फएन्यूमरेशन

**शुजालपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में सोमवार को जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में जनगणना 2027 के अंतर्गत सेल्फ एन्यूमरेशन स्वगणना एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का स्वगणना फॉर्म सफलतापूर्वक भरवाया गया। कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र कुम्भकार ने स्टाफ को सेल्फ एन्यूमरेशन की प्रक्रिया समझाते हुए सभी से इसमें सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे राष्ट्रीय कार्य में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता जरूरी है और डिजिटल माध्यम से स्वगणना करना आसान एवं सुविधाजनक है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने स्वयं स्वगणना फॉर्म भरकर कर्मचारियों व विद्यार्थियों को इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ. संजय कुमार प्रजापति सहायक प्राध्यापक हिंदी का विशेष योगदान रहा। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्टाफ को ऑनलाइन प्रक्रिया समझाते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान किया। महाविद्यालय प्रशासन ने इसे जनजागरूकता बढ़ाने और राष्ट्रहित में महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार, स्वयंसेवकों एवं कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

## 48 घंटे में ही कांग्रेस की नई कार्यकारिणी पर लगी रोक

**शाजापुर।** राजनीति में फैसले जितनी तेजी से लिए जाते हैं, कभी-कभी उतनी ही तेजी से बदल भी जाते हैं। शाजापुर जिला कांग्रेस में ठीक ऐसा ही घटनाक्रम सामने आया है। लंबे इंतजार के बाद घोषित हुई 51 पदाधिकारियों की जिला कार्यकारिणी की खुशी 48 घंटे भी नहीं टिक सकी। अंदरूनी खींचतान और उपेक्षा से नाराज पुराने कार्यकर्ताओं के कड़े विरोध के चलते, प्रदेश आलाकमान को एक्शन लेना पड़ा और इस नई सूची पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। इस पूरे घटनाक्रम पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) ने एक आधिकारिक पत्र जारी कर स्थिति स्पष्ट की है। बताया गया है कि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के कड़े निर्देशों के बाद इस कार्यकारिणी को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। संगठन का कहना है कि वर्तमान सूची में कुछ आंशिक संशोधन और सुधार किए जाने हैं। सभी बदलावों के बाद एक नई और संतुलित सूची जल्द ही दोबारा जारी की जाएगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, जैसे ही कार्यकारिणी की लिस्ट सार्वजनिक हुई, पार्टी कार्यालय से लेकर सोशल मीडिया तक विरोध के सुर उठने लगे। कई ऐसे पुराने और सक्रिय कार्यकर्ता थे, जिन्होंने सालों तक पार्टी के लिए पसीना बहाया, लेकिन उनका नाम इस सूची से गायब था। इसी अंदरूनी कलह और डैमेज कंट्रोल को देखते हुए सूची को तुरंत ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। जिले में एक सक्रिय कार्यकारिणी का लंबे समय से इंतजार था, लेकिन गठन के तुरंत बाद लगी इस रोक से जमीनी कार्यकर्ताओं में भारी असमंजस है।

# राष्ट्रमाता के सम्मान के लिए शाजापुर में गूंजा गौभक्तों का शंखनाद, सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



भारतीय संस्कृति के कण-कण में रची-बसी और आस्था का केंद्र मानी जाने वाली गौमाता को अब राष्ट्रमाता के सर्वोच्च सम्मान से अलंकृत करने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। इसी संकल्प को लेकर 27 अप्रैल, गौ सम्मान दिवस पर शाजापुर की सड़कें गौमाता की जय के नारों से गुंजायमान हो उठीं। आसमान से बरसती आग और चिलचिलाती धूप भी उन हजारों गौभक्तों के कदम नहीं रोक सकी, जो गौमाता के सम्मान की खातिर सड़कों पर उतरे। अभियान के तहत नगर में एक विशाल यात्रा निकाली गई और 11 हजार से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षर युक्त जनसमर्थन के साथ राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री से गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की हुंकार भरी गई।

**राजराजेश्वरी मंदिर से शुरू हुआ आस्था का कारवां**-गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत सोमवार को सुबह 11.45 बजे शहर के मां राजराजेश्वरी मंदिर प्रांगण में बड़ी संख्या में गौसेवक एकत्रित हुए। यहां पूरे विधि-विधान से गौमाता की पूजा-अर्चना की गई और महाआरती उतारकर एक भव्य यात्रा का शंखनाद हुआ। यह यात्रा मंदिर प्रांगण से शुरू होकर शहर के ट्रैफिक प्वाइंट, फव्वारा चौराहा और बस स्टैंड होते हुए गड्ढा बस स्टैंड पहुंची। हर तरफ गौमाता के जयकारे गूंज रहे थे। पूरे नगर का भ्रमण करने के पश्चात इस विशाल यात्रा का समापन पुन: मां राजराजेश्वरी मंदिर प्रांगण में हुआ।

**पसीने से सींचा अभियान, जुटाए 11,000 हस्ताक्षर**-इस अभियान की सबसे बड़ी खासियत वह अपार जनसमर्थन रहा, जिसे गौसेवकों ने भीषण गर्मी में अपना पसीना बहाकर जुटाया था।

यात्रा के समापन पर नायब तहसीलदार को चार अलग-अलग ज्ञापन सौंपे गए, जो देश की राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मध्यप्रदेश के राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री के नाम संबोधित थे। इन प्रार्थना पत्रों के साथ प्रशासन को वो हस्ताक्षर युक्त पत्रक भी सौंपे गए, जिनके लिए गौभक्तों ने घर-घर जाकर अलख जगाई थी। शाजापुर नगर से 5,600 और पूरी शाजापुर तहसील से कुल 11,000 नागरिकों के हस्ताक्षर इस बात की गवाही दे रहे थे कि गौमाता को राष्ट्रमाता बनाने की यह मांग अब जन-आंदोलन का रूप ले चुकी है। गौमाता के सम्मान में आयोजित इस पूरी यात्रा और कार्यक्रम में कथावाचक पंडित अश्विन नागर विशेष रूप से मौजूद रहे। उनके साथ शाजापुर तहसील भर से आए सैकड़ों गौभक्तों, युवाओं और मातृशक्ति ने इस आयोजन में शामिल होकर गौमाता के प्रति अपनी अगाध श्रद्धा और समर्पण का परिचय दिया।

## 48 घंटे में ही कांग्रेस की नई कार्यकारिणी पर लगी रोक

**शाजापुर।** राजनीति में फैसले जितनी तेजी से लिए जाते हैं, कभी-कभी उतनी ही तेजी से बदल भी जाते हैं। शाजापुर जिला कांग्रेस में ठीक ऐसा ही घटनाक्रम सामने आया है। लंबे इंतजार के बाद घोषित हुई 51 पदाधिकारियों की जिला कार्यकारिणी की खुशी 48 घंटे भी नहीं टिक सकी। अंदरूनी खींचतान और उपेक्षा से नाराज पुराने कार्यकर्ताओं के कड़े विरोध के चलते, प्रदेश आलाकमान को एक्शन लेना पड़ा और इस नई सूची पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। इस पूरे घटनाक्रम पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) ने एक आधिकारिक पत्र जारी कर स्थिति स्पष्ट की है। बताया गया है कि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के कड़े निर्देशों के बाद इस कार्यकारिणी को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। संगठन का कहना है कि वर्तमान सूची में कुछ आंशिक संशोधन और सुधार किए जाने हैं। सभी बदलावों के बाद एक नई और संतुलित सूची जल्द ही दोबारा जारी की जाएगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, जैसे ही कार्यकारिणी की लिस्ट सार्वजनिक हुई, पार्टी कार्यालय से लेकर सोशल मीडिया तक विरोध के सुर उठने लगे। कई ऐसे पुराने और सक्रिय कार्यकर्ता थे, जिन्होंने सालों तक पार्टी के लिए पसीना बहाया, लेकिन उनका नाम इस सूची से गायब था। इसी अंदरूनी कलह और डैमेज कंट्रोल को देखते हुए सूची को तुरंत ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। जिले में एक सक्रिय कार्यकारिणी का लंबे समय से इंतजार था, लेकिन गठन के तुरंत बाद लगी इस रोक से जमीनी कार्यकर्ताओं में भारी असमंजस है। अब जिले के सभी कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं की नजरें पीसीसी की उस नई और संशोधित सूची पर टिकी हैं, जिससे संगठन का काम एक बार फिर सुचारू रूप से शुरू हो सके।

# आसमान से बरस रही आग

## 44 डिग्री पर पहुंचा शाजापुर का पारा



**शाजापुर।** जिले में भीषण गर्मी का सितम जारी है। सूरज के तीखे तेवर और आसमान से बरसती आग ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। शहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है और लोग घरों में कैद रहने को मजबूर हैं। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया के अनुसार, शाजापुर में मौसम का मिजाज काफी सख्त हो गया है और इसीके चलते सोमवार का अधिकतम तापमान 44.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 25.1 डिग्री सेल्सियस रहा। हवा में आर्द्रता की मात्रा मात्र 14 प्रतिशत रही, जिससे शुष्कता और बढ़ गई है। 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही उत्तर-पश्चिमी गर्म हवाओं ने लू के थपेड़ों से लोगों को बेहाल कर दिया है।

चिलचिलाती गर्मी और शुष्क मौसम के बीच, शहर का तरनताल (स्विमिंग पूल) लोगों के लिए बड़ी राहत बनकर उभरा है। गर्मी से थोड़ी निजात पाने के लिए तरनताल में सुबह से ही भीड़ जुटने लगी है। यहां का दृश्य भीषण गर्मी के बीच एक अलग ही कहानी बयां कर रहा है। पारे के 44 डिग्री तक पहुंचने के बावजूद, तरनताल में उत्साह का माहौल है। बच्चे पानी में किलकारियां भरते हुए और तैरते हुए नजर आ रहे हैं। युवा साथियों के साथ गोते लगाकर और मस्ती करके गर्मी को मात दे रहे हैं। वहीं, जवान भी पीछे नहीं हैं वे भी काम के बीच समय निकालकर ठंडे पानी में डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं और इस पल का पूरा आनंद ले रहे हैं। लोगों का कहना है कि घर में एसी और कूलर भी इस भीषण गर्मी में फेल हो रहे हैं, ऐसे में तरनताल ही एकमात्र सहारा है जहां कुछ देर शांति और ठंडक मिलती है।

**चिकित्सकों की सलाह**-हालांकि तरनताल में आनंद लिया जा रहा है, लेकिन बढ़ते तापमान और लू को देखते हुए चिकित्सा विभाग ने सतर्कता बरतने की सलाह दी है। चिकित्सकों ने कहा है कि तरनताल में अधिक समय तक रहने के बाद तुरंत तेज धूप में न निकलें, क्योंकि इससे स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। घर से बाहर निकलने पर सिर और मुंह को सूती कपड़े से ढककर रखें और शरीर में पानी की कमी न होने दें।

## दिनदहाड़े पेड़ में लगी रहस्यमयी आग

**शाजापुर।** गिरवर रोड़ पर उस वक्त अचानक अफरा-तफरी मच गई जब खेत में लगे एक पेड़ में रहस्यमी ढंग से अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं और करीब 500 मीटर का इलाका घने धुएं की चादर में लिपट गया। धुएं का गुबार इतना घना था कि कुछ देर के लिए सड़क पर गुजरने वाले वाहनों के पहिए थम गए और आसपास के लोगों में खौफ का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पेड़ को अचानक धू-धू कर जलता देख वहां से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत सतर्कता दिखाई।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विजय पिता श्री नाथूलाल जाति-बलाई (अनुसूचित जाति) निवासी ग्राम हरसोदन तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-780/2/1 रकबा 0. 66 हेक्टर में से रकबा 0.20 हैक्टर लगानी बरूऐट स्थित ग्राम हरसोदन तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में हैं, को क्रय करने का अनुबन्ध किया गया होकर बयाना राशि अदा कर दी हैं. अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात (7) दिन में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो।

दिनांक-27.04.2026

**कु. मनोहरसिंह राणावत सर्विस प्रोवाईडर**
**-सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन मो. 98268.87494**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि केनेडियन पादरी मिशन कोठी देवास रोड, उज्जैन खसरा क्रमांक-3998/3 लाल बंगला के नाम से स्थित है। जिसमें से 40 बाय 60 के प्लाट का विक्रय अनुबंध अमितेश तिवारी पिता राधेश्याम तिवारी निवासी उज्जैन से किया गया है। उक्त वर्णित प्लाट के संबंध में किसी भी व्यक्ति संस्था बैंक फर्म, सरकारी या गैर सरकारी कार्यालय को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा ऐसी स्थिति में कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। इतिदिनांक-27-4-26

**आशीष सोलंकी, हाईकोर्ट एडवोकेट्स )**
**कार्यालय-25-गाँदा की चौकी,उज्जैन म.प्र.**
**मो. 9827792501**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री दीपकसिंह राठौड़ पिता श्री भारतसिंह राठौड़ ने कृषि भूमि स्वामी रूगनाथसिंह पिता श्री माधौसिंह निवासी बोड़ानी तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 44/2/1/2/1 रकबा 0.8800 हेक्टेयर में से 0.20 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम बोड़ानी तहसील व जिला उज्जैन में रोड से अंदर की ओर स्थित है। उपरोक्त कृषि भूमि को कय किये जाने हेतू सौदा किया जाकर अनुबंध-पत्र संपादित करवा लिया गया है, अब केवल विक्रय पत्र का निष्पादन करवाना शेष हैं। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, आदि को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसाइटी आदि के अतिरिक्त कोई ऋण भार आदि हों या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के अन्दर मय दस्तावेजी प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण किया जा सके उक्त अवधि पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में विक्रय पत्र का सम्पादन करवा लिया जावेगा। 7 (सात) दिन बाद गुजरने अवधि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होकर शून्यवत होगी। सो सूचीत हो।

इति: दिनांक-27/04/2026
स्थान-उज्जैन

**डॉ. प्रकाश डाबी, आदित्या डाबी हाईकोर्ट एडवोकेट**
**पता-1 फ्लोर कृष्णा टावर पुरानी सब्जी मण्डी, फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9926439191,9826561239, 9685366225**

### कार्यालय : नगर पालिक निगम,उज्जैन म.प्र.

छत्रपति शिवाजी भवन ,कोयला फाटक ,उज्जैन Ph:0734-2535229
Website:http://nagarnigamujjain.org/E-mail:nn.ujjain@mpurban.gov.in

**(online)निविदा विज्ञप्ति**

**क्रमांक:-उ.वि./402**

**उज्जैन दिनांक :- 27/04/2026**

निम्नांकित कार्य के लिए प्रपत्र 'अ' (फार्म ए) में प्रतिशत कम या अधिक के आधार पर प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग म.प्र.शासन भोपाल के कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों से उक्त विभाग में पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने पर ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

सिरियल कं सिरियल कं 01 आनलाईन क्रय करने की अंतिम दिनांक 11.05.2026 समय 17:30, ऑनलाईन ई.एम.डी. राशि एवं समस्त दस्तावेज Submission करने की अंतिम 11.05.2026 समय 17:30 रहेगी।

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। यदि उपरोक्त निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो इसकी सूचना ऑन लाईन दी जावेगी। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नही की जावेगी।

| क्र | निविदा विज्ञप्ति क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. | अर्नेस्टमनी रु. | टेण्डर फॉर्म का मुल्य | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | | 7 |
| 1 | E-Tendering No. 2025_UAD_457550_3 | नगर निगम सीमा में रेड स्टोन पत्थर से निर्मित रोटरी एवं डिवाइडर का संधारण कार्य। | 16,92,990/- | UADD SOR | 12,700/- | 2000/- | 365 दिन |

**क्रमांक :- उ.वि./403**

**कार्यपालन यंत्री (उद्यान)**
**नगर पालिक निगम उज्जैन**
**उज्जैन दिनांक :- 27/04/2026**


# अभिनेत्री निकिता दत्ता ने किए महाकाल दर्शन



**उज्जैन।** अभिनेत्री निकिता दत्ता ने उज्जैन स्थित महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और नंदी महाराज के कान में अपनी मनोकामना व्यक्त की।

महाकाल के दरबार में निकिता दत्ता भक्ति में लीन नजर आईं। उनके माथे पर त्रिपुंड के साथ महाकाल लिखा हुआ था, जो उनकी गहरी आस्था को दर्शाता है। उन्होंने हाथ में कलावा भी बंधवाया और पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न करवाई। अभिनेत्री सादगी भरे अंदाज में सलवार-सूट पहनकर मंदिर पहुंची थीं। दर्शन के बाद मीडिया से बातचीत में निकिता दत्ता ने बताया कि यह उनका उज्जैन का पहला दौरा था। उन्होंने कहा कि महाकाल के दरबार में आकर उन्हें गहरी शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ। उनके अनुसार-'यहां आकर जो महसूस होता है, वह कहीं और नहीं मिलता। अभिनेत्री ने आगे कहा कि उन्हें बहुत अच्छे से दर्शन हुए और महाकाल के साथ समय बिताने का अवसर मिला। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि वह जल्द ही दोबारा उज्जैन आएंगी और उनकी मांगी हुई मनोकामना जल्द पूरी होगी।

**मंदिर की स्वच्छता व्यवस्था से हुईं प्रभावित**-निकिता दत्ता ने मंदिर की स्वच्छता की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि आमतौर पर लोग सोचते हैं कि मंदिर साफ नहीं होते, लेकिन यहां आकर उन्होंने बेहद स्वच्छ और व्यवस्थित व्यवस्था देखी, जिससे वह काफी प्रभावित हुईं।

निकिता दत्ता ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी और वह फेमिना मिस इंडिया 2012 की फाइनलिस्ट रह चुकी हैं। उन्होंने फिल्म लेकर हम दीवाना दिल से बॉलीवुड में कदम रखा। इसके बाद उन्होंने टीवी धारावाहिक ड्रीम गर्ल, एक दूजे के वास्ते और हासिल से पहचान बनाई। फिल्म कबीर सिंह में उनकी भूमिका को भी दर्शकों ने सराहा था।

## आगर-सारंगपुर रोड पर बेकाबू होकर पलटा ट्रक, बाइक और ट्रक में लगी आग

**शाजापुर।** कुमारिया पाल के पास मुर्गी दाने से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसकी चपेट में एक बाइक भी आ गई। हादसे के तुरंत बाद वाहनों में भीषण आग भड़क उठी, जिससे ट्रक का केबिन अगला हिस्सा और बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गए। बीच सड़क पर उठी आग की लपटों और धुएं के कारण मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर करीब 3 बजे एक ट्रक मुर्गी का दाना लेकर घोंसला से सारंगपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान कुमारिया पाल के पास चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। संतुलन बिगड़ने के कारण ट्रक सड़क पर पलट गया और दुर्भाग्यवश वहां मौजूद एक बाइक भी उसकी चपेट में आ गई। हादसे के बाद अचानक ट्रक में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और दोनों वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। आगजनी की सूचना मिलते ही सारंगपुर दमकल मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन आग इतनी तेज थी कि गाड़ी का पानी बीच में ही खत्म हो गया। पानी खत्म होते ही ट्रक में लपटें फिर से उठने लगीं। स्थिति को देखते हुए दमकल टीम को गाड़ी दोबारा पानी से भरकर लानी पड़ी। इसके बाद काफी मशक्कत कर आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका।

## एक महीने में मांगें नहीं मानीं तो खरीफ सीजन से पहले होगा अनिश्चितकालीन बंद

**शाजापुर।** आगामी खरीफ सीजन से पहले जिले के कृषि आदान खाद, बीज और कीटनाशक विक्रेताओं ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। सोमवार को कृषि आदान विक्रेता संघ के बैनर तले व्यापारियों ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल रखी, जिससे दुकानें पूरी तरह बंद रहीं। दोपहर करीब 1 बजे सभी व्यापारी धोबी चौराहे पर एकत्रित हुए और यहां से बाइक रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां प्रदर्शन के बाद उन्होंने नायब तहसीलदार गौरव पोरवाल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में देशभर के विक्रेताओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए मांग की गई कि खाद के साथ अन्य उत्पादों की जबरन लिंकिंग बंद हो। खाद की डिलीवरी सीधे डीलर तक पहुंचे और उर्वरकों पर मार्जिन कम से कम 8 प्रतिशत किया जाए।

## निःशुल्क नेत्र शिविर में जांच

**शुजालपुर।** सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र द्वारा स्वर्गीय मनोहर लाल जैन एवं स्वर्गीय चंद्रकांता जैन की स्मृति में उनके सुपुत्र प्रवीण जैन, उज्ज्वल जैन परिवार के सहयोग से सोमवार को सरकारी अस्पताल के सामने निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 93 मरीजों की आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं उपचार दिया गया


### पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

संख्या- W/623/5/1/NIT दिनांक: 24.04.2026

**ई-निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबंधक/मण्डल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे रतलाम की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है- **क्र. सं.: 1. ई-टेंडरिंग: RTM-2026-27-42. कार्य का नाम**: Ujjain- Providing subordinate rest house having 20 rooms in connection with Simhastha 2028 (Composite Civil + Electrical). **अनुमानित लागत**: रु 1,29,13,958.20. **बयाना राशि**: रु 2,58,300/-. **कार्य समापन अवधि**: 08 Months. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि**: 24.04.2026. **निविदा खुलने की तिथि**: 18.05.2026. **अनुमानित मात्रा**: As per tender schedule. विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्ते एवं अन्य शर्ते वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **AK/24**

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

### पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

संख्या :- EL-2025-26-43R, 48R, 49R & EL-2026-27-02 दिनांक: 24.04.2026

**ई-टेंडरिंग नोटिस**

मंडल रेल प्रबंधक ( बिजली / पॉवर शाखा) पश्चिम रेलवे रतलाम की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए "खुली निविदा ई-निविदा के माध्यम से वेब-साईट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है।

**क्र. सं.: 1. ई-टेंडरिंग: EL-2025-26-43R. कार्य का नाम**: Ratlam Division - Godhra Bhopal-Electrical work in connection with Reconstruction of old Dilapidated TSS, SP, SSP & TRD depots buildings., Depot-9, TSS-5, SP-3, SSP11. **अनुमानित लागत**: रु 47,31,959.48. **बयाना राशि**: रु 94,600/-. **कार्य समापन अवधि**: 12 Months. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि**: 22.04.2026. **निविदा खुलने की तिथि**: 19.05.2026.

**क्र. सं.: 2. ई-टेंडरिंग: EL-2025-26-48R. कार्य का नाम**: Ratlam Division - Electrical work in connection with Augmentation of water supply arrangement at various 12 stations in connection with Simhastha 2028. **अनुमानित लागत**: रु 1,25,06,359.92. **बयाना राशि**: रु 2,50,100/-. **कार्य समापन अवधि**: 12 Months. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि**: 22.04.2026. **निविदा खुलने की तिथि**: 19.05.2026.

**क्र. सं.: 3. ई-टेंडरिंग: EL-2025-26-49R. कार्य का नाम**: Ratlam Division - Ujjain - Electrical work in connection with improvement to circulating area and drainage towards PF 1 and 8. (Simhastha-2028). **अनुमानित लागत**: रु 1,18,95,430.96. **बयाना राशि**: रु 2,37,900/-. **कार्य समापन अवधि**: 12 Months. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि**: 22.04.2026. **निविदा खुलने की तिथि**: 26.05.2026.

**क्र. सं.: 4. ई-टेंडरिंग: EL-2026-27-02. कार्य का नाम**: Ratlam Division Electrical work in connection with Augmentation, upgradation of Telecom infrastructure with MPLS NOC at DRM office premises and OFC cable huts at 07 stations: (Morwani, Raoti, Berawanya, Ratlam 'A' Cabin Khachrod, Santroad, Kansudi). **अनुमानित लागत**: रु 16,24,320.98. **बयाना राशि**: रु 32,500/-. **कार्य समापन अवधि**: 12 Months. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि**: 22.04.2026. **निविदा खुलने की तिथि**: 26.05.2026.

विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य शर्ते वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। टेंडर फॉर्म की कीमत NIL है। **AK/21**

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly

## ससुराल वालों से प्रताड़ित विवाहिता ने आत्महत्या की

**मंदसौर।** जिले के गरोठ थाना क्षेत्र के ग्राम बोलिया में जहरीला पदार्थ खा लेने से एक 20 वर्षीय विवाहिता की मृत्यु पर पुलिस ने उसके ससुराल वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया। यह घटना मृतिका का पीहर वाला घर ग्राम बोलिया (गरोठ) में दिनांक 6 अप्रैल को हुई थी। घटना की जांच गरोठ अनुविभागीय अधिकारी विजय कुमार यादव ने की। जांच में पाया कि ससुरालवालों द्वारा प्रताड़ित करने के कारण विवाहिता खुशी (20) पति विनोद मेघवाल निवासी गेलानी थाना पिड़ावा जिला झालावाड़ (राज.) हा.मु. हरिजन मोहल्ला बोलिया थाना गरोठ ने गेहूं में रखने की दवाई (जहरीला पदार्थ) खा लिया था जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने जांच रिपोर्ट पर से आरोपी पति विनोद पिता जगदीश, कारीबाई मेघवाल, जगदीश पिता गंगाराम सभी निवासी गेलानी जिला झालावाड़ के खिलाफ गरोठ थाने पर प्रकरण दर्ज किया।

## अज्ञात बाईक की टक्करसे दम्पत्ति घायल

**मंदसौर।** मुल्तानपुरा रोड़ पुलिया के पास गांव भुनियाखेड़ी में रविवार के करीब 8 बजे अज्ञात मोटरसाइकिल की टक्कर से एक अन्य मोटर साइकिल को टक्कर मार दी, इस हादसे में फयिादी पति और उसकी पत्नी घायल हो गये।जानकारी के अनुसार हादसे की रिपोर्ट यशोधर्मन थाने पर फरियादी देवीलाल पिता भेरूलाल खारोल निवासी भुनियाखेड़ी ने की है कि अज्ञात व्यक्ति ने उसकी मोटर साइकिल को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर देवीलाल की मोटर साइकिल को टक्कर मार दी जिससे वह और उसकी पत्नी मंजूबाई घायल हो गये। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

## युवक को क्रिकेट का सट्टा करते पकड़ा

**मन्दसौर।** स्थानीय रेवासदेवड़ा रोड़ स्थित स्कायजीम के आगे रामटेकरी पर रविवार को पुलिस ने एक आरोपी ध्रुव (25) पिता दिलीप राठौर निवासी गांधी चौराहा मंदसौर को को मोबाइल से ऑनलाइन क्रिकेट का सट्टा करते हुए पकड़कर उसके कब्जे से एक एंड्राइड मोबाइल जब्त किया व उसके विरूद्ध सट्टा अधिनियम में प्रकरण दर्ज किया।

## अवैध रूप से मछली ले जाते दो युवक पकड़ाए

**मन्दसौर।** जिले के गांधीसागर थाना क्षेत्र के भानपुरा रोड़ वोट क्लब के रास्ते गांधीसागर क्र. 2 पर मोटरसाइकिलों पर अवैध रूप से मछली ले जाते हुए पकड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांधीसागर थाना पुलिस ने रविवार को यह कार्यवाही करते हुए आरोपी सतीश उर्फ ईश्वर पिता कन्हैयालाल निवासी ग्राम बाडोदिया, मुकेश पिता गोपाल निवासी गांधीसागर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आरोपियों के कब्जे से मोटरसाइकिल व टीवीएस मोटरसाइकिल से 25 कि.ग्रा मछली जब्त की।

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार), पश्चिम रेलवे, रतलाम की ओर से ई - निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा संख्या: Snt_RTM_W_26_Tele_04, दिनांक : 24.04.2026. कार्य का नाम:** RTM-CNA (195 कि.मी.) तथा UJN-DWX-INDB (79 कि.मी.) खंडों में कुल 274 कि.मी. दूरी पर सर्किट की विश्वसनीयता में सुधार हेतु 4 × 48 कोर ऑप्टिकल फाइबर की व्यवस्था के संबंध में दूरसंचार सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमिशनिंग बाबत। **कार्य की अनुमानित लागत**: रु. 43,12,18,900.18. **निविदा प्रपत्र का मूल्य**: शून्य। **जमानत राशि**: रु. 86,24,400/-. **कार्य पूर्ण करने की अवधि**: बारह (12) माह। **ई-निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि व समय**: दिनांक 25.05.2026 समय 15:00 बजे तक। **ई-निविदा खोलने की तिथि व समय**: दिनांक 25.05.2026 समय 15:30 बजे तक। **वैधता**: निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**AK/23**

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार), पश्चिम रेलवे, रतलाम की ओर से ई - निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा संख्या: SnT-RTM-26-Tele-07, दिनांक : 24.04.2026. कार्य का नाम**: रतलाम मण्डल में Simhastha 2028 के संबंध में विभिन्न स्टेशनों पर दूरसंचार यात्री सुविधाओं एवं विभिन्न व्यवस्थाओं के उन्नयन तथा प्रतिस्थापन हेतु दूरसंचार सामग्री (OFC आधारित दूरसंचार अवसंरचना) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमिशनिंग बाबत। **कार्य की अनुमानित लागत**: रु. 4,04,43,206.34. **निविदा प्रपत्र का मूल्य**: शून्य। **जमानत राशि**: रु. 8,08,900/-. **कार्य पूर्ण करने की अवधि**: नौ (09) माह। **ई-निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि व समय**: दिनांक 28.05.2026 समय 15:00 बजे तक। **ई-निविदा खोलने की तिथि व समय**: दिनांक 28.05.2026 समय 15:30 बजे तक। **वैधता**: निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**AK/22**

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

### हरित ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ता रतलाम मंडल

# वर्ष 2025-26 में 35.53 लाख यूनिट सौर ऊर्जा उत्पादन से 1.84 करोड़ की बचत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम।



बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं तथा पर्यावरण संरक्षण की अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा देना समय की प्रमुख आवश्यकता बन गया है। भारतीय रेलवे इस दिशा में सतत प्रयासरत है और हरित ऊर्जा को अपनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल भी इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सौर ऊर्जा उत्पादन के माध्यम से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है।

मंडल रेल प्रबंधक श्री अश्वनी कुमार के कुशल मार्गदर्शन में तथा वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर (पावर) लेफ्टिनेंट श्री डी.के. प्रजापति के निर्देशन में बिजली विभाग द्वारा पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। मंडल में विभिन्न स्थानों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित किए जा रहे हैं तथा उनके रखरखाव और नियमित साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे अधिकतम दक्षता के साथ ऊर्जा उत्पादन सुनिश्चित हो सके। इन्हीं सतत प्रयासों का परिणाम है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान रतलाम मंडल द्वारा लगभग 35.53 लाख यूनिट सौर ऊर्जा का उत्पादन किया गया, जिससे लगभग 1.84 करोड़ के राजस्व की बचत हुई है। यह उपलब्धि न केवल आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन में कमी की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

रतलाम मंडल द्वारा स्ववित्त पोषण एवं विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से रेलवे कार्यालयों, प्लेटफॉर्म कवर शेड, स्टेशन भवनों तथा अन्य परिसरों की छतों पर सोलर पैनल स्थापित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही इन सोलर संयंत्रों के रखरखाव एवं नियमित निगरानी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि ऊर्जा उत्पादन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो और उनकी कार्यक्षमता बनी रहे। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी जानकारी के अनुसार वर्ष 2025-26 में मंडल के 8 विभिन्न लोकेशनों पर कुल 388 किलोवाट क्षमता के सोलर सिस्टम स्थापित किए गए हैं। इन कार्यों के अंतर्गत इंदौर कोचिंग डिपो, इंदौर स्थित निर्माण भवन, डॉ. अंबेडकर नगर के नवीन स्टेशन भवन एवं प्लेटफॉर्म कवर शेड, देवास स्टेशन भवन, इंदौर आरक्षण कार्यालय, इंदौर हॉस्टल तथा लिमखेड़ा एवं मंगलमहूड़ी स्टेशनों पर सोलर संयंत्र स्थापित किए गए हैं, जिससे सौर ऊर्जा उत्पादन में निरंतर वृद्धि हो रही है।

इसके अतिरिक्त मंडल के अन्य स्टेशनों, मरम्मत इकाइयों, रेलवे चिकित्सालयों एवं विभिन्न कार्यालयों में पूर्व से स्थापित सोलर सिस्टम के माध्यम से भी नियमित रूप से सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है। इन प्रयासों के फलस्वरूप नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों पर निर्भरता लगातार बढ़ रही है और पारंपरिक ऊर्जा पर निर्भरता में कमी आ रही है। वर्तमान में रतलाम मंडल के विभिन्न लोकेशनों पर कुल लगभग 3299 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं, जिनसे वर्ष 2025-26 में लगभग 35.53 लाख यूनिट सौर ऊर्जा का उत्पादन संभव हुआ है। इससे ऊर्जा व्यय में उल्लेखनीय कमी आई है और रेलवे को प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ प्राप्त हुआ है।

वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर (पावर) लेफ्टिनेंट श्री डी.के. प्रजापति के निर्देशन में सौर ऊर्जा उत्पादन को और अधिक बढ़ाने के लिए आगामी समय में अतिरिक्त लोकेशनों पर सोलर सिस्टम स्थापित करने की योजना बनाई गई है। यह पहल रेलवे को पर्यावरण के अनुकूल, किफायती एवं टिकाऊ ऊर्जा उपयोग की दिशा में और अधिक सशक्त बनाएगी। रतलाम मंडल की यह उपलब्धि भारतीय रेलवे के हरित रेलवे के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और भविष्य में भी इस दिशा में निरंतर प्रगति जारी रहेगी।

## डीजे इलेवन ने जीती नपाध्यक्ष ट्रॉफी, फाइनल मुकाबले में बालाजी इलेवन को 59 रनों से हराया



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

कालाखेत खेल मैदान पर आयोजित 6 दिवसीय नपाध्यक्ष ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में डीजे इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह माच्छोपुरिया ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया।

फाइनल मैच में डीजे इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 5 विकेट पर 104 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बालाजी इलेवन की टीम निर्धारित ओवरों में मात्र 45 रन ही बना सकी। इस तरह डीजे इलेवन ने 59 रनों के विशाल अंतर से जीत दर्ज की। विजेता टीम को 51 हजार रुपए नकद व ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 21 हजार रुपए नकद व ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रतियोगिता में 49 रन बनाने वाले वसीम लाला मैन ऑफ द मैच रहे, जबकि वसीम पिपलोदा को मैन ऑफ द सीरीज घोषित किया गया। सुनील मोड़ा ने बेस्ट बॉलर और डीएम पाटिल ने बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार जीता। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि ग्रीष्मकाल को देखते हुए डे-नाइट मैचों का आयोजन कि के लिये नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर और आयोजक टीम को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन सुनील जैन महाबली ने किया और आभार विवेक भावसार ने व्यक्त किया।

### महावीर इंटरनेशनल का शपथ ग्रहण संपन्न

## 52 परिवारों ने स्व-गणना कर दिया जागरूकता का संदेश




**मंदसौर।** महावीर इंटरनेशनल मंदसौर केंद्र के सत्र 2026-27 के नवीन पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर केंद्र के 52 परिवारों ने एक साथ स्व-गणना पत्र भरकर राष्ट्र के प्रति अपनी जागरूकता का परिचय दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता और राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, व विशिष्ट अतिथि के रूप में सकल जैन समाज अध्यक्ष श्री लोकेंद्र जैन और ग्रुप संरक्षक विजेंद्र सेठी मौजूद थे। समारोह के दौरान शपथ अधिकारी राकेश जैन ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष वीर अरविंद कुदार, सचिव वीर ऋषभ फाफरिया, कोषाध्यक्ष वीर दिनेश जैन सहित पूरी टीम को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक श्रीमती श्वेता जैन ने स्व-गणना प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रक्रिया सुरक्षित और गोपनीय है, जिसे नागरिक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं पूर्ण कर सकते हैं। अतिथियों ने अपने संबोधन में महावीर इंटरनेशनल द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की और नई टीम को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन प्रजवी जैन ने किया और आभार नवीन सचिव ऋषभ फाफरिया ने माना। इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य नागरिक और संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।

## श्री सांवरिया सेठ भंडार के चढ़ावे मे रिकॉर्ड 41 करोड़ निकले

**नीमच।** प्रसिद्ध कृष्ण धाम चित्तौड़गढ़ जिले के श्री सांवलिया सेठ



मंदिर के दान पत्र से एक महीने में मिली राशि ने नया रिकॉर्ड बनाया है। एक महीने में कुल 41 करोड़ 67 लाख 38 हजार 569 रुपए चढ़ावे की राशि प्राप्त हुई। प्रशासक व एडीएम और मंदिर मंडल की सीईओ प्रभा गौतम ने बताया 16 अप्रैल को चतुर्दशी के दिन भंडार खोला गया था। इसके बाद सात राउंड में गिनती पूरी हुई। भेंटकक्ष और ऑनलाइन माध्यम से 8 करोड़ 45 लाख 75 हजार 30 रुपए मिले। इनके अलावा करीब 1 करोड रुपए कीमत का सोना और करीब 2 करोड रुपए की चांदी की भेंट भी चढ़ावे में आई है। प्रभा गौतम ने बताया इस महीने भंडार, भेंटकक्ष और ऑनलाइन माध्यम से कुल 41 करोड़ 67 लाख 38 हजार 569 रुपए की दान राशि प्राप्ति हुई है। यह एक महीने (29 दिन) में मिली अब तक की सबसे अधिक रिकॉर्ड राशि है। इससे पहले, साल 2025 में अप्रैल में अमावस्या पर खोले गए भंडार से करीब 25 करोड़ रुपए चढ़ावे में मिले थे, जो एक महीने में सबसे अधिक थे।सोना-चांदी का भी हुआ तौल-आखिरी राउंड की गिनती के दौरान शुक्रवार को कुल 660 ग्राम 500 मिलीग्राम सोना और 84 किलो 620 ग्राम चांदी का तौल हुआ। राजस्थान सरार्फा संघ के महामंत्री किशन पिछोलिया के अनुसार, इस सोने की कीमत करीब 1 करोड और चांदी की लगभग 2 करोड रुपए है। इसके अलावा काफी मात्रा में विदेशी मुद्रा और चेक भी प्राप्त हुए हैं, जिनकी प्रक्रिया अलग से अपनाई जा रही है।

## म.प्र. परशुराम कल्याण बोर्ड के संभाग प्रभारी बने अनुराग लोखंडे, अजय तिवारी जिला प्रभारी नियुक्त

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



शासन द्वारा गठित मप्र परशुराम कल्याण बोर्ड रतलाम के जिला प्रभारी अनुराग लोखंडे को नई जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें उज्जैन संभाग का प्रभारी बनाया गया है। उनके स्थान पर अब अजय तिवारी बोर्ड के जिला प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। तिवारी जल्द ही अपनी कार्यकारिणी का ऐलान करेंगे।

यह जानकारी मप्र परशुराम कल्याण बोर्ड के नवनियुक्त संभाग प्रभारी अनुराग लोखंडे ने सोमवार को सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में परशुराम कल्याण बोर्ड द्वारा भगवान श्री परशुराम जी पर महानाट्य का मंचन किया गया था। इसमें बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष पं. विष्णु राजोरिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने नई नियुक्तियों को लेकर चर्चा की थी। पं. राजोरिया ने उन्हें (लोखंडे) उज्जैन संभाग का प्रभारी तथा डॉ. राजेश शर्मा को सह प्रभारी नियुक्त किया है। इससे रिक्त हुए रतलाम जिला प्रभारी के पद पर भाजपा नेता एवं समाजसेवी अजय तिवारी को नियुक्त किया गया है।

लोखंडे ने बताया जिला प्रचार प्रमुख पत्रकार नीरज कुमार शुक्ला की जिम्मेदारी को निरंतर रखा गया है। इसके साथ ही विधिक प्रभारी का दायित्व रतलाम अभिभाषक संघ के अध्यक्ष राकेश शर्मा को दिया गया है। बोर्ड में कलेक्टर के पूर्व कार्यालय अधीक्षक प्रभाकांत उपाध्याय को भी जोड़ा गया है। संभाग, जिला और नगर की नई टीमों का गठन भी जल्द किया जाएगा।संभाग प्रभारी अनुराग लोखंडे ने मप्र शासन द्वारा परशुराम कल्याण बोर्ड के गठन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह बोर्ड ब्राह्मणों के हित के लिए तो काम करेगा ही, समस्त सनातन समाज की बेहतरी के लिए तत्पर रहेगा। लोखंडे ने बताया कि ब्राह्मण समाज के पुरोधाओं ने सिर्फ अपने समाज के लिए नहीं, बल्कि सभी की भलाई के लिए कार्य किया है।

## ओमप्रकाश चौधरी कृति संस्था के अध्यक्ष और रघुनंदन पाराशर सचिव बने

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच




नगर की प्रतिष्ठित साहित्यिक ,सांस्कृतिक संस्था कृति के वार्षिक निर्वाचन सर्वानुंमति से सम्पन्न हुए । ओमप्रकाश चौधरी को सवार्नुमति से अध्यक्ष चुना गया । वे 20 साल बाद तीसरी बार अध्यक्ष का दायित्व सम्हालेंगे । सचिव रघुनंदन पाराशर और कोषाध्यक्ष राजेश जायसवाल को चुना गया । अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष डॉ श्रीमती निर्मला उपाध्याय ,सहसचिव श्याम टांकवाल ,प्रचार सचिव कृष्ण कुमार शर्मा, तथा श्रीमती आशा साम्भर को महिला प्रकोष्ठ का प्रभारी निर्वाचित किया गया है । कार्यकारिणी में अक्षय पुरोहित , नीरज पोरवाल, सत्येन्द्रसिंह राठौर , डॉ विनोद शर्मा लिए गये । सलाहकार मंडल में किशोर जेवरिया, प्रकाश भट्ट ,दर्शनसिंह गांधी , मंजुला धीर, जगदीश लोगड, डी मित्तल , राधेश्याम पाटीदार , श्रीमती माधुरी चौरसिया, और श्रीमती सविता चौधरी को मनोनीत किया गया । संस्था के कार्यक्रमों की रुपरेखा और सुचारू संचालन हेतु कार्यक्रम संयोजन समूह का गठन किया गया जिसमें डॉ जीवन कौशिक, सत्येन्द्र सक्सेना, नरेंद्र पोरवाल, योगेश पाटीदार, कमलेश जायसवाल , महेंद्र त्रिवेदी, भरत जाजू ,श्रीमती साधना सेवक, गणेश खंडेलवाल, मुकेश कासलीवाल ,व बाबूलाल गौड़ को सम्मिलित किया गया । संस्था के निर्वाचन का सफल संचालन चुनाव अधिकारी श्री कैलाश बाहेती ने किया ।

प्राम्भ में कृति संस्था के कोषाध्यक्ष राजेश जायसवाल ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया । सचिव कमलेश जायसवाल ने अपने सचिव प्रतिवेदन में वर्ष भर की गतिविधियों की जानकारी दी । संस्था की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए ओमप्रकाश चौधरी, सत्येन्द्रसिंह राठोर ,श्रीमती साधना सेवक , श्रीमती मीना हरित , शरद पाटीदार , श्याम टांकवाल , किशोर जेवरिया, भरत जाजू , सत्येन्द्र सक्सेना आदि ने अपने विचार व्यक्त किये । निवर्तमान अध्यक्ष डॉ .अक्षय पुरोहित ने अपने कार्यकाल में सहयोग के लिए सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा अपने साथी पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया । निर्वाचन के पश्चात नवीन पदाधिकारियों का स्वागत किया गया । नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी ने कहा कि नए वर्ष में हम सबके सहयोग से संस्था की गतिविधियों को विस्तार और नया रूप प्रदान करेंगे । आपने संस्था की महिला सदस्यों से अपेक्षा की है कि वे महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत नवीन कार्यक्रम आयोजित करें ।

### न्यूज कालम



## गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के लिए राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**मंदसौर।** गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर संत समाज और स्थानीय जनता ने लामबंद होकर आंदोलन किया। इस अभियान की शुरूआत हस्ताक्षर अभियान से की गई, जिसके बाद संतों के नेतृत्व में शहर के विभिन्न मार्गों से एक विशाल पैदल मार्च निकाला गया। यह मार्च कोतवाली थाने पहुंचा, जहां प्रदर्शनकारियों ने तहसीलदार के माध्यम से देश की राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से मांग की गई है कि गौ माता को भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा मानते हुए इसे संवैधानिक रूप से राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाए और देशभर में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए।संतों ने प्रशासन को सचेत करते हुए कहा कि गाय केवल एक पशु नहीं बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान है, इसलिए इसे देव माता का दर्जा मिलना अनिवार्य है। आंदोलनकारियों ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए नाराजगी व्यक्त की कि गौ माता के नाम पर राजनीति करने वाली सरकारों के रहते हुए भी आज संतों को सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। इस दौरान यह भी स्पष्ट किया गया कि यह अभियान देश की ५४०० से अधिक तहसीलों में एक साथ चलाया जा रहा है। संत समाज ने सरकार को तीन महीने का समय देते हुए चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो आंदोलन को जिला, प्रदेश और फिर राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक तेज किया जाएगा। संतों का संकल्प है कि जब तक गौ माता को सड़कों पर कचरा खाने और कटने से बचाने के लिए कठोर कानून नहीं बनता, तब तक वे हर तीन महीने में ज्ञापन देकर अपना विरोध दर्ज कराते रहेंगे।

## गौ सम्मान दिवस मनाना तभी सार्थक होगा जब सरकार बूचड़खाने बंद करेगी

**बुढ़ा।** गौ सम्मान दिवस मनाना तभी सार्थक होगा जब सरकार



कठोर नियम बनाये एवं बूचड़खाने बंद करे,ओर गौपालक भी अपनी जिम्मेदारी को समझे।उक्त बात मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने सोमवार को गौ सम्मान दिवस पर गौमाता की पूजा,अर्चना गुड़ एवं रोटी खिलाई शर्मा ने कहा कि पंचायत से लेकर प्रदेश और देश मे भाजपा की सरकार है तो तत्काल बूचड़खाने बंद होना चाहिये,ओर गौमाता को राष्ट्रमाता भी घोषित करे।शर्मा ने कहा कि पशुपालको भी अपनी जिम्मेदारी तय करना पड़ेगी गौमाता को माँ की तरह पालना होगा आज बड़ी विडंबना है कि गौमाता को खुले में छोड़ा जाता है जहां यह सड़क या मोहल्लों में विचरण कर अनावश्यक वस्तुएं खाने पर मजबूर होती है।शर्मा ने कहा कि प्रदेश में तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ जी ने निराश्रित गौमाता के लिए प्रदेश भर में गौशालाये खोलकर उनके रहने के साथ ही घास पानी,डॉक्टर के लिए पर्याप्त बजट की भी व्यवस्था की।शर्मा ने कहा कि कांग्रेस द्वारा मेरे नेतृत्व में दस साल पहले ही गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान एवं पोस्टकार्ड अभियान भी चलाया जाचुका है।

## गौ सम्मान आह्वान अभियान पदयात्रा निकाल कर दिया ज्ञापन



**जावरा** । गौ सम्मान आव्हान अभियान जन जागरण पदयात्रा सोमवार को पुल बाजार स्थित जागनाथ महादेव मंदिर से निकली जो पदयात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई तहसील कार्यालय पहुंची । वहीं संत समाज ने हजारों संख्या के हस्ताक्षर वाले राष्ट्रपति प्रधानमंत्री राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को दिया। पदयात्रा पुल बाजार से प्रारंभ होकर बजाज खाना, घंटा घर चौराहा ,कोठी बाजार, नीम चौक, लक्ष्मी बाई रोड, कोर्ट परिसर होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची। उक्त गौ सम्मान अभियान में गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा गोवंश हत्या पर कडा कानून बनाए जावे गौ आधारित कृषि को बढ़ावा देने जैसे मुद्दे को लेकर शामिल किया गया । उक्त अभियान में क्षेत्र के संत समाज के योगी योगेश नाथ (जेठाना) ,शिवानंद (सजापुर), जितेंद्र दास( बोरदा ),रुद्र गोपाल ब्रह्मचारी एवं अनिल शर्मा आदि बड़ी संख्या में महिलाएं एवं नागरिक उपस्थित थे।

## खरीदी केंद्रों पर किसानों को न हो परेशानी, निर्माण कार्यों में देरी पर होगी सख्त कार्रवाई- कलेक्टर

**मंदसौर।** कलेक्टर अदिति गर्ग की अध्यक्षता में सुशासन भवन में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गेहूं खरीदी केंद्रों पर किसानों को लंबी लाइनों में न लगना पड़े और जिनका स्लॉट बुक है, उनका गेहूं तत्काल तौल कर उन्हें मुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, पानी जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहें और सर्वेयर गुणवत्ता की जांच पूरी सावधानी से करें। कलेक्टर ने निर्माण विभागों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों के लिए बार-बार समय वृद्धि (एक्सटेंशन) न दी जाए। यदि किसी विभाग द्वारा बिना ठोस कारण के कार्य में देरी की गई, तो संबंधित के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जल गंगा जल संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने बताया कि 25 मई को जिले भर में जल संरक्षण की गतिविधियां आयोजित होंगी, जिसके तहत शिवना नदी में श्रमदान और सायं काल में भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा। बैठक में संबल योजना के लंबित प्रकरणों के निराकरण, स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया और महिला एवं बाल विकास विभाग को पोषण ट्रैकर में सही एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।



## बेबाक व्यक्तित्व के धनी वरिष्ठ लेखापाल मेवाडा की ऐतिहासिक विदाई

**शुजालपुर।** शिक्षा विभाग में अपनी स्पष्टवादिता और खुशमिजाज अंदाज के लिए पहचाने जाने वाले वरिष्ठ लेखापाल लखन सिंह मेवाडा शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए। जनपद शिक्षा केंद्र शुजालपुर में आयोजित उनका विदाई समारोह किसी उत्सव से कम नहीं था। 1964 में जन्मे मेवाडा ने वर्ष 1999 से शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं प्रारंभ की थीं, जिसके बाद उन्होंने कालापीपल और शुजालपुर विकासखंड में लंबे समय तक अपनी अद्वितीय सेवाएं दीं। विदाई के इस अवसर को यादगार बनाने के लिए क्षेत्र के शिक्षकों ने मेवाडा के सम्मान में एक भव्य चल समारोह निकाला। इसके पश्चात कार्यालय परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से आए शुभचिंतकों, अधिकारियों और शिक्षकों ने उनका शाल-श्रीफ ल एवं साफ ा बांधकर भावभीना अभिनंदन किया। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी हर्षवर्धन चतुवेर्दी, सांदीपनि विद्यालय प्राचार्य डॉ. रजनीश त्रिवेदी, राजेंद्र यादव, दिनेश भारद्वाज, मधु मंडलोई, अल्पना राणा, तृप्ति पाठक, अलका देशमुख, प्रमोद खापरे, संतोष राठौर, सुरेंद्र गोखले, जसमत सिंह बैस, ओम यादव, लाडसिंह कुशवाह, ओमप्रकाश मेवाडा, संतोष पाठक, गिरीश नाथ, धर्मेंद्र यादव, उदय परमार, आशीष परमार, संजय देशमुख, धनपाल चंद्रवंशी, एजाज खान, मनोज यादव, रोशन परमार, नरेंद्र जैन, नरेंद्र राजपूत, मनोहर सिंह यादव ,विक्रम सिंह कुशवाह आदि उपस्थित रहे।

**गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने के उद्देश्य से**

## संत समाज के नेतृत्व में सकल हिंदू समाज द्वारा रैली निकालते हुए तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किए जाने के पवन उद्देश्य को लेकर आज 5 हजार 5 सौ तहसील मुख्यालय पर गो भक्तों के द्वारा राज्यपाल मुख्यमंत्री एवं एसडीएम के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार को सोपा गया। गौ माता धर्म की धूरी है इसी पुनीत कार्य को लेकर संत समाज ने मां मंशापूर्ण वैष्णो देवी मंदिर से एक ही विशाल रैली निकाली जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंची। जहाँ पर सभी गौ भक्तों ने गौ माता के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाए, गौरक्षा हेतु सख्त केंद्रीय कानून बनाया जाए, भारत वर्ष में गौ हत्या को पूर्णता समाप्त किया जाए आदि विभिन्न मांगो का ज्ञापन सोपा गया, संत समाज के नेतृत्व में निकाली गई विशाल रैली में सत्ता पक्ष के कई दिग्गज नेता नदारत रहे वही सकल हिंदू समाज ने रैली में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। संत समाज ने शासन और प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि जो गौ हित की बात करेगा वही देश पर राज करेगा, यदि उक्त मांगों को पूरा नहीं किया गया तो संत समाज द्वारा माह जुलाई में उग्र आंदोलन किया जायेगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

## नरसिंगा ग्राम पंचायत को उत्कृष्ट कार्य पर सम्मानित किया गया



**इंगोरिया।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा ग्राम पंचायत नरसिंगा के सरपंच चंदर सिंह चावड़ा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत में किए गए विकास कार्यों एवं उन्नति सूचकांक 202324 में 92. 66 प्रतिशत की उपलब्धि पर सम्मानित किया गया। ई के वाय सी और आवास योजना में श्रेष्ठ उपलब्धि पर ग्राम पंचायत को सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत सचिव लोकेंद्र सिंह चावड़ा ने बताया कि बड़नगर तहसील अंतर्गत ,5 ग्राम पंचायतों को उत्कृष्ट कार्य पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारीसहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

## घोड़ी वाले रघुनाथ सिंह का 55 वर्ष की उम्र में आकस्मिक निधन



**कानड़।** घोड़ी वाले के नाम से पहचाने जाने वाले रघुनाथ सिंह राजपूत ग्राम शिवगढ़ 55 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। रघुनाथ सिंह शादियों के मौके पर दूल्हे के लिए घोड़ी उपलब्ध कराने का कार्य करते थे इसी क्रम में शनिवार की रात को रघुनाथ सिंह एक विवाह समारोह में घोड़ी ले गए थे जहां विवाह वाले घर उन्होंने रात्रि में वर निकासी के बाद सो गए और रात में ही उनका आकस्मिक निधन हो गया।रविवार सुबह शादी समारोह वाले घर के सदस्य जब उन्हें जागने लगे तो रघुनाथ सिंह नहीं उठे ।इस तरह रघुनाथ सिंह राजपूत की आकस्मिक मौत से शादी वाले परिवार में मातम छाया गया तो तरफ परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बेहाल हो गया।

# दहेज प्रथा के खिलाफ राजावत परिवार का बड़ा संदेश 15 तोला सोना व 25 लाख का टीका लौटाया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर**

तहसील के ग्राम बंगरेड में राजावत परिवार में हुआ टीका समाजजनों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन गया। इस तिलक के दौरान दूल्हे के परिवार ने 15 तोला सोना व 25 लाख नगद का टीका दुलहन के परिवारजनों को ससम्मान लौटा दिया और शगुन में प्रतीकात्मक एक अंगूठी स्वीकार कर दहेज प्रथा के खिलाफ सशक्त संदेश दिया।

26 अप्रैल रविवार को ग्राम बंगरेड के प्रतिष्ठित राजावत परिवार में आयोजित ठा. कमलसिंह राजावत के सुपौत्र एवं लोटस ग्रुप के चेयरमेन जितेंद्रसिंह राजावत के पुत्र आदर्शदीप सिंह के तिलक अवसर पर वधु पक्ष (तामलपुर) द्वारा 25 लाख रुपए की राशि नगद एवं 15 तोला सोना भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। इस अवसर पर राजावत परिवार ने अत्यंत सराहनीय निर्णय लेते हुए एक अंगूठी को प्रतीकात्मक रूप में स्वीकार कर शेष संपूर्ण नगद राशि एवं स्वर्ण आभूषणों को पूरे सम्मान के साथ वधु पक्ष को वापस लौटा दिया। दूल्हे के पिता जितेंद्रसिंह राजावत क्षत्रिय महासभा (राजपूत समाज) के जिलाध्यक्ष भी है। उनकी यह पहल निश्चित ही सम्पूर्ण समाज हेतु भी प्रेरणास्पद होगी।



**लक्ष्मी स्वरुप बेटी चाहिए**

दूल्हे के पिता जितेंद्रसिंह राजावत ने कहा कि विवाह कोई आर्थिक सौदा नहीं है और उन्हें बहू के रूप में लक्ष्मी स्वरूप बेटी चाहिए, न कि दहेज का धन।

**पर्यावरण मित्र उपाधि से भी ही चुके सम्मानित**

दूल्हे के पिता जितेंद्रसिंह राजावत ने 2015 से पर्यावरण क्षेत्र में कार्य करते हुए हजारों पौधों का रोपण किया साथ ही सैकड़ों असहाय बच्चों को शिक्षा व बेटियों को गोद लेकर उनकी शिक्षा से लेकर विवाह तक का प्रेरणादायक कार्य प्रस्तुत कर चुके है। राजावत ने एक दर्जन मुक्तिधामों पर भी सौंदर्यीकरण का अनूठा कार्य किया है।

**हर कोई कर रहा तारीफ**

क्षेत्र में दहेज प्रथा के खिलाफ चल रही जागरूकता मुहिम के बीच बंगरेड का यह विवाह अब दहेज मुक्त शादी का प्रतीक बन गया है। यह आयोजन केवल दो परिवारों का मिलन नहीं, बल्कि समाज को नई दिशा देने वाला प्रेरक उदाहरण बनकर उभरा है। क्षेत्र में सोशल मीडिया पर भी यह तिलक सराहा जा रहा है।



## पटलावदा में सड़क हादसा, अज्ञात वाहन की टक्कर से मामा-भांजे की मौत

**देवास।** देवास जिले के पटलावदा क्षेत्र में जवाईखेड़ी मोड़ पर रविवार शाम एक सड़क हादसे में मामा-भांजे की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में एक सात वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों एक बाइक पर सवार होकर लौट रहे थे। मृतकों की पहचान बगाना निवासी 38 वर्षीय राजेश पिता रामचंद्र और जैतपुरा निवासी 50 वर्षीय पूंजराज परमार के रूप में हुई है। घायल बच्चे का नाम 7 वर्षीय शिवम सोलंकी है। ये तीनों देवास में एक रिश्तेदार महिला का हालचाल जानने के बाद वापस लौट रहे थे। शाम को लौटते समय पटलावदा के पास जवाईखेड़ी मोड़ पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि राजेश और पूंजराज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल शिवम को तत्काल देवास जिला अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे इंदौर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# विधायक ने आगजनी की घटनास्थल पर पहुंच दी सांत्वना और हर संभव मदद का भरोसा दिया

दैनिक अवन्तिका44भौरासा

नेवरी फाटा पर आगजनी की घटना हुई थी जिसमें लाखों के नुकसान होना बताया जा रहा हे जिस पर अभी तक कोई किसी प्रकार का मामला दर्ज नहीं किया गया।

घटना की जानकारी होने पर क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश सोनकर रविवार को नेवरी फाटा स्थित खाटू श्याम मंदिर के दर्शन किए एवं उसके बाद घटना स्थल पर पहुंच अताहत हुए परिजनों से मिलकर सांत्वना दी विधायक डॉ सोनकर को देख परिजनों की आंखों फिर छलक उठे और अपने हुए नुकसान की भरपाई के लिए गुहार करते रहे



जिस पर विधायक डॉ सोनकर द्वारा संबंधित विभाग अधिकारियों से चर्चा कर जल्द जल्द से शासन की ओर से दी जाने वाली मदद करने को कहा हे ओर कहा कि भाजपा सरकार हर गरीब कल्याण हेतु तत्पर हे ये गरीबों की सरकार हे हमारे प्रदेश मुख्यमंत्री स्वयं गरीबों के कल्याण हेतु लगे हुए मेरे द्वारा भी हर संभव मदद करने के लिए प्रयासरत रहूंगा।

साथ सरपंच महेश राठौर द्वारा बताया गया कि उक्त कस्बा हमारे ग्राम पंचायत की सीमा में आया हे चुकी सभी गरीबी की श्रेणी में आते हे इसलिए सभी परिवार वालों के लिए खाने रहने की व्यवस्था मेरे द्वारा खुद की गई थी और आगे भी मदद की जाएगी ।

उक्त मामले में अभी तक पुलिस प्रशासन द्वारा कोई किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई थाना प्रभारी अनीता सिंह ने बताया कि चुकी मामला आगजनी का हे इसलिए तहसीलदार,पटवारी एवं संबंधित विभाग द्वारा पंचनामा के साथ अन्य दस्तेवेजों के आधार पर कार्यवाही की जाएगी अगर कोई मामले में नाम दर्ज रिपोर्ट पंजीबद्ध करने आता हे तो मामल पंजीबद्ध बिल्कुल किया जाएगा परन्तु अभी तक कोई नहीं आया हे और जांच की जा रही इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा , नरेंद्र माली, लक्ष्मण गुर्जर,रामचरण धाकड़, कन्हैयालाल यादव, राजवीर धाकड़,कैलाश यादव, पोप सिंह यादव के साथ अधिजन उपस्थित थे।

## कार की टक्कर से परिवार के 5 लोग घायल, भौंरासा टोल के पास हादसा

**देवास।** देवास जिले के भौंरासा टोल टैक्स के पास रविवार शाम एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए देवास के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, अवंतीपुर बड़ोदिया निवासी पवन वर्मा (25) अपने परिवार के साथ अवंतीपुर बड़ोदिया से इंदौर जा रहे थे। भौंरासा टोल टैक्स के समीप पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सड़क से नीचे खाई में जा गिरी और परिवार के सदस्य कुछ दूर तक घिसटते चले गए। हादसे के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घायलों में पवन वर्मा, उनकी पत्नी ज्योति वर्मा, भतीजा प्रद्युम्न और दो भतीजियां मिस्टी व नंदिनी शामिल हैं। पवन वर्मा ने बताया कि वह इंदौर में एक कंपनी में काम करते हैं और अपनी पत्नी व भतीजे-भतीजियों को लेकर इंदौर जा रहे थे। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को देवास जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।

### देवास कुश्ती प्रतियोगिता में झगड़ा, मंच पर कुर्सियां चलीं

# दो लोगों का सिर फूटा, वजन वर्ग को लेकर पहलवानों के बीच हुई थी बहस



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास**

देवास के एलएनबी क्लब में रविवार रात आयोजित कुश्ती महोत्सव के दौरान बड़ा विवाद हो गया। वजन वर्ग को लेकर शुरू हुए झगड़े ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें पहलवानों ने एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकीं। इस घटना में दो दर्शक घायल हो गए। विवाद इतना बढ़ गया कि मंच पर ही कुर्सियां चलने लगी और लोग एक-दूसरे से मारपीट करते दिखे। इस अफरा-तफरी में दो लोगों के सिर में गंभीर चोटें आईं। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

**अन्य लोगों को भी चोट लगने की आशंका**

करीब आधे घंटे तक आयोजन स्थल पर हंगामे की स्थिति बनी रही। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद के दौरान कुछ लोग एक युवक के पीछे दौड़ते दिखे, जबकि मंच पर लगातार कुर्सियां फेंकी जा रही थी। इस दौरान कई अन्य लोगों को भी चोट लगने की आशंका है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। हालांकि, देर रात तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा। बाद में कुश्ती प्रतियोगिता को तत्काल बंद कर दिया गया।

**इंदौर के पहलवानों के बीच हुआ था विवाद**

कोतवाली थाना प्रभारी श्याम चंद्र शर्मा ने बताया कि इंदौर के दो पहलवानों के बीच फाइनल में वजन वर्ग को लेकर विवाद हो गया। जिसमें कुर्सी फेकने की घटना सामने आई है। घटना में आयुष ठाकुर और जतिन नाम के दो लड़कों को चोट आई थी, जिन्हें प्राथमिक इलाज दिया गया है और उनकी छुट्टी हो गई है।

पुलिस से जानकारी के अनुसार इंदौर के शेखर ठाकुर ने मामले को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई है जो की आयुष ठाकुर के रिश्तेदार हैं। पुलिस ने शिकायत पर मनीष नामदेव, लोकपाल, मयूर मड़वाल और कपिल गुर्जर पर केस दर्ज किया है।

उल्लेखनीय की कुश्ती महोत्सव तीन दिवसीय था और यह आयोजन आकाश संगते द्वारा करवाया जा रहा था। बताया जा रहा है कि दोनों फाइनल वाले पहलवान इंदौर के हर इन दोनों के बीच में पहले भी विवाद हुआ था और यहां फाइनल में आने के दौरान वजन वर्ग को लेकर दोनों आमने-सामने और विवाद शुरू हो गया। उसके बाद मारपीट और कुर्सियां फेंकने की घटना हो गई। कोतवाली वाली पुलिस ने चार लोगों पर प्रकरण दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भीषण गर्मी और रेलवे की लापरवाही: सारंगपुर स्टेशन पर यात्री बूंद-बूंद ठंडे पानी को तरसे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर**

सारंगपुर क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच सारंगपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए पीने के ठंडे पानी का गंभीर संकट खडा हो गया है। आलम यह है कि स्टेशन के नलों से खौलता हुआ गर्म पानी निकल रहा है, जिससे यात्रियों की प्यास बुझने के बजाय परेशानी और बढ़ गई है।

**नलों से उबलता पानी**

दोपहर के समय स्टेशन के नलों से इतना गर्म पानी आता है कि उसे पीना असंभव है। यात्री मजबूरी में इसी पानी को बोतलों में भर रहे हैं। पूरे प्लेटफार्म पर केवल जो नल लगे है वह यात्रियों की भारी संख्या के आगे नगण्य हैं। कई नालो में पानी तक उपलब्ध नहीं है। रेल आने पर ठंडे पानी के सीमित ठिकानों पर भारी भीड जमा हो रही है। कोटा-इंदौर इंटरसिटी जैसी ट्रेनों के कम स्टॉपेज के कारण पीछे के डिब्बों वाले यात्रियों के लिए पानी तक पहुँचना और भी चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

**यात्रियों और नागरिकों की मांग**

स्थानीय नागरिक अंशुल जैन और यात्री मेहुल कुमार सहित कई लोगों ने रेलवे प्रशासन के प्रति गहरी नाराजगी जताई है और कहा कि प्लेटफार्म पर कम से कम 3-4 अलग-अलग स्थानों पर वाटर कूलर लगाए जाएं। प्रमुख ट्रेनों के आगमन के समय प्लेटफार्म पर चलित ठंडे पानी की ट्रॉली चलाई जाए। पुराने नलों में ठंडे पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सामाजिक संगठनों का कहना है कि जब रेलवे यात्रियों से पूरा किराया वसूलता है, तो पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधा देना उसकी जिम्मेदारी है। वर्तमान स्थिति में बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।



**नागरिकों ने रखी मांगे**

एक तरफ भीषण गर्मी और लू ने लोगों का हाल बेहाल कर रखा है, वहीं दूसरी ओर सारंगपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को ठंडे पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा भी नसीब नहीं हो रही। हालत यह है कि दोपहर के समय स्टेशन पर लगे नलों से गर्म पानी निकल रहा है, जिसे पीने को यात्री मजबूर हैं। स्टेशन पर रोज बडी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है, लेकिन गर्मी के इस मौसम में रेलवे प्रशासन द्वारा पर्याप्त पेयजल व्यवस्था नहीं की गई है। प्लेटफॉर्म पर नाम मात्र के लिए चार-पांच सुराहियां रखी गई हैं, जो यात्रियों की संख्या के मुकाबले बेहद कम साबित हो रही हैं। कई सुराहियों में पानी तक उपलब्ध नहीं रहता। तेज गर्मी और लू के बीच सफर करने वाले यात्रियों को ठंडा पानी नहीं मिलने से परेशानी और बढ गई है।

**विजय बारकिया, समाजसेवी**

रेलवे स्टेशन पर ठंडे पानी की किल्लत से बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। प्लेटफॉर्म पर ट्रेन का इंतजार करते ठंडे पेयजल की आवश्यकता होती है लेकिन यात्रियों की बढी परेशानी है। इस समय कई बार चक्कर, घबराहट और कमजोरी महसूस होने लगती है। व्यवस्था होनी ही चाहिए।

**गोकुल दंडवानी, समाजसेवी,**

सारंगपुर स्टेशन पर कोटा इंदौर ट्रेन का बहुत कम समय का स्टॉपेज होता है। ऐसे में पीछे या आगे के डिब्बों में बैठे यात्रियों के लिए प्लेटफॉर्म पर बने प्याऊ तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। कई बार ट्रेन छूटने के डर से यात्री नलों से निकलने वाला गर्म पानी ही बोतलों में भर लेते हैं। यात्रियों ने की अतिरिक्त वाटर प्वाइंट लगाना चाहिए। तीन-चार स्थानों पर ठंडे पानी की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि यात्रियों को एक जगह भीड में नहीं जाना पडे और आसानी से पानी मिल सके।

**दीपक प्रजापति, नागरिक,**

स्थानीय रेलवे स्टेशन पर नागरिकों और यात्रियों के लिए रेलवे प्रशासन के द्वारा कोई ठोस व्यवस्था पेयजल के लिए नहीं की है। जब हम यात्रियों से पूरा किराया लिया जाता है, तो बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराना रेलवे की जिम्मेदारी है। स्टेशन पर जल्द से जल्द पर्याप्त संख्या में वाटर कूलर लगाए जाएं, पुराने नलों में ठंडे पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और प्रमुख ट्रेनों के आगमन के समय प्लेटफॉर्म पर चलित ठंडे पानी की ट्रॉली चलाई जाए।

**गोपाल हाड़ा, नागरिक**



**गौ माता को राष्ट्र माता बनाने की मांग तेज**

## गौ सम्मान दिवस पर दिया ज्ञापन; गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग

**बदनावर।** गौ रक्षा और संरक्षण की मांग को लेकर सोमवार को देशभर में 'गौ सम्मान दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर बदनावर सहित देशभर की पांच हजार तहसीलों में एक साथ ज्ञापन दिए गए। बदनावर में गौ रक्षा समिति और सनातन धर्म से जुड़े संगठनों ने एसडीएम प्रियंका मिमरोट और तहसीलदार सुरेश नागर को ज्ञापन दिया। इस दौरान साधु-संत भी मंच पर उपस्थित रहे। सुबह लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल बस स्टैंड पर गौसेवक एकत्रित हुए, जहां संगीतमयी हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और गौ पूजा कर आरती की गई।

ज्ञापन के माध्यम से गौमाता को राष्ट्रीय माता घोषित करने, गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और गौ संरक्षण को बढ़ावा देने की प्रमुख मांगें उठाई गईं। वक्ताओं ने गौवंश पर मंडरा रहे संकट का उल्लेख करते हुए प्रत्येक सनातनी से गौ रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने समाज से एकजुट होकर गौ संरक्षण के लिए कार्य करने की अपील भी की। यह अभियान चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है। तहसील स्तर पर ज्ञापन देने के बाद, दूसरे चरण में जुलाई माह में जिला कलेक्टर और 27 अक्टूबर को राज्य सचिव के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र सौंपने की योजना है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गौमाता को पूर्ण सम्मान दिलाना और उन्हें 'राष्ट्र माता' का दर्जा दिलवाना है।



# वेट लॉस करना है? विटामिन सी करेगा मदद

## आप भी विटामिन सी को केवल इम्यूनिटी बढ़ाने की दवा समझते हैं? विटामिन सी वेट लॉस में अहम भूमिका निभाता है। विटामिन सी से मेटाबॉलिज्म बेहतर होता है, शरीर डिटॉक्स होता है, स्ट्रेस घटता है और वजन कम करने में मदद मिलती है।

विटामनि सी को एस्कॉर्बिक एसडि भी कहते हैं। यह एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है जो फ्री रेडकिल्स से होने वाले नुकसान को कम करता है। विटामिन सी के फायदे आपने ज्यादातर लोगों से सुने होंगे जो इसे त्वचा और बालों के लिए फायदेमंद बताते हैं, लेकिन इसकी मदद से वेट लॉस में भी मदद मिलती है। एक्सपट्र्स ऐसा मानते हैं कि जो लोग वजन कम करना चाहते हैं उन्हें विटामिन सी का सेवन भी करना चाहए। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के एक अध्ययन के मुताबकि, जिन लोगों ने विटामिन सी का सेवन किया , उनमें बीएमआई और कमर का साइज कम देखा गया। वहीं विटामिन सी सप्लीमेंट का भी वेट लॉस पर अच्छा असर देखा गया। इस लेख में जानेंगे वेट लॉस के लिए विटामिन सी के फायदे।



1. **मेटाबॉलिज्म और एनर्जी लेवल बढ़ता है-** वजन घटाने के लिए मेटाबॉलिज्म को बढ़ाना जरूरी है। मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने के लिए विटामिन सी का सेवन फायदेमंद होता है। साथ ही विटामिन सी का सेवन करने से शरीर में एनर्जी बनी रहती है और व्यक्ति ज्यादा कैलोरी बर्न कर पाता है।
2. **वटिामनि सी से स्ट्रेस घटता है-** अगर शरीर में स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल ज्यादा होगा, तो फैट स्टोरेज बढ़ सकता है खासकर पेट के हिस्से के आसपास। कोर्टिसोल को कंट्रोल करने के लिए विटामिन सी का सेवन फायदेमंद माना जाता है खासकर फिजिकल या इमोशनल स्ट्रेस के दौरान।
3. **एक्सरसाइज के दौरान ज्यादा फैट बर्न कर पाएंगे-** अगर शरीर में विटामिन सी की कमी होगी, तो शरीर को स्टोर किए गए फैट को एनर्जी में बदलने में परेशानी आएगी। स्टोर किया हुआ फैट जब बेहतर ढंग से एनर्जी में बदल पाएगा, तो आप ज्यादा अच्छे ढंग से एक्सरसाइज कर पाएंगे और वजन घटेगा।

# 3 से 4 महीने के शिशु बार-बार उल्टी क्यों करते हैं?



जन्म के समय शिशु का पेट एक छोटे कंचे जितना होता है, जो धीरे-धीरे बढ़ता है। शिशु का बार-बार दूध बाहर निकाल देने के कई कारण हो सकते हैं। जन्म के करीब तीन से चार दिन बाद शिशु का पेट कंचे से बढ़कर एक पिंग-पोंग बॉल जितना हो जाता है। इतने छोटे पेट में दूध समाने की क्षमता कम होती है। इस वजह से एक महीने से लेकर करीब चार महीने तक शिशु थोड़ी मात्रा में ही दूध को संभाल सकता है। अगर दूध ज्यादा पिला दिया, तो बच्चा उल्टी कर सकता है। शिशुओं की खाने की नली के ऊपरी हिस्से की मांसपेशियां पूरी तरह से विकसित नहीं हुई होती हैं। इस वजह से पेट का दूध आसानी से ऊपर आ जाता है। कई बार मां शिशु के रोने पर बार-बार ब्रेस्टफीड या फॉमूर्ला मिल्क देती रहती है। इससे शिशु जरूरत से ज्यादा दूध पी लेता है, जिससे पेट भर जाने पर अतिरिक्त दूध उल्टी के रूप में बाहर आ जाता है। दूध पिलाने के बाद जब शिशु को डकार दिलाई जाती है या फिर दूध पीते समय शिशु बहुत ज्यादा हवा अंदर ले लेता है। इससे थोड़ी देर बाद शिशु को उल्टी हो सकती है। अगर शिशु को बार-बार उल्टी हो रही है, तो सबसे जरूरी है कि पैरेंट्स को शांत रहना चाहिए और शिशु के कम मात्रा में दूध पिलाना चाहिए ताकि शिशु हाइड्रेट रह सके।




### गुजरात ने 20 गेंद रहते चेन्नई को आठ विकेट से रौंदा


# सुदर्शन-रबाडा ने चेन्नई को पटरी से उतारा

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

साई सुदर्शन 13 रन से अपने लगातार दूसरे शतक से चूक गए। चेन्नई के स्थानीय खिलाड़ी सुदर्शन की चेपॉक में 87 रन की पारी और रबाडा के तीन विकेट ने चेन्नई सुपर किंग्स को फिर पटरी से उतार दिया तो गुजरात टाइटंस को जीत के ट्रैक पर ले आए।

गुजरात ने 20 गेंद रहते चेन्नई को आठ विकेट से रौंदा। यह गुजरात की गेंद और विकेट से पांच बार की चैंपियन चेन्नई के खिलाफ सबसे बड़ी जीत है। पिछले मैच में सुदर्शन के शतक के बावजूद गुजरात को बेंगलुरु से हार मिली थी। टीम की यह दो हार के बाद पहली जीत है । गुजरात ने 159 रन का लक्ष्य 16.4 ओवर में दो विकेट पर 162 रन बना आसानी से पा लिया।

सुदर्शन ने गिल (33) के साथ पहले विकेट के लिए 58 रन जोड़कर टीम को शानदार शुरूआत दिलाई। गिल सातवें ओवर में नूर की गेंद पर आउट हुए जब



सतर्क विकेटकीपर सैमसन ने उनके स्टंप उखाड़ दिए। सुदर्शन ने बटलर के साथ दूसरे विकेट के लिए 97 रन की साझेदारी कर चेन्नई को मैच से बाहर कर दिया। वह जब हुसैन की गेंद पर आउट हुए तब टीम जीत से सात रन दूर थी। रबाडा और सिराज ने उछाल भरी पिच पर शानदार गेंदबाजी की। चेन्नई के कप्तान गायकवाड़ (74) और दुबे (22) को छोड़कर कोई भी 20 का आंकड़ा नहीं छू पाया। टीम सात विकेट पर 158 रन ही बना पाई। संजू (11) सस्ते में आउट हो गए। सरफराज खाता भी नहीं खोला पाए। गुजरात के लिए अरशद ने दो विकेट झटके।

## कोलकाता सुपर ओवर में जीता

सीजन के पहले सुपर ओवर में रविवार को कोलकाता नाटइ राइडर्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को मात देकर बाजी अपने नाम की। कोलकाता ने रिंकू (83 नाबाद) की करियर की सबसे बड़ी पारी से सात विकेट पर 155 रन बनाए। जवाब में लखनऊ ने भी आठ विकेट पर इतना ही स्कोर बनाया। लखनऊ को जीत के लिए अंतिम ओवर में 17 रन चाहिए थे। कार्तिक त्यागी ने इंपैक्ट खिलाड़ी हिम्मत को आउट कर मैच में रोमांच पैदा कर दिया। अंतिम गेंद पर अब उसे सात रन चाहिए थे। स्ट्राइक पर शमी थे। उन्होंने छक्का जड़कर मैच को टाई करवा दिया। सुपर ओवर में नरेन ने पहली गेंद पर पूरन को चलता कर दिया। दूसरी पर पंत ने एक रन लिया।

# अल्काराज के हटने से नोवाक को 25वां ग्रैंड स्लैम जीतने की उम्मीद

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच के ऐतिहासिक 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के साल के दूसरे ग्रैंड स्लैम फ्रेंच ओपन से हटने से उनकी खिताबी राह अब थोड़ी आसान नजर आ रही है।

टूनामेंट 18 मई से 7 जून तक रौलां गैरां में जाएगा। इसके यानिक सिनेर के बाद नोवाक दूसरे प्रबल दावेदार के रूप में उतरेंगे।

असल में अल्काराज ने लगातार पिछले दो साल फ्रेंच ओपन में खिताब जीता है और इस बार वह हैट्रिक पूरी कर सकते थे। ऐसे में तीन बार फ्रेंच ओपन जीत चुके नोवाक के सामने अपना रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम जीतने का सुनहरा मौका होगा।

पिछले दो मुकाबलों में नोवाक को अल्काराज से हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में उनके नहीं



खेलने से बेशक नोवाक को राहत महसूस होगी। हालांकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी इटली के यानिक सिनेर उनकी राह में सबसे बड़ी बाधा बन सकते हैं। सर्बिया के 38 वर्षीय जोकोविच ने अब तक 24 ग्रैंड स्लैम जीते हैं। हालांकि उन्होंने पिछला खिताब 2023 में यूएस ओपन के रूप में जीता था, उसके बाद से वह कोई ग्रैंड स्लैम नहीं जीत सके हैं।

## गुडविल से हार के बावजूद कोठारी अंतिम-16 में

एजेंसी ▸▸ कारलो (आयरलैंड)

इंग्लैंड के मार्टिन गुडविल ने रविवार को विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप के अंतिम ग्रुप ए लीग मैच में मौजूदा चैंपियन सौरव कोठारी पर उलटफेर भरी जीत दर्ज की। 63 वर्षीय गुडविल ने एक अंक के अंतर से (276-275) रोमांचक जीत हासिल की। इसके बावजूद कोठारी भी प्री-क्वार्टर में पहुंच गए। उन्होंने तीन मैचों में से दो जीतकर नॉकआउट में प्रवेश किया। खिताब फिर हासिल करने की कोशिश कर रहे पंकज आडवाणी ग्रुप बी में शीर्ष पर रहे।


**Vividh FIN Solutions**
अनुभवी अकाउण्टेंट की आवश्यकता है
जिसे TDS, PF, GST, Balance Sheet Finalization का अनुभव हो, फुल टाइम, वेतन योग्यतानुसार।
Vivek Sharma
Mob.: 9406650396, 9826669932
Viveksharma142000@yahoo.co.in
248, 2nd Floor, Giriraj Heritage, Madhav Club Road, Ujjain

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बॉय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**आवश्यकता है**
कर्मचारियों की आवश्यकता रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु रोटी वाली बाई एवं दो वेटर की आवश्यकता है
संपर्क मोबा. 9827 820 470

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की। कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है। प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में विजीट चार्ज 499/- ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### एसीपी पत्नी के पति विवाद के बाद सरकारी वाहन लेकर चले गए, निम्बाहेड़ा में मिले

**इंदौर।** पीटीसी इलाके में रहने वाली एक महिला एसीपी के पति रविवार-सोमवार की दरमियानी रात अचानक लापता हो गए। घर में विवाद के बाद वे सरकारी जीप लेकर निकल गए। अनहोनी की आशंका के चलते एसीपी ने आजाद नगर थाना में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है। सूत्रों के मुताबिक एसीपी के पति का मोबाइल चालू था, इसके चलते लगातार मोबाइल की ट्रैकिंग की जा रही थी। पुलिस ने इसी आधार पर उनका पीछा करते हुए राजस्थान के निम्बाहेड़ा में उनके पास पहुंच गई। एसीपी पति और आजाद नगर और बाणगंगा थाना पुलिस के साथ इंदौर लौट रही हैं। जानकारी के मुताबिक, शहर में पदस्थ एसीपी और उनके पति के बीच रात में कहासुनी हुई थी। इसके बाद पति सरकारी वाहन लेकर घर से निकल गए। एसीपी ने थाना पुलिस को बताया कि जाते समय उन्होंने अनहोनी की आशंका जताई थी। सूत्रों के मुताबिक एसीपी ने पति के गुमशुदा होने को लेकर चंद घंटों में ही एफआईआर दर्ज करा दी। शिकायत के बाद आजाद नगर थाने ने गुपचुप तरीके से पुलिसकर्मियों की टीमें बनाकर तलाश शुरू कर दी। वहीं बाणगंगा पुलिस भी उन्हें तलाशने के लिए रवाना हुई। सूत्रों के मुताबिक, उनकी लोकेशन राजस्थान के डग-बड़ौद क्षेत्र में ट्रेस हुई है। इसके बाद एक टीम वहां के साथ राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में तलाश करने में जुटी है। वे लगातार अपनी लोकेशन बदल रहे थे। लेकिन मोबाइल चालू होने के कारण उन्हें निम्बाहेड़ा से ट्रेस कर लिया गया। इतना ही नहीं एसीपी ने अपने सर्कल के एक अन्य थाने से भी अलग टीम रवाना की है। पुलिस लगातार उनकी लोकेशन ट्रैक कर रही है और आसपास के इलाकों में सर्चिंग की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, इस पूरे मामले की जानकारी अभी तक वरिष्ठ अधिकारियों को औपचारिक रूप से नहीं दी गई है और स्तर पर ही तलाश जारी है।

### महिला और छात्राओं से छेड़छाड़ बाणगंगा में बच्चों के सामने वारदात

**इंदौर।** महिलाओं से छेड़छाड़ और धमकाने के तीन मामले सामने आए हैं। बाणगंगा थाना क्षेत्र में बच्चों के साथ घूमने निकली महिला से छेड़छाड़ कर बदमाशों ने पिस्टल तान दी। वहीं, सदर बाजार और परदेशीपुरा में भी युवतियों से छेड़छाड़ के मामले दर्ज हुए हैं। तीनों मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**बाणगंगा:** 30 साल की पीड़िता ने बताया कि वह बेटी और उनके दोस्त के साथ पितृ पर्वत घूमने गई थी। लौटते समय लवकुश चौराहा के पास उनकी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया। साइड रास्ते से पेट्रोल पंप की ओर जाते समय बिना नंबर की बाइक पर सवार दो युवक उनका पीछा करने लगे। आरोपियों ने अश्लील टिप्पणियां करते हुए महिला से अभद्रता की। विरोध करने पर एक आरोपी ने महिला के साथ छेड़छाड़ की। जब महिला ने शोर मचाया तो दूसरे आरोपी ने पिस्टल निकालकर उसे और बच्चों को धमकाया। शोर सुनकर पेट्रोल पंप पर लोग जुटे तो दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों की पहचान विशाल और नितीन के रूप में की है और उनकी तलाश जारी है।

**सदर बाजार:** सदर बाजार थाना क्षेत्र में कॉलेज छात्रा ने परिचित युवक फरदीन खान के खिलाफ छेड़छाड़ और धमकी की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता के मुताबिक, आरोपी ने पहले शादी का प्रस्ताव रखा, जिसे परिवार ने ठुकरा दिया। इसके बाद वह लगातार मैसेज कर परेशान करने लगा और पीछा करने लगा। रविवार रात उसने छात्रा के भाई की हत्या की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

**परदेशीपुरा:** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में 27 वर्षीय युवती ने राकेश उर्फ गोलू चोपदार (नंदानगर निवासी) के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी लंबे समय से उसका पीछा कर रहा था। पूर्व में शिकायत के बावजूद वह नहीं माना। रविवार को आरोपी ने घर के बाहर आकर छेड़छाड़ और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई।

### तेज गाने बजाने पर विवाद के बाद दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट

**इंदौर।** खजराना इलाके में तेज आवाज में गाने बजाने को लेकर तपेश्वरी बाग में दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद के दौरान दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। डंडों से एक-दूसरे पर हमला किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दूसरे पक्ष की ओर से दुर्गेश और आनंद के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**छत्रीपुरा -** छत्रीपुरा क्षेत्र में बाइक निकालने की बात पर दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि पत्थरबाजी तक पहुंच गया। घटना में करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने सभी घायलों का मेडिकल कराकर मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक ओटकर परिवार और दूसरे पक्ष के बीच रास्ते से बाइक निकालने को लेकर कहासुनी हुई थी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद के बाद एक पक्ष के लोगों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। इसमें दूसरे पक्ष के करीब चार लोग घायल हो गए, जबकि ओटकर परिवार का एक सदस्य भी सिर में चोट लगने से घायल हुआ है। घटना के बाद माता महारानी नगर के लोग थाने पहुंच गए और वहां भी जमकर हंगामा किया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। खुफिया शाखा के जवानों ने भी मौके पर पहुंचकर भीड़ को हटाया। जानकारी के मुताबिक, देर रात दोनों पक्षों के बीच एफआईआर दर्ज होने के बाद लिखित समझौता हो गया। फिलहाल पुलिस ने किसी की गिरफ्तारी नहीं की है।

### नकद राशि ली और ऑनलाइन पेमेंट का झांसा देकर छात्र फरार

**इंदौर।** लसूड़िया इलाके में एक कुक के साथ ठगी का मामला सामने आया है, जहां हॉस्टल में रहने वाले एक छात्र ने ऑनलाइन पेमेंट का झांसा देकर नकद रुपए ले लिए और फरार हो गया। पुलिस ने मामले में आरोपी छात्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक खालसा चौकी निवासी हिम्मत सिंह पंवार ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह एक हॉस्टल में कुक है। इसी हॉस्टल में रहने वाले छात्र आदित्य मेहता (निवासी क्रिस्टल रॉक व्यू हॉस्टल, स्कीम नंबर 78) ने 16 अप्रैल को उससे पैसों की जरूरत बताते हुए 45 हजार 500 रुपए मांगे। हिम्मत सिंह ने बताया कि आरोपी ने कहा था कि उसे किसी को तत्काल भुगतान करना है और वह नकद लेकर तुरंत ऑनलाइन ट्रांसफर कर देगा। इस पर हिम्मत सिंह ने अपनी पत्नी से पैसे लेकर आरोपी को दे दिए और क्यूआर कोड के जरिए रकम वापस भेजने को कहा। आरोप है कि छात्र ने बहाना बनाया कि उसकी मां को ऑनलाइन ट्रांसफर करना नहीं आता, वह शाम को अपने पिता से बात कर रकम ट्रांसफर करवा देगा। इसके बाद वह पैसे लेकर चला गया। शाम को जब हिम्मत सिंह उसके कमरे पर पहुंचा तो वहां ताला लगा मिला। इसके बाद से आरोपी हॉस्टल नहीं लौटा। पीड़ित ने उसे कॉल और वॉट्सएप मैसेज भी किए, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। पुलिस के अनुसार आरोपी छात्र मूल रूप से अजमेर का रहने वाला है। फिलहाल उसके खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

### लसूड़िया में ई-रिक्शा कारखाने में लगी आग, शॉर्ट सर्किट की आशंका

**इंदौर।** लसूडिया इलाके में रविवार दोपहर एक ई-रिक्शा मैन्युफैक्चरिंग कारखाने में आग लग गई। सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। फायर ब्रिगेड के अनुसार, आग ऑटो शोरूम के पीछे बने कंपाउंड में स्थित ई-रिक्शा कारखाने में लगी थी। घटना के दौरान काफी दूर तक धुआं उठता दिखाई दिया। कंपाउंड में मौजूद लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी, जिसके बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। बताया जा रहा है कि आग अंदर तक फैल गई थी, जिसे एक टैंकर पानी डालकर काबू में कर लिया गया। उधर, एरोड्रम क्षेत्र के 60 फीट रोड स्थित एक शोरूम में केबल में आग लग गई। आग कुछ ही देर में अंदर तक पहुंच गई। आसपास के लोगों ने पहले खुद आग बुझाने का प्रयास किया। बाद में मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया।

---

खाद, बीज और कीटनाशक विक्रेताओं ने प्रदर्शन कर कलेक्टर को दिया ज्ञापन

# कृषि आदान विक्रेताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में कारोबार बंद रखा

## यदि मांगे नहीं मानी गई तो हम खरीफ की फसल के पहले अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन (एआईडीए) नई दिल्ली के आह्वान पर देशभर के करीब 5 लाख खाद, बीज एवं कीटनाशक तथा कृषि आदान विक्रेताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में सोमवार को अपना कारोबार बंद रखा।

इंदौर में व्यापारियों ने प्रदर्शन कर जुलूस के रूप में प्रधानमंत्री-कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। व्यापारी श्रीकृष्ण दुबे ने कहा कि दवाओं के सेंपल लेते हैं तो हमें भी परेशान किया जाता है। जबकि इसकी जिम्मेदारी उत्पादक कंपनी की होना चाहिए। अभी हम सांकेतिक हड़ताल कर रहे हैं। यदि इन्हें नहीं माना गया तो हम खरीफ की फसल के पहले अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे।

इंदौर में भी पूरे जिले के करीब 3 हजार व्यापारी इस आंदोलन में शामिल हैं। इंदौर जिले की महू, देपालपुर, सांवेर, राऊ, हातोद, खुडैल एवं अन्य ब्लाकों पर भी यह आंदोलन चलाया जाएगा।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनमोहन कलंत्री, इंदौर जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण दुबे, सचिव जितेन्द्र जैन एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय रघुवंशी ने बताया कि इंदौर-उज्जैन सहित जिला मुख्यालयों पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

व्यापारियों ने आरोप लगाया कि उर्वरक निर्माता कंपनियां सब्सिडी वाले खाद के साथ किसानों को अन्य उत्पाद खरीदने के लिए बाध्य करती है, जो किसानों का आर्थिक बोझ बढ़ाने वाला निर्णय है।

### व्यापारियों पर आ रहा अतिरिक्त भार

- प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों ने कहा कि इस जबरन लिंकिंग कारोबार को तत्काल बंद कर इसे अपराध घोषित कर पूरे देश में रोक लगाने, रासायनिक खाद की आपूर्ति व्यवस्था वर्तमान में जो डिलीवरी रेलहेड तक सीमित कर दी गई है।
- उसके कारण व्यापारियों को प्रति बैग 40 से 50 रुपए अतिरिक्त भार उठाना पड़ रहा है। जिसका सीधा नुकसान किसानों को हो रहा है। इसे भी फ्री ऑन रोड किया जाना चाहिए और खाद की डिलीवरी सीधे व्यापारी के विक्रय केंद्र तक सुनिश्चित बनाया जाना चाहिए।
- इसी तरह उर्वरक विक्रय के लिए डीलर का मार्जिन केवल डेढ़ प्रतिशत तय किया गया है। उसे बढ़ाकर 8 प्रतिशत करने की मांग की गई है।

---

भारत पर टिप्पणी से संत-महात्माओं व समाजसेवियों में नाराजगी

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की सद्बुद्धि के लिए हवन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की भारत के प्रति अपमानजनक टिप्पणी से शहर के कई संत, विद्वान और समाजसेवी नाराज हैं। ट्रम्प की सद्बुद्धि के लिए रविवार को इंदौर में महायज्ञ और हवन किया गया।

पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर सनातन संस्कृति संस्थान और श्रद्धा सुमन सेवा समिति ने और शहर के कई संत, विद्वानों, आचार्यों और महामंडलेश्वरों के सान्निध्य में महायज्ञ और हवन अनुष्ठान किया गया।

इस मौके पर वक्ताओं ने अपनी बात भी रखी उन्होंने कहा कि पूरे विश्व को गैस और तेल की आपूर्ति के संकट की आग में झोंकने, दुनिया के छोटे देशों को आर्थिक नुकसान पहुंचाने और विश्व गुरु जैसे अलंकरणों की ओर तेजी से बढ़ रहे भारत को नरक बताने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने देश के 140 करोड़ भारतीयों और सनातन धर्मावलम्बियों का अपमान किया है।

संयोजक हरि अग्रवाल ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था को बिगाड़ रखा है। जगह-जगह विश्व में महंगाई बढ़ी है। पूरे विश्व को विश्व युद्ध की ओर धकेला है। जिनको अमेरिका की जनता भी पसंद नहीं करती है। उन्होंने भारत की तुलना नरक के समान की है। उन्होंने भारतीय लोगों की भावनाओं को आहत किया है। इसलिए हमने रणछोड़ जी से प्रार्थना की है यज्ञ के माध्यम से की उन्हें सद्बुद्धि आए।

### ट्रम्प के कारण पूरे विश्व में अराजगता फैली

वहीं हंसदास मठ महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज ने कहा कि आज पूरे विश्व में डोनाल्ड ट्रम्प के कारण अराजगता फैली हुई है। विश्व अशांति के ओर जा रहा है। उन्हें सद्बुद्धि आए इसलिए हमारे सनातन धर्म परंपरा में जो वैदिक रीति है। संत महात्माओं के सान्निध्य में भगवान रणछोर हनुमान जी महाराज के समक्ष और गोमाता को साक्षी मानकर यज्ञ किया गया कि ट्रम्प को सद्बुद्धि दे। इस आयोजन में हंसदास मठ के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी रामचरण दास महाराज, अखंड धाम के महामंडलेश्वर डॉ.स्वामी चेतन स्वरूप, साध्वी आदित्य चेतना गिरी महाराज, तेजाजी नगर स्थित सिद्धेश्वर धाम के संत स्वामी अतुलानंद सरस्वती सहित बड़ी संख्या में संत महात्मा शामिल हुए।

---

# फिरदौस बी का कनेक्शन राजस्थान के चित्तौड़गढ़ के ड्रग माफियाओं से जुड़ा निकला

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

बुर्का पहनकर युवाओं को उनकी डिमांड पर एमडी ड्रग्स उपलब्ध करवाने वाली फिरदौस बी का कनेक्शन राजस्थान के चित्तौड़गढ़ के ड्रग माफियाओं से जुड़ा निकला है। इसे ड्रग्स उपलब्ध करवाने वाले नारायण के अलावा एक और ड्रग्स माफिया की जानकारी खजराना पुलिस को मिली है।

फिरदौस बी को रविवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा है, वहीं इसे ड्रग्स देने वाले नारायण से पूछताछ की जा रही है। डीसीपी जोन-2 कुमार प्रतीक ने बताया एमडी ड्रग्स के नेटवर्क में फिरदौस बी सहित 6 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। फिरदौस ने खजराना में मैरिज ब्यूरो की आड़ में युवाओं को ड्रग्स की लत लगाकर अपना ग्राहक बना लिया था। पहले गिरफ्तार हो चुके ओसामा ने चंदन नगर में पेडलर्स व युवाओं की टीम खड़ी कर ली थी।




### पति की मौत के बाद बनी तस्कर

फिरदौस बी चित्तौड़गढ़ के रहने वाले महेंद्र परिहार की पत्नी है। महेंद्र की कुछ समय पहले मौत हो गई थी। वहीं गिरफ्तार आरोपी नारायण महेंद्र का दोस्त था। दोनों एक ही गांव के रहने वाले थे। इसी कारण फिरदौस नारायण के संपर्क में आई। पति की मौत के बाद उसने एमडी ड्रग्स सप्लाय करना शुरू कर दिया था। दिखावे के लिए मैरिज ब्यूरो खोल रखा था।

---

दुकानदार-सुपरवाइजर के बीच कहासुनी

### मंडी में चाकू दिखाकर धमकाया, एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

चोइथराम मंडी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। यह वीडियो गुरुवार का बताया जा रहा है, जो रविवार को सामने आया। मामले में अफसरों ने एफआईआर दर्ज करने की बात कही है। वहीं, एक अन्य मामले में अतिक्रमण हटाने गए रिमूवल टीम के सुपरवाइजर से दुकानदार की कहासुनी हुई है। पहला मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है। यहां एक एसआई दो दिन से आरोपी को मिलने के लिए बुला रहा था। जब वह नहीं पहुंचा, तो उसका वीडियो वायरल कर दिया गया। शुरूआत में इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हुई थी। प्रवेश को व्यापारियों के माध्यम से लगातार कॉल कर मिलने के लिए कहा जा रहा था और नहीं मिलने पर वीडियो वायरल करने की चेतावनी दी गई थी। बाद में रविवार को वीडियो वायरल हो गया। पुलिस अब प्रवेश की तलाश कर रही है।

सराफा बाजार में रविवार को फुटपाथ से सामान हटाने के दौरान एक दुकानदार और रिमूवल गाड़ी में काम करने वाले सुपरवाइजर के बीच कहासुनी हो गई। इस दौरान आरोपी ने नुकीली वस्तु से सुपरवाइजर का सिर फोड़ दिया। पुलिस ने मामले में घायल निगमकर्मी का मेडिकल कराया है।

स्कूल किराये पर देना है
नर्सरी से आठवी मान्यता प्राप्त (एमपी बोर्ड) स्कूल किराये पर देना है।
लोकेशन- घोंसला के पास, महिदपुर रोड पर
टोटल एरिया 28500 स्क्वेयर फीट
प्लेज ग्राउंड एवं संपूर्ण फर्नीचर के साथ
6000 स्क्वेयर फीट पर बिल्डिंग बना हुआ।
मो. 8770738811

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियाँ व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com